

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में तंबाकू के अभिशाप से खुद को रखिए सुरक्षित व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष तृतीया विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 34, अंक 119, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 44.0° अधिकतम तापमान | 31.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 17 सूर्यास्त 18 : 55

लखनऊ, रविवार, 26 मई 2024


खुद एक्शन करेंगे सलमान...15

## गर्मी के चलते बढ़ी बिजली की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में बिजली मांग शुक्रवार को चालू सत्र की नई ऊंचाई 239.96 गीगावाट पर पहुंच गई। देश के विभिन्न हिस्सों में पारे के बढ़ते स्तर के कारण एयर कंडीशनर (एसी) और कूलर जैसे उपकरणों के अत्यधिक उपयोग के कारण बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची है।

बिजली की अधिकतम मांग या दिन में सबसे अधिक आपूर्ति शुक्रवार को 239.96 गीगावाट दर्ज की गई, जो इस साल गर्मी के मौसम में अब तक की अधिकतम है। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक गुरुवार को यह 236.59 गीगावाट थी, जबकि बुधवार को बिजली की अधिकतम मांग 235.06 गीगावाट थी। बिजली की मांग का सर्वकालिक उच्च स्तर 243.27 गीगावाट सितंबर, 2023 में दर्ज किया गया था। इस गर्मी के मौसम में यह रिकॉर्ड टूट सकता है।

### टूट सकता है रिकॉर्ड



- शुक्रवार को अधिकतम आपूर्ति 240 गीगावाट पर पहुंची

### बंद इकाइयां चालू नहीं बिजली संकट बरकरार

**लखनऊ।** प्रदेश में बंद चल रहीं बिजली उत्पादन इकाइयां शनिवार को चालू नहीं हो सकीं, इस बीच टांडा बिजलीघर की 110 मेगावाट क्षमता की एक इकाई ठप हो गई। इससे प्रदेश में बिजली संकट लगातार बना हुआ है। पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार अनपरा की 500 मेगावाट, ललितपुर की 660 मेगावाट व ओबरा की दो सौ मेगावाट इकाई बंद चल रही है। इससे 1470 मेगावाट उत्पादन घट गया है। प्रदेश में बिजली की प्रतिबंधित मांग 28,714 मेगावाट रही।

## रिटायर्ड आईएएस की पत्नी की गला घोंटकर हत्या

- बाथरूम से सटे चेंजिंग रूम के फर्श पर पड़ा मिला शव कर्मचारियों से हो रही पूछताछ
- इंदिरानगर के सेक्टर-20 में शनिवार सुबह हुई वारदात, घटना के खुलासे को लगाई गईं 4 टीमें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रिटायर्ड आईएएस अधिकारी देवेंद्र नाथ दुबे की दूसरी पत्नी मोहिनी दुबे (58) की दिनदहाड़े गला घोंटकर हत्या कर दी गई। उनका शव कमरे से अटैच बाथरूम के पास बने चेंजिंग रूम में पड़ा मिला। हत्यारे घर के सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी उखाड़कर ले गए।

पुलिस घर के नौकर, चालक व कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है। पास के सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध युवक दिखे हैं। जो तीन दिनों से कालोनी के चक्कर लगा रहे थे। खुलासे के लिए पुलिस की चार टीमें लगाई गई हैं। मंडलायुक्त के पद से वर्ष 2009 में सेवानिवृत्त मूलतः कन्नौज निवासी देवेंद्र नाथ दुबे इंदिरानगर सेक्टर-20 में मकान नंबर 20/31 में पहली मंजिल पर रहते हैं। दूसरी पत्नी मोहिनी दुबे साथ रहती थीं। भूतल पर किराएदार रहता था। जो पिछले सप्ताह अन्यत्र चला गया था।



मोहिनी दुबे (फाइल फोटो)

देवेंद्र नाथ की पहली पत्नी मीना से दो बेटे प्रांजल और प्रतीक हैं। बड़ा बेटा प्रांजल नोएडा में रहता है, जबकि छोटा प्रतीक राजधानी के तकरोही में रहता है। शनिवार सुबह 7 बजे देवेंद्र नाथ गोल्फ खेलने निकल गए। 10 बजे के करीब लौटे तो मेन गेट और चैनल खुला था। कमरे के साथ बने बाथरूम के चेंजिंग रूम में मोहिनी का शव पड़ा था। सिर के पास फर्श पर खून फैला था, पास में दुपट्टा पड़ा था।

### दुपट्टे से गला घोंटा, सिर पर चोट के निशान

एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल ने बताया कि मोहिनी के गले में कसाव के निशान थे। सिर के पिछले हिस्से से खून बह रहा था। उनका दुपट्टा पास में पड़ा था। देर शाम को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटने से मौत की पुष्टि हुई। रिपोर्ट में आशंका जताई गई कि सिर पर वार किया गया जिससे गंभीर चोट लगी। पुलिस के मुताबिक गला घोंटने के दौरान खींचतान में मोहिनी गिर गईं और सिर में चोट लगी होगी।

### सुबह 7.15 से 8 बजे के बीच हुई वारदात

पुलिस की जांच में वारदात सुबह 7.15 से 8 बजे के बीच की बताई जा रही। एसीपी गाजीपुर के मुताबिक आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए हैं। पूर्व आईएएस अफसर के दो चालक, माली और चार नौकरों से पूछताछ की जा रही है।






## छठा चरण : उप्र की 14 लोकसभा सीटों पर 54.02 प्रतिशत मतदान

### अंबेडकरनगर में सबसे अधिक 61.54%, सबसे कम 48.94% फूलपुर सीट पर वोटिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों पर शाम 6 बजे तक औसत 54.02 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे ज्यादा 61.54 प्रतिशत मतदान अम्बेडकरनगर सीट पर व सबसे कम 48.94 प्रतिशत मतदान फूलपुर सीट पर हुआ। छिटपुट घटनाओं के बीच सभी सीटों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ। बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा सीट पर 51.10 प्रतिशत मतदान हुआ। फर्रुखाबाद लोकसभा के एक मतदान स्थल प्राथमिक विद्यालय खिरिया पमारान पर पुनर्मतदान 73.99 प्रतिशत हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सुल्तानपुर में 55.50 प्रतिशत, प्रतापगढ़ में 51.60, इलाहाबाद में 51.75, श्रावस्ती में 52.76, डुमरियागंज में 51.94, बस्ती में 56.67, संत कबीरनगर में 52.63, लालगंज (अजा) में 54.14, आजमगढ़ में 56.07, जौनपुर में 55.52, मछलीशहर (अजा) में 54.43 व भदोही सीट पर 53.07 प्रतिशत मतदान हुआ।



प्रतापगढ़ में प्राथमिक विद्यालय कटरा मेदनीगंज में लगी मतदाताओं की लाइन।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान कई मतदान केंद्रों पर ईवीएम खराब होने की शिकायत मिली। जहां कहीं भी शिकायत प्राप्त हुई हैं, वहां तत्काल प्रभावी कार्रवाई करते हुए ईवीएम व वीवीपैट को बदलने की कार्रवाई की गई। मॉक पोल के दौरान कुल 191 बैलेट यूनिट, 251 कंट्रोल यूनिट व 291 वीवीपैट बदले गए। विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र गैसड़ी में मॉकपोल के दौरान दो बैलेट यूनिट, 10 कंट्रोल यूनिट व आठ वीवीपैट बदले गए। मतदान शुरू होने के बाद शाम छह बजे तक एक बैलेट यूनिट, एक कंट्रोल यूनिट व चार वीवीपैट बदले गए।

### 14,480 मतदेय स्थलों पर हुई वेबकास्टिंग

मतदान की प्रक्रिया के प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए 14,480 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई, इसके अलावा 5057 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई।

### देशभर में 58 सीटों पर 59 प्रतिशत से अधिक वोटिंग

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी और प. बंगाल में कुछ केन्द्रों पर छिटपुट झड़प के बीच लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 58 सीटों पर शनिवार को शाम पांच बजे तक 59.01 प्रतिशत मतदान हुआ। प. बंगाल में सर्वाधिक 78.19% जबकि उत्तर प्रदेश में 54.03% मतदान हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, विदेश मंत्री एस जयशंकर, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल और कई लोगों ने वोट डाले। जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी सीट पर 52.28% मतदान हुआ जो 35 वर्ष का रिकॉर्ड है। इससे पहले श्रीनगर और बारामूला सीट पर भी रिकॉर्ड मतदान हुआ था।

**अनंतनाग-राजौरी में बना 35 वर्षों का रिकॉर्ड**

## राजकोट के गेम जोन में लगी आग, बच्चों समेत 27 की मौत

- शाम 4:30 बजे लगी आग राहत व बचाव अभियान जारी
- एसआईटी को जांच, मृतकों के परिजन-घायलों को आर्थिक मदद देने की घोषणा

राजकोट, एजेंसी

गुजरात के राजकोट शहर में शनिवार शाम 'गेम जोन' में भीषण आग लगने से बच्चों समेत 27 की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि गेमिंग गतिविधियों के लिए निर्मित फाइबर के ढांचे में शाम साढ़े चार बजे आग लग गई, जिसके बाद प्रभावित टीआरपी गेम जोन में राहत एवं बचाव अभियान पांच घंटे से जारी है। आग से ढांचा ध्वस्त हो गया।

एसीपी विनायक पटेल ने बताया कि अब तक 27 लोगों की मौत हुई है। जल चुके शवों की पहचान मुश्किल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नाना-मावा रोड स्थित गेम जोन में हादसा उस समय हुआ जब बच्चों सहित कई लोग खेल रहे थे। राजकोट डीएम प्रभाव जोशी ने बताया कि गेम जोन में आग लगने की सूचना अग्नि नियंत्रण कक्ष को शाम 4:30 बजे मिली। दमकल गाड़ियां और एंबुलेंस मौके पर हैं और मलबा हटाया जा रहा है। हालांकि, आग लगने का सही कारण पता नहीं चल पाया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से इस संबंध में बात की। मुख्यमंत्री पटेल ने हर मृतक के परिजनों को चार लाख तथा घायल को 50,000 की राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने घटना की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। घटना के बाद राजकोट के पुलिस आयुक्त राजू भार्गव ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच होगी और सभी गेमिंग जोन को परिचालन बंद करने को कहा गया है।



गेमिंग जोन में आग लगने के बाद बचाव और राहत कार्य करते कर्मचारी। ● एजेंसी

### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के राजकोट में 'गेम जोन' में आग लगने की घटना में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। सोशल मंच 'एक्स' पर मुर्मू ने कहा कि 'गेम जोन' में लोगों की मौत के बारे में जानकर मुझे गहरा दुख हुआ है। मैं ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी शोक संवेदना व्यक्त की। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना पर दुख व्यक्त किया। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि राजकोट त्रासदी ने हम सभी को दुखी किया है। मैंने फोन पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई पटेल से राहत कार्यों के बारे में जानकारी ली है।

## एक नजर

### कैमूर में हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**भभुआ।** बिहार में कैमूर जिले के भभुआ थाना क्षेत्र से पुलिस ने 7.560 ग्राम हेरोइन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि सिगठी प्राथमिक विद्यालय के पास पुलिस गश्त पर थी। तभी दो लोग भागते दिखे। पुलिस ने पीछा कर उन्हें दबोचा। तलाशी में उनके पास से 7.560 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। भभुआ के आकाश और राजेश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### जम्मू-कश्मीर के सांबा में टैंक रोधी बारुदी सुरंग मिली

**सांबा/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में शनिवार को नदी के तट पर टैंक रोधी जंग लगी बारुदी सुरंग मिली। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार अपराह्न एक ग्रामीण ने बैंगलर गांव के पास बसंतर नदी के तट पर टैंक रोधी यह बारुदी सुरंग देखी। ग्रामीण ने संबंधित पुलिस चौकी को इस बारे में सूचित किया और सुरंग को निष्क्रिय करने के लिए बम निरोधक दस्ता मौके पर भेजा गया।

### हवालात में आत्महत्या पूरा थाना लाइन हाजिर

**जयपुर।** राजस्थान के ब्यावर जिले के जैतारण थाना क्षेत्र में अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी के हवालात में आत्महत्या करने के मामले में पूरा थाना लाइन हाजिर कर दिया गया है। ब्यावर जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह चौधरी ने शनिवार को बताया कि मामले में थानाधिकारी सहित थाने के सभी पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर पुलिस लाइन भेज दिया गया है।

### निर्दलीय विधायक की हृदयाघात से मौत

**गुरुग्राम/चंडीगढ़।** बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय विधायक राकेश दौलताबाद की शनिवार सुबह दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि 45 वर्षीय विधायक को सुबह दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया।

## वंचितों का जो अधिकार, मोदी उसका चौकीदार

ब्यूरो/एजेंसी, लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन में जितनी पार्टियां हैं उनके अंदर कुछ अवगुण समान हैं। ये घोर साम्प्रदायिक, घोर जातिवादी और घोर परिवारवादी हैं। इन्होंने बाबा साहब का अपमान किया, रामनाथ कोविंद का अपमान किया, एक आदीवासी महिला राष्ट्रपति का अपमान किया। महाराज सुहेलदेव को इन्होंने कभी सम्मान नहीं दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा, ये लोग दलितों का आरक्षण छीन कर उसे मुस्लिमों को देने का षडयंत्र कर रहे हैं। कर्नाटक में उन्होंने रातों रात मुसलमानों को ओबीसी बना दिया। बंगाल में इनका बहुत बड़ा षडयंत्र खुल गया है। पूरा इंडी गठबंधन आरक्षण की लूट में शामिल है। मोदी इनसे लड़ाई लड़ रहा है। जबतक मोदी जिंदा है एससी, एसटी ओबीसी का आरक्षण किसी हालत में छीनने नहीं देगा। यह भी जोड़ा कि वंचितों का जो अधिकार है, मोदी उसका चौकीदार है। प्रधानमंत्री शनिवार को गाजीपुर के आरटीआई मैदान में भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने यहां मुख्यमंत्री योगी की तारीफ करते हुए कहा है कि उप्र. सरकार में आज दंगे भी बंद हो चुके हैं और दंगाई भी। मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन तुष्टिकरण में हर हद पार कर रहा है। सपा नेता राममंदिर को बेकार बताते हैं। कांग्रेस के शहजादे राममंदिर पर ताला लगाना चाहते हैं। जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर, कैबिनेट मंत्री व निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद, राज्यसभा सांसद संगीता बलवंत, अमरपाल मौर्य, विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल आदि मौजूद रहे।



चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी।

- प्रधानमंत्री मोदी ने गाजीपुर लोस सीट के लिए चुनावी जनसभा को किया संबोधित

## श्रद्धालुओं की बस पर पलटा डंपर, नौ की मौत

- पूर्णागिरि जा रहे थे श्रद्धालु, 20 से ज्यादा लोग घायल
- खुटार में ढाबे पर खाना खाने के लिए रोकी थी बस

संवाददाता, खुटार (शाहजहांपुर)

**अमृत विचार :** सीतापुर से पूर्णागिरि धाम जा रही श्रद्धालुओं की बस पर बजरी से भरा डंपर पलट गया। दुर्घटना में नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि 20 से ज्यादा घायल हो गए।

सीतापुर के थाना कमलापुर के गांव जटहा के श्रद्धालु निजी बस से पूर्णागिरि धाम जा रहे थे। शनिवार देर रात करीब 11:30 बजे खुटार-गोला रोड पर बनकटा मोड़ पर रिषि ढाबा के पास खाना खाने के लिए श्रद्धालुओं ने बस सड़क किनारे रुकवाई। इस बीच बजरी से भरा डंपर ढाबे से निकल रहा था। ढाल होने के कारण डंपर बस के ऊपर पलट गया और श्रद्धालु दब गए। चीख-पुकार सुनकर बड़ी संख्या में लोग जुट गए और बस में दबे लोगों को निकालने लगे। पुलिस भी पहुंच गई। जेसीबी और क्रेन की मदद से श्रद्धालुओं को निकाला गया। सभी घायलों को खुटार सीएचसी भेजा गया। जहां से कई को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

दुर्घटना की जानकारी पाकर डीएम, एसपी भी मौके पर पहुंच गए। खुटार सीएचसी प्रभारी डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि कई की हालत गंभीर है। मृतकों में सीमा (12) पुत्री रामस्नेही, अजीत (15) पुत्र रूपेश, सुमन देवी (36) पत्नी गंगाराम, आशीष (8) पुत्र गंगाराम , मुन्नी देवी (47) पत्नी छोटेलाल और शिव शंकर (50) शामिल हैं। तीन मृतकों का नाम ज्ञात नहीं हो सका। गंभीर रूप से घायल स्वान मती, रितिक, मिस्टी, बिट्टू आदि को शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया।



हादसे के बाद जेसीबी से डंपर को हटाते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

## महाराष्ट्र में हाईकोर्ट का जज बताकर जिला जज से ठग लिए 50 हजार रुपये

- साइबर जालसाज ने दुबारा पैसे मांगे तब हुआ जज को संदेह

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र में साइबर जालसाज ने खुद को हाईकोर्ट का जज बताकर सोलापुर के जिला न्यायाधीश से 50 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने शनिवार को बताया कि साइबर जालसाज ने बम्बई हाईकोर्ट के एक न्यायाधीश की तस्वीर को व्हाट्सएप डिस्प्ले पिक्चर (डीपी) के रूप में प्रयोग किया था।

मुंबई पुलिस ने शुक्रवार को हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की। शिकायत के अनुसार जिला जज को शुक्रवार को एक फोन नंबर से व्हाट्सएप पर संदेश मिला था, जिसमें डीपी पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश की तस्वीर लगी थी। जिला जज हाईकोर्ट के जज से परिचित थे और संदेश भेजने वाले ने 50 हजार रुपये मांगे थे और वह शाम तक वापस करने को कहा था। बिना कुछ पड़ताल किए जिला जज ने पैसा भेज दिया, लेकिन उन्हें एक और संदेश मिला, जिसमें उनसे और पैसे मांगे गए थे। इस पर जिला जज को संदेह हुआ।

जिला जज ने हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार कार्यालय से संपर्क किया तो पता चला कि जिस न्यायाधीश की तस्वीर का इस्तेमाल हुआ था और उन्होंने कभी पैसे नहीं मांगे थे।

### नकली सीबीआई अफसर ने 19 लाख ठगे

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान में श्रीगंगानगर के जवाहरनगर थाना क्षेत्र में सीबीआई के नकली अधिकारी ने एक वकील की पत्नी को मनी लॉन्ड्रिंग एवं हवाला मामले में गिरफ्तारी का भय दिखाकर 19 लाख रुपये ठग लिए। अग्रसेननगर निवासी मीरा सूद की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मीरा को 21 मई को फोन कॉल आई, जिसमें कॉलर ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया।

**कुदरत** | मैगलगंज से 16 किमी दूर गांव धोबिया में स्थित है तपोवन सिद्धाश्रम

## गोमती नदी को जीवन दे रहे तपोवन के प्राकृतिक जलस्रोत

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** आम तौर पर मैदानी इलाके में प्राकृतिक जल स्रोत होने की कल्पना नहीं की जा सकती, लेकिन खीरी जनपद की सीमा पर हरदोई जिले में स्थित पिहानी अंतर्गत ग्राम पंचायत धोबिया के तपोवन सिद्धाश्रम में एक-दो नहीं, दर्जनों प्राकृतिक जलस्रोत न सिर्फ यहां की रमणीयता को बढ़ाते हैं बल्कि पास से निकली गोमती नदी को जीवनदान दे रहे हैं। गुलाब जामुन के लिए मशहूर कस्बा मैगलगंज से 16 किलोमीटर दूर दक्षिण दिशा में स्थित बियाबान जंगल में यह आश्रम स्थित है। आश्रम को सिद्ध पुरुष स्वामी तारेश्वरानंद (नेपाली बाबा) ने बनाया था। वर्तमान में उनके शिष्य स्वामी नारायणानंद यहां के महंत हैं, जिनकी देखरेख में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है।



तपोवन सिद्धाश्रम में स्थित प्राकृतिक जलस्रोत में मस्ती करते बच्चे।

महंत के बुलावे पर वर्ष 2018 में यहां आए तत्कालीन डीएम पुलकित खरे ने अनेक जलस्रोत देखे तो बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने सबसे बड़े जल स्रोत के सौंदर्यीकरण और उसे पर्यटन के लिहाज से बनाने के लिए अभियंताओं की टीम बनाई। उनके प्रयास से 17 अगस्त 2019 में प्राकृतिक जलस्रोत का सौंदर्यीकरण हो गया, जिसका उन्होंने लोकार्पण किया। प्राकृतिक जलस्रोत के चारो ओर सजावटी पत्थर लगाकर आकर्षक कुंड बनवा दिए। जलस्रोत के कुंड को अलग कर दिया ताकि उसे नुकसान न पहुंचे। पुलकित खरे ने तपोवन के सिद्ध आश्रम में क्षीर सागर, शांति कुटी, पर्यटन विश्राम स्थल, सत्संग स्थल सहित कई मूर्तियों और बैठने के लिए बेंच बनवाए। आश्रम के महत्व को दर्शाने वाले शिलापट भी लगवाए। सफाई कराकर प्राकृतिक जल स्रोतों को भी खुलवाया। गोमती संरक्षण अभियान के अगुआ और गोमती नदी के आसपास की सांस्कृतिक विरासत को संकलित कर रहे सुशील सीतापुरी कहते हैं कि इन जलस्रोतों का पानी पूरे साल नदी में गिरता रहता है।

आश्रम में स्थित शिव मंदिर के शिवलिंग से हर समय जलधारा निकलती रहती है, जिसे देखने लोग दूर-दूर से आते हैं।

### तपोवन का कोई विकल्प नहीं : सीतापुरी



चपरतला खीरी की स्वयंसेवी संस्था सेवा सदन की ओर से सुशील सीतापुरी के संयोजन में 'मैं तुम्हारी गोमती हूं अभियान' की शुरुआत दिसंबर 2019 से की गई। अभियान का उद्देश्य गोमती की सांस्कृतिक विरासत का सर्वेक्षण और संकलन करना है। उनका निष्कर्ष है कि हरदोई के धोबिया गांव स्थित तपोवन के प्राकृतिक जल स्रोतों से दो किमी दूर बहती गोमती को पूरे साल नियमित जलापूर्ति होती है। इस नाते धोबिया के प्राकृतिक जल स्रोत ही गोमती के लिए 'वरदान' हैं। प्राकृतिक जल स्रोतों के मामले में तपोवन (धोबिया) का कोई विकल्प नहीं है।

## एक नजर

### शिक्षकों को आईआईटी गुजरात से मिलेगा प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 का निजी कॉलेजों की अपेक्षा फिसड्डी परिणाम देने वाले सरकारी कॉलेजों के गणित और विज्ञान विषय के शिक्षक गांधी नगर आईआईटी जाकर शिक्षण के रोचक ढंग सीखेंगे। इसके लिए 200 शिक्षकों को दो चरणों में विमान द्वारा गुजरात भेजा जाएगा। राज्य परियोजना निदेशालय की तैयार योजना के मुताबिक इसके लिए 5 से 9 जून पहला चरण और दूसरा चरण 24 से 28 जून निर्धारित किया गया है। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षकों को भी निर्देश जारी किए गये हैं।

### गरीबों के बुरे दिन दूर नहीं हुए : मायावती

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि केन्द्र में यूपीए हो या फिर वर्तमान की एनडीए सरकार, कुछ मुठठी भर लोगों को छोंड़कर देश के लगभग 125 करोड़ गरीब व मेहनतकश जनता के बुरे दिन दूर नहीं हुए हैं। उन्हें आत्म-सम्मान के साथ रोटी-रोजी का बुनियादी हक नहीं मिल रहा है। मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स में पोस्ट करते हुए कहा कि महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी जैसी राष्ट्रीय समस्याओं से मुक्ति की चिंता करते हुए, सरकार चुनने का संकल्प के साथ मतदान करना होगा। तभी बहुजन हिताय व बहुजन सुखाय संभव है। उन्होंने कहा कि अच्छी सरकार के लिए आपका वोट जरूरी है।



बलिया में आयोजित चुनावी जनसभा में भाजपा पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

# विपक्षियों का घोषणा पत्र देश के साथ गद्दारी करने वाला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी ने सलेमपुर, बलिया, चंदौली और गाजीपुर लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को किया संबोधित
- तालिबानी शासन लागू करना चाहती है कांग्रेस, हर बड़े माफिया को सपा की सरपरस्ती

**अमृत विचार:** कांग्रेस सत्ता में आएगी तो तीन तलाक की कुप्रथा को फिर से शुरू करा देगी। विपक्षियों का घोषणा पत्र देश के साथ गद्दारी करने वाला है। कांग्रेस का घोषणा पत्र कहता है कि वह भारत में पर्सनल लॉ को लागू करेगा। इसका मतलब देश में शरिया कानून की इजाजत मिल जाएगी। इस तालिबानी कानून के चलते बेटियों को स्कूल जाने से वंचित कर दिया जाएगा।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बलिया की सलेमपुर लोकसभा, बलिया लोकसभा, चंदौली लोकसभा और गाजीपुर लोकसभा में प्रचार के दौरान कही। इस दौरान योगी ने लोकसभा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट की अपील की।

### सत्ता पाने के लिए लेते हैं झूठ का सहारा

योगी ने सलेमपुर लोस. की जनसभा में इंडी गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि ये लोग सत्ता पाने के लिए झूठ का सहारा लेते हैं। कहते हैं कि भाजपा संविधान बदल देगी जबकि इनका घोषणा पत्र कहता है कि सत्ता में आने के बाद ओबीसी का आरक्षण मुसलमानों को बांट देंगे, पर्सनल लॉ लागू करेंगे।

### तेजी से हो रहे बाढ़ बचाव के लिए कार्य

बलिया में योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने यहां राजकीय पॉलीटेक्निक, राजकीय महाविद्यालय, इंटर कॉलेज दिया है। बस स्टैंड भी बन रहा, मेडिकल कॉलेज, वॉटर वे निर्माण और बाढ़ बचाव के लिए कार्य भी तेजी से हो रहे हैं। अब यहां पर अराजक वातावरण में नहीं बल्कि शांति से रहते हैं

### भय और आतंक के साये में जीते थे

मुख्यमंत्री ने चंदौली की जनसभा में कहा कि आज सबसे अधिक वॉटर वे का लाभ चंदौलीवासियों को ही मिल रहा है। योगी ने गाजीपुर की जनसभा में कहा कि एक समय था, जब गाजीपुर हो आजमगढ़, मऊ हो या आसपास के जिले भय और आतंक के साये में जीते थे।



गोरखपुर में संयुक्त चुनावी जनसभा में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव। अमृत विचार

# भाजपा के डबल इंजन टकरा रहे, निकल रहा धुआं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अखिलेश यादव ने देवरिया और गोरखपुर सीट से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में की जनसभा
- गठबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में आयोजित जनसभा को प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी किया संबोधित

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने फिर दावा किया है कि जो लोग 2014 में आए थे 2024 में उनकी विदाई तय है। 140 करोड़ की जनता भाजपा को 140 सीटों पर ही निपटा देगी। लोग भाजपा के झूठे वादों पर भरोसा नहीं कर रहे है। भाजपा के डबल इंजन आपस में टकरा रहे हैं। उनसे धुआं निकल रहा है।

अखिलेश यादव ने शनिवार को देवरिया लोस सीट से कांग्रेस पार्टी इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह के लिए पथरदेवा में और सपा इंडी गठबंधन की गोरखपुर लोस. से प्रत्याशी काजल निषाद के पक्ष में रामगढ़ ताल के निकट संयुक्त चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए प्रत्याशियों को जिताने की अपील की।

### भाजपा के लोग स्तरहीन बात करते हैं

वहीं, गोरखपुर में इंडिया गठबंधन सपा की प्रत्याशी काजल निषाद के समर्थन में आयोजित जनसभा कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विपक्ष के नेताओं के खिलाफ ऐसे शब्दों का प्रयोग करते हैं, जो प्रधानमंत्री पद की गरिमा के अनुरूप नहीं है। मोदी ने प्रधानमंत्री पद की गरिमा गिराई है। इनकी असलियत देश के सामने आ गई है। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा के लोग स्तरहीन बात करते हैं। वह महंगाई बेरोजगारी की बात नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन कांग्रेस, सपा सभी ने मिलकर बहुत मजबूती से चुनाव लड़ा है। इंडिया गठबंधन किसानों गरीबों और जनता के हित में फैसला लेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के पहले चरण से ही जनता ने अपने हाथों में चुनाव की कमान संभाल ली है।

### जनसभा में ये रहे मौजूद

गोरखपुर की संयुक्त चुनावी जनसभा में कांग्रेस की नेता प्रियंका गांधी के साथ कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे, सपा के जिला अध्यक्ष बृजेश गौतम, महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी, रामरति निषाद, अमरेश निषाद पूर्व विधायक यशपाल रावत समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# कहीं ईवीएम खराब तो कहीं फर्जी मतदान की अफवाह

## छठा चरण: मतदान के दौरान अलग-अलग घटनाओं को लेकर निर्वाचन आयोग में दर्ज कराईं शिकायतें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सोशल मीडिया पर सामने आती रहीं विपक्ष की शिकायतें

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में मतदान के दौरान अलग-अलग चुनाव क्षेत्रों में विपक्ष की ओर से निर्वाचन आयोग में शिकायतें दर्ज करायीं गईं है। कहीं ईवीएम खराब होने, कहीं फर्जी मतदान तो कहीं प्रत्याशी के आचार संहिता का पालन न करने की भी घटनाएं सामने आयीं। कहीं-कहीं सपा और भाजपा समर्थकों के बीच छिटपुट झड़प भी हुई।

इस क्रम में प्रयागराज के करेली में शनिवार की दोपहर एक मतदान स्थल पर सहायक पुलिस आयुक्त पुष्कर वर्मा के साथ नोंकझोंक के बाद पूर्व सांसद और सपा के वरिष्ठ नेता रेवती रमण सिंह को पुलिस ने हिरासत में ले लिया गया। उधर, सपा ने एक्स पर पोस्ट करते हुए आरोप लगाया है कि अंबेडकरनगर लोकसभा की टांडा विधानसभा में बूथ संख्या 161 पर बीएलओ की भाजपा समर्थकों ने पिटाई की इसके अलावा उसे धमकी देकर बूथ से निकाला।

वहीं, बस्ती लोकसभा के सदर विधानसभा में एक बूथ पर भाजपा के नेताओं द्वारा फर्जी मतदान का आरोप भी सपा ने लगाया। इसके अलावा आरोप लगा कि एक अन्य बूथ पर सपा एजेंट द्वारा रोके जाने पर उसके साथ मारपीट की गई है।

ऐसे ही आरोप जौनपुर लोकसभा की मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा में बूथ संख्या 385 के लिए भी सामने आए। यहां चर्चा रही कि भाजपा के लोगों द्वारा फर्जी मतदान कराया जा रहा है। इतना ही शाहगंज विधानसभा के बूथ संख्या-136 पर भाजपा के लोगों द्वारा मतदान बाधित करने और सुलतानपुर लोकसभा के बूथ संख्या-86 पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सपा के लोगों को डराने धमकाने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष मतदान के लिए आयोग से संज्ञान लेने की अपील की है।

आजमगढ़ में सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव ने सुबह कई मतदान केंद्रों का दौरा किया और पत्रकारों से बातचीत में अपनी जीत का भरोसा जताया। जौनपुर से भाजपा उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह ने जौनपुर जिले के मल्हनी क्षेत्र के सहोदर पुर में अपने परिवार के सदस्यों के साथ मतदान किया और लोगों से मतदान की अपील की।

समाजवादी पार्टी ही नहीं कांग्रेस की ओर से भी एक्स पोस्ट करके अंबेडकर नगर के इंडी गठबंधन प्रत्याशी लालजी वर्मा को नजरबंद किये जाने की सूचना दी गई। इस पोस्ट में कहा गया कि, भाजपा सरकार हार के डर से इतना बौखलाई हुई है कि खुलेआम तानाशाही पर उतर आई है। कांग्रेस ने इसी पोस्ट में भारत निर्वाचन आयोग का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा, सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर हमारे गठबंधन के प्रत्याशी को घर से बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा है व मतदाताओं को धमकाया जा रहा है। वहीं भाजपा समर्थकों ने भी सपा कार्यकर्ताओं पर दबंगई दिखाने का आरोप लगाया।

### सुचारू चला मतदानः आंद्रा वामसी



जिलाधिकारी बस्ती आंद्रा वामसी ने हरैया विधान सभा (307) के बूथ नंबर 192 पर धीमी वोटिंग और पार्टी के एजेंट को भगाने के संबंध में की गई शिकायत को निराधार करार दिया। उन्होंने बताया कि मतदान सुचारू रूप से चलता रहा। जहां भी ईवीएम को बदलने की स्थिति हुई तुरंत बदला गया और ईवीएम व वीवीपैट मशीन में कुछ स्थलों पर आई तकनीकि खराबी को समय रहते सही किया गया। वहीं, कोतवाली सदर पुलिस ने जिलाधिकारी को जानकारी दी कि फेसबुक पर वीवीपैट का फोटो वायरल करने वाले अरविन्द चौधरी पुत्र रामजीत चौधरी निवासी मनहनडीह थाना कोतवाली बस्ती नामक व्यक्ति हिरासत में लिया गया है। उस पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### अखिलेश ने स्ट्रांग रूम की बिजली कटने पर किया सचेत

शनिवार को मतदान के बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करके स्ट्रांग रूम में रखी ईवीएम में छेड़छाड़ की आशंका जाहिर की। उन्होंने शिकायत में कहा कि हमीरपुर के स्ट्रांग रूम में पांच बार बिजली जा चुकी है। उन्होंने चुनाव आयोग से संज्ञान लेने को भी कहा है। अखिलेश यादव ने पोस्ट में लिखा, हमीरपुर में जहां चुनाव के बाद ईवीएम रखे हैं वहां के स्ट्रांग रूम में पांचवी बार बिजली कटी है। चुनाव आयोग और स्थानीय प्रशासन इसका तुरंत संज्ञान लें। सभी सपा प्रत्याशियों और जुझारू कार्यकर्ताओं से यही अपील है कि इसी तरह पूरे प्रदेश में, ईवीएम के स्ट्रांग रूम पर निगाह रखें और गड़बड़ी की किसी भी आशंका की सूचना हमें दें।

# 40,175 ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान



छठे चरण की चुनाव संबंधी जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 14 सामान्य प्रेक्षक, आठ पुलिस प्रेक्षक थे तैनात

**अमृत विचार:** छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों पर 40,175 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पोस्टल बैलेट के जरिये अर्ह श्रेणियां 85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता, दिव्यांग, अनिवार्य सेवायें व मतदान कार्मिकों ने मतदान किया।

इसके अलावा कुल 35,532 सेवा मतदाताओं को भी रिटर्निंग अधिकारी के जरिये इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (ईटीपीबीएस) से पोस्टल बैलेट की व्यवस्था की गई। 12,494 कार्मिकों को ईडीसी जारी किया गया है। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग की ओर से 14 सामान्य प्रेक्षक, आठ पुलिस प्रेक्षक व 18 व्यय प्रेक्षक तैनात किये गये थे। इसके अलावा 2,192 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 282 जोनल मजिस्ट्रेट, 24 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 2,833 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये।

# प. बंगाल में की थी चोरी वाराणसी से गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊः** पश्चिम बंगाल के उत्तरदीनापुर जिले में एक कारोबारी के बंद मकान में लाखों की चोरी करने वाले आरोपी को शनिवार वाराणसी से गिरफ्तार किया गया है। स्थानीय पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से चोर को पहचाना था। मामला बढ़ने के बाद आसपास के प्रदेशों की पुलिस चोर को तलाशने लगी।

उत्तरदीनापुर जिले के कारोबारी सुभाशीष कुंड अपनी पत्नी का इलाज कराने बंगलूरू गए थे। घर खाली देख वाराणसी निवासी अर्जुन पासवान ने बड़ी चोरी को अंजाम दिया। इस दौरान चोर ने पांच लाख की नगदी,25 लाख के गहने और 10 लाख कीमत के अन्य धातु चोरी कर लिया।

फोटो वायरल होने के कारण वाराणसी एसटीएफ को चोर अर्जुन पासवान को वाराणसी में होने की सूचना मिली। इस दौरान निरीक्षक अनिल कुमार सिंह सहित अन्य एसटीएफ कार्मिक मौके पर पहुंचकर अर्जुन को गिरफ्तार कर लिया। मौके पर 10 लाख रुपए नगद बरामद किए।

# आधी-अधूरी तैयारी में शुरू किया सत्र, मुश्किल में मेडिकल कॉलेज

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- आठ मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति नहीं मिली पर्याप्त
- निरीक्षण के लिए एनएमसी ने पहली बार शुरू की है ऑनलाइन सुविधा

**अमृत विचार:** आधी अधूरी फैकल्टी व अन्य संसाधनों के अभाव में एमबीबीएस का सत्र शुरू करने से चिकित्सा विश्वविद्यालय व प्रथम व द्वितीय चरण में शुरू होने वाले मेडिकल कॉलेज आदि के लिए मुश्किलें खड़ी हो गईं हैं।

शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्तिथि और छात्रों के लिए लाइब्रेरी, फर्नीचर आदि संसाधन न होने पर नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने भारी भरकम आर्थिक दंड लगाने के साथ ही दो माह में खामियों को दूर करने का मौका भी दे दिया है। खांमियां न दूर होने पर पुनः अर्थ दंड के साथ ही कॉलेजों की मान्यता पर भी संकट पड़ सकता है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव ने समय पर कॉलेजों में तय मानक पूरे करने का आश्वासन दिया है।

फेज वन में शुरू होने वाले सभी पांच मेडिकल कॉलेज, बस्ती, अयोध्या, फिरोजाबाद, शाहजहांपुर व बहराइच पर आर्थिक जुर्माना लगाया गया है। इसी प्रकार दूसरे चरण के आठ मेडिकल कॉलेजों में भी शिक्षकों की पर्याप्त संख्या में बायोमेट्रिक उपस्तिथि नहीं मिली है। जिसे कॉलेज प्रशासन ने बायोमेट्रिक मशीन खराब होना स्वीकार भी किया है। जिसके बाद एनएमसी द्वारा जुर्माना तय कर दिया गया है। बदायूं व फतेहपुर मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्यो का कहना है कि 30 फीसदी शिक्षकों की कमी है, नियुक्ति प्रक्रिया जारी है। हालांकि वहीं फेज तीन में शुरू होने वाले 14 मेडिकल कॉलेजों को शिक्षकों की पर्याप्त संख्या मिल चुकी है, मगर सत्र शुरू न होने की वजह से जुर्माने से बचे हैं। अन्य प्रधानाचार्यों का कहना है अभी उनके पास किसी प्रकार का पत्र या ऑनलाइन नोटिस नहीं प्राप्त हुई है। शिक्षकों में प्रमोशन प्रक्रिया पूर्ण होने पर संकाय सदस्यों की कमी दूर हो सकती है। इसके अलावा मरीजों की भीड़ के चलते संसाधन जुटते रहते हैं।

### फंस सकता है मामला

मेडिकल कॉलेजों में तय मानक के निरीक्षण के लिए एनएमसी ने पहली बार ऑनलाइन सुविधा शुरू की है। शिक्षकों की 75 प्रतिशत उपस्तिथि न मिलने के साथ तय मानक अधूरे मिलने पर एनएमसी द्वारा विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कॉलेज के अधिकारियों से जानकारी भी ली, कॉलेज प्रशासन ने खामियों को स्वीकार भी किया है। मेडिकल कॉलेजों में लगाए गए अर्थदंड को भरने के बाद वित्तीय वर्ष की ऑडिट रिपोर्ट में कॉलेज प्रशासन को वजह स्पष्ट करनी होगी। दंड की जिम्मेदारी तय होने के बाद कई अधिकारियों की गर्दन फंस सकती है। जिम्मेदार अधिकारियों से जुर्माने की भरपाई पर अधिकारियों ने बोलने से इंकार कर दिया है।

# कार्यकारी सहायक लापता, प्राथमिकी दर्ज

**अमृत विचार,लखनऊ :** विद्युत नगरीय वितरण खंड महानगर के अधिशासी अभियंता भविष्य कुमार सक्सेना ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि गाजीपुर इंदिरा नगर क्षेत्र निवासी कार्याकारी सहायक अजय कुमार विभागीय राजस्व के साथ बीते 19 अप्रैल से अनुपस्थित चल रहे हैं।

उन्होंने काउंटरों से प्राप्त विभागीय धनराशि जमा नहीं कराई है। ऐसे में उनको निलंबित कर अलीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। अगले तीन दिन के अंदर उपस्थित होकर विभागीय धनराशि जमा करते हुए अपना पक्ष प्रस्तुत करें। इसके बाद विभागीय राजस्व की वसूली धाना -5 के माध्यम से की जाएगी, जिसके वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# विचाराधीन फाइलों पर काम करें समीक्षा अधिकारी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचारः** सचिवालय में इस समय 2041 समीक्षा अधिकारी पदों के सापेक्ष 1393 समीक्षा अधिकारी कार्य कर रहे हैं। समीक्षा अधिकारियों की कमी से शासकीय कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए सचिवालय प्रशासन के प्रमुख सचिव के रविन्द्र नायक ने हर समीक्षा अधिकारी को नियमानुसार रोजाना कम से कम 7.5 पीयूसी (विचाराधीन फाइलें) संपादित करनी होगी।

सचिवालय प्रशासन के प्रमुख सचिव ने बताया कि वर्तमान में समीक्षा अधिकारियों के 648 पद रिक्त हैं, मगर 322 पदों पर नियुक्ति के लिए यूपीएससी को अधियाचन भेजा जा चुका है, प्रक्रिया जारी है।



- सचिवालय में 2041 समीक्षा अधिकारी पद के सापेक्ष 648 रिक्त
- शासकीय कार्य प्रभावित न हो इसके लिए मैनुअल में प्रदत्त जिम्मेदारी पूरी करें

इसलिए शासकीय कार्य प्रभावित न हो,इसके लिए सचिवालय मैनुअल में प्रदत्त जिम्मेदारी के तहत सभी समीक्षा अधिकारियों से रोजाना कार्य की अपेक्षा की जाती है। जबकि वर्तमान में औसतन प्रत्येक समीक्षा अधिकारी तीन पीयूसी भी नहीं कर रहा है।

### कई मंडल की है जिम्मेदारी

उप्र .सचिवालय संघ के पूर्व सचिव ओकार नाथ तिवारी सचिवालय मैनुअल में प्रदत्त जिम्मेदारियां साल 1980 या 2000 के पहले की हैं। सचिवालय कंप्यूट्रीकृत नहीं हुआ थी। वर्तमान में सिस्टम ऑनलाइन हो गया है। वर्तमान में एक-एक समीक्षा अधिकारी के ऊपर कई -कई मंडल की जिम्मेदारी है और अनुभाग अधिकारी द्वारा सीधे समीक्षा अधिकारी को ऑनलाइन दी जाती है, समीक्षा अधिकारी ही अग्रसारित करते हैं। मैनुअल में संशोधन कर जिम्मेदारी कम करनी चाहिये, शासन को रिक्त पदों के सापेक्ष नियुक्ति पर ध्यान देना चाहिये। क्योंकि सचिवालय, सर्वोच्च शासकीय संस्था है।

**चिंताजनक** अंतर्राष्ट्रीय बाजार से जुड़े हैं लखनऊ के तस्करों के तार, एनसीबी कर रही जांच, रेव पार्टियों के बढ़ते चलन के साथ नशे के दलदल में फंस रहा युवा वर्ग

# सिंथेटिक ड्रग की गिरफ्त में प्रदेश, सालाना 300 करोड़ से ज्यादा का कारोबार

सुनील कुमार मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ सहित प्रदेश के प्रमुख शहरों में सिंथेटिक ड्रग का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। नॉरकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में सिंथेटिक दवाओं का सालाना करीब 300 करोड़ से अधिक का कारोबार हो रहा है। लेकिन वैध दवाओं की शक्ल में बिक रहा यह नशा मुश्किल से 10 फीसदी ही पकड़ में आ रहा है। शुक्रवार को एसटीएफ ने ट्रॉमाडोल टैबलेट्स के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया। इनसे पूछताछ में सामने आया कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में दवाओं की बिक्री कर रहे थे। यह इनपुट मिलने के बाद एनसीबी की टीम इस सिंडिकेट का पता लगाने में जुट गई है।

नॉरकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की जांच में सामने आया कि रेव पार्टियों के बढ़ते चलन ने सिंथेटिक ड्रग के कारोबार को बढ़ा दिया है। नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम जैसे शहरों के बाद लखनऊ में भी यह तेजी से पैर पसार रहा है। गांजा, चरस, अफीम जैसे प्राकृतिक मादक पदार्थों से तैयार होने वाले नशे के मुकाबले रसायनिक तत्वों से बनाए जा रहे सिंथेटिक ड्रग आसानी से सुलभ और ज्यादा उत्तेजक हैं। इसलिए युवा जल्दी इसकी लत पकड़कर नशे के दलदल में फंसते जा रहे हैं। इसमें कुछ दवाएं ऐसी भी हैं जिनकी एक डोज ही जिंदगी के लिए घातक साबित हो सकती है। नॉरकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने चार साल में जितने मादक पदार्थ पकड़े उनमें 20 से 30 फीसदी सिंथेटिक ड्रग शामिल हैं। 2020 से अब तक एनसीबी ने प्रदेश भर से करीब 60 हजार किलो मादक पदार्थ पकड़े हैं। इनकी बाजार कीमत 400 करोड़ रूपये से ज्यादा है। इसमें बड़ी मात्रा में नाइट्राजपॉम, अल्प्राजोलम, क्लोनाजपॉम, एमडीएम, एलएसडी और नशीली दवाओं में उपयोग होने वाला घातक रसायन एसिटिक एनहाइड्राइड शामिल है।

### गृह विभाग की सख्ती से बदला तरीका

नॉरकोटिक कंट्रोल ब्यूरो के क्षेत्रीय निदेशक प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय बेहद सख्त है। इसकी ट्रैफिकिंग, मॉनिटरिंग और सीजर के लिए सभी प्रदेश में एंटी नॉरकोटिक्स फोर्स का भी गठन कर दिया गया है। इससे बड़े पैमाने पर प्रदेश में आने वाला गांजा, चरस, अफीम और इससे जुड़े नशीले उत्पादों की तस्करी कम हुई है। जिसकी वजह से अब सिंथेटिक ड्रग का चलन बढ़ता जा रहा है। खुले बाजार में बिकने वाली साइक्रेटिक दवाओं के रूप में यह ड्रग बिक रहा है। इन दवाओं की पहचान के बावजूद इनमें साइको एक्टिव पदार्थ की मात्रा तत्काल नहीं मापी जा सकती इस वजह से इस पर पूरी तरह नकेल नहीं कस पा रही है।

### वर्षवार बरामदगी और कीमत

| वर्ष | मात्रा (किग्रा) | कीमत |
|---|---|---|
| 2020 | 17834.79 | 59.42 करोड़ |
| 2021 | 33948.153 | 63.84 करोड़ |
| 2022 | 6024.916 | 194.32 करोड़ |
| 2023 | 1222.736 | 9.67 करोड़ |
| 2024 मई तक | 668.10 | 11 करोड़ |

### 6 से 10 हजार तक की एक डोज

एनसीबी के विशेषज्ञों के मुताबिक कुछ नशे बेहद मंहगे हैं जो बड़ी-बड़ी पार्टियों में परोसे जा रहे। इनमे एलएसडी और एमडीएमए ज्यादा चलन में है। उन्होंने बताया कि वैक्टिरिया के वजह के बराबर एलएसडी के एक डोज की कीमत 6 से 10 हजार रूपये है। जबकि एमडीएमए 40 से 40 हजार रूपये प्रतिग्राम की रेट से बिक रहा है। इसकी एक डोज 8 से 10 हजार रुपये तक होती है। दोनों ड्रग पाउडर फार्म में होते हैं।

### एक डोज ही ले सकती है जान

मनोचिकित्सक डॉ. आशुतोष का कहना है कि साइको एक्टिव सब्सटेंस की मात्रा अधिक होने की वजह से एक डोज लेने के बाद लोगों की मौत हो गई है। उनका कहना है कि मर्ज और रोगी की स्थित के हिसाब से दवा की डोज निर्धारित होती है। लेकिन नशे के लिए इसका सेवन करने वालों को अंदाजा नही होता कि वो कितनी मात्रा ले रहे हैं। यह उनके लिए घातक साबित हो सकता है।

# साइबर ठगी करने वाले छह आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एसटीएफ को मिली सफलता कई लोगों को बनाया शिकार

**अमृत विचारः** उप्र. एसटीएफ ने फर्जी कॉल सेंटर खोलकर व विदेशी हैकरों व साइबर फ्रॉड करने गिरोह के छह सदस्यों को सफेदाबाद क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी फर्जी टेलीग्राम आईडी प्राप्त कर ऑनलाइन गैंबलिंग गेम तैयार धोखाधड़ी करते थे।

एसटीएफ ने शनिवार को अंसल निवासी धीरज कुमार सिंह, इंदिरानगर निवासी तरुण पुरुषोत्तम गावरी, कोतवाली बाराबंकी निवासी अभिषेक, पिछौरी हैदरगढ़ निवासी सर्वजीत सिंह, नवाबगंज बाराबंकी निवासी रशीद खान एवं सफेदाबाद बाराबंकी निवासी अमन यादव को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के डीएसपी धर्मेश कुमार शाही ने बताया गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आधारकार्ड, सिम कार्ड, चेक-बुक के संबंध में पूछा गया तो पता चला कि बरामद पांचों आधार कार्ड फर्जी हैं। धीरज, तरुण, सर्वजीत ने बताया की वह सभी राशिद, अमन, अभिषेक से विभिन्न बैंकों के कॉर्पोरेट बैंक अकाउंट उनकी चेक बुक, डेबिट कार्ड व सिम कार्ड खरीदते हैं, ये लोग हमसे टेलीग्राम के माध्यम से जुड़े थे। फिर हम लोगों से पिछले करीब एक वर्ष से ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से ठगी करते थे।

SOC SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत नि:शुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)
ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency



## शहर में आज



- लुलु माल में लुलु फैशन वीक-2024 के समापन दिवस पर फैशन शो- शाम 6:00 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में भारतेन्दु नाट्य अकादमी के द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा नाटक पार्क का मंचन- शाम 7:00 बजे।
- गोमती तट स्थित खाटू श्याम मंदिर में लोक संस्कृति शोध संस्थान की ओर से सूरदास की जयंती के उपलक्ष्य में श्याम परिवार के सहयोग से लोक चौपाल का आयोजन- शाम 7:30 बजे।



चारबाग रेलवे स्टेशन परिसर में हाथ पंखे से खुद को और बच्चों को गर्मी से राहत देने का प्रयास करती महिला। राजकुमार

# 24 साल बाद सबसे गर्म रही 24 मई की रात

## वर्ष 2000 के बाद 31.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया न्यूनतम तापमान, अधिकतम 41.7 डिग्री रहा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी में दिन में तेज धूप और लू करीब 15 दिन से लोगों का चैन उड़ाए हैं, अब रातें गर्म होने से नींद भी उड़ रही है। शुक्रवार को रात का (न्यूनतम) तापमान 31.3 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

अधिकतम तापमान भी 41.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 24 मई की रात पिछले 24 वर्ष में सबसे गर्म रात रही। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार रात के तापमान में 31.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

यह सामान्य तापमान की अपेक्षा 5.8 डिग्री सेल्सियस अधिक है। इससे पहले 18 मई 2000 को राजधानी में रात का तापमान 31.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। आने वाले कुछ दिनों में न्यूनतम व अधिकतम तापमान और बढ़ने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों ने लोगों को लू व धूप से बचाव की सलाह दी है।

### कई जिलों में लू का अलर्ट

वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार के मुताबिक, कई जिलों में लू के साथ गर्म रात का भी अलर्ट जारी किया गया है। रविवार से अगले कुछ दिन पश्चिमी और पूर्वी यूपी में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। इस दौरान दोनों हिस्सों में कहीं-कहीं पर 25 से 30 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलेगी।



बढ़े तापमान ने जीव-जंतुओं को भी बेहाल कर रखा है, राजधानी के प्राणि उद्यान में गर्मी से बचने के लिए पानी में लेटा अजगर। अमृत विचार

## एक नजर

### औरंगाबाद, नागपुर के लिए हवाई सेवा 2 जुलाई से

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ से औरंगाबाद और नागपुर के लिए हवाई सेवा दो जुलाई से शुरू होगी। औरंगाबाद जाने वाला प्लेन गोवा तक जाएगा। इनकी बुकिंग शुरू कर दी गई है। किराया तीन से सात हजार के बीच है। 6ई 7462 प्लेन लखनऊ से सुबह 7:30 बजे रवाना होकर सुबह 9:20 बजे नागपुर पहुंचेगा। नागपुर से 9:40 बजे उड़कर 11:00 बजे औरंगाबाद पहुंचेगा। औरंगाबाद से 11:30 बजे उड़कर 1:30 बजे गोवा पहुंचेगा। वापसी में दिन में 2.10 बजे प्लेन उड़ान भरेगा। शाम 4:10 बजे औरंगाबाद पहुंचेगा। 4:40 बजे वहां से उड़कर शाम 6:10 बजे नागपुर और नागपुर से 6:30 बजे उड़ान भरकर शाम 8:15 बजे प्लेन लखनऊ पहुंचेगा।

### भंडारे में प्लास्टिक का उपयोग न करें

अमृत विचार, लखनऊ: ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल होने वाले भंडारे पर साफ सफाई आदि को लेकर नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने शनिवार को बैठक की। उन्होंने लोगों से अपील की है कि भंडारे में प्लास्टिक का उपयोग न करें, कूड़ा प्रबंधन के लिए डस्टबिन और अन्य व्यवस्था रखें। पत्तल, दोने और अन्य कचरा एक जगह इकट्ठा कर दें।

### 1 जून से अस्थायी दुकानों में बिकेगी कच्ची दशहरी

अमृत विचार, लखनऊ: आम का कारोबार इस बार करीब सप्ताहभर लेट है। आमतौर पर कच्ची दशहरी का व्यापार मई के अंतिम सप्ताह तक हर हाल में शुरू हो जाता था, लेकिन इस बार व्यापार 1 जून से शुरू होने की उम्मीद है। पकी दशहरी का जायका लेने के लिए लोगों को अभी थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। उन्हें 10 जून के बाद ही अच्छा और पका आम का स्वाद मिल सकेगा। मलिहाबाद के प्रमुख मार्ग के दोनों ओर 100 से 150 के बीच अस्थाई दुकानें बनाई जा रही हैं।

# बिजली गुल हुई तो चढ़ा उपभोक्ताओं का पारा, लगाया चार घंटे तक जाम

## उतरेठिया में अंडरपास के नीचे रात 10 बजे से दो बजे तक चला धरना-प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 33 केवीए लाइन में फाल्ट से ठप रही अम्बेडकर उपखंड क्षेत्र की बिजली आपूर्ति

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी में बिजली कटौती होने से परेशान उपभोक्ताओं ने शुक्रवार रात उतरेठिया शहीद पथ के नीचे बने लखनऊ-रायबरेली मार्ग पर धरना प्रदर्शन किया। मौके प2 र पहुंची पुलिस ने समझाया लेकिन उपभोक्ता नहीं माने। रात करीब 10 बजे शुरू हुआ धरना रात दो बजे बिजली आपूर्ति सामान्य होने के बाद समाप्त हुआ।

अम्बेडकर उपखंड को नादरगंज और पीजीआई से 33 केवीए बिजली की आपूर्ति होती है। शुक्रवार को नादरगंज से अंबेडरकर उपखंड को जाने वाली 33 केवीए लाइन में फाल्ट हो गया। इससे उपखंड से जुड़े कल्ली, रायल सिटी, सुन्दर नगर समेत पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति शाम करीब छह बजे बंद हो गई। कई घंटे बाद भी बिजली न आई तो बड़ी संख्या में लोग अम्बेडकर नगर उपखंड पहुंचे। भीड़ देखकर सहमे उपखंड पर मौजूद कर्मचारी वहां से भाग गए। कोई समस्या सुनने वाला नहीं मिला तो उपभोक्ता भड़क गए और शहीद पथ के नीचे लखनऊ-रायबरेली मार्ग पर धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया। इससे जाम लग गया। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को समझाया लेकिन वह नहीं माने। इस बीच बिजली विभाग के कर्मचारी फाल्ट सुधारने में लगे रहे। रात करीब दो बजे बिजली आपूर्ति शुरू होने पर लोग सड़क से हटे। हड़बड़ी में आपूर्ति शुरू की गई, इससे कहीं हाई तो कहीं लो वोल्टेज की समस्या रही। लेसा सिस गोमती के मुख्य अभियंता रजत जुनेजा ने बताया कि फाल्ट सही करने में कुछ समय लग गया लेकिन सप्लाई को पीजीआई से जोड़ कर सप्लाई चालू कराया गया था।

### सोशल मीडिया पर वायरल की शिकायत

बिजली कटौती से परेशान कई यूजर्स ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी शिकायत दर्ज करा कर वायरल की। विभाग के साथ ही अधिकारियों और नेताओं को समस्या टैग कर मदद की गुहार लगाई। उधर, अन्य उपभोक्ताओं ने बताया कि अंबेडकर पावर हाउस में सभी फीडर बंद होने से उतरेठिया ओल्ड और न्यू पावर हाउस से भी बिजली सप्लाई भी ठप हो गई। स्थिति यह रही कि शाम छह बजे ही घरों के इन्वर्टर की बैटरी खत्म हो गई।

### ऐशबाग में भी विद्युत आपूर्ति रही प्रभावित

ऐशबाग इलाके में भी बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही है। बीती रात ऐशबाग के तकिया, खजुआ, राम नगर धोबीघाट सहित विभिन्न इलाकों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। दस-दस मिनट पर बिजली की आवाजाही बनी रही। क्षेत्रीय लोगों ने इसकी शिकायत भी ऐशबाग विद्युत उपकेंद्र पर दर्ज कराई।



अम्बेडकर सब स्टेशन के गेट पर हंगामा करते बिजली कटौती से परेशान उपभोक्ता।

### पांच घंटे ठप रही 18 से अधिक मोहल्लों की बिजली

**अमृत विचार, सरोजनीनगर/लखनऊ:** अघोषित बिजली कटौती से सरोजनी नगर के लोग भी जूझ रहे हैं। यहां पर कई घंटे बिजली गुल रहती है। बिजनौर पावर हाउस से पोषित चंद्रावल फीडर की विद्युत सप्लाई शुक्रवार रात करीब 9 बजे ठप हो गई।

करीब पांच घंटे तक चंद्रावल फीडर के जरिए नटकुर, चंद्रावल, सादुल्ला खेड़ा, लक्ष्मण खेड़ा, गोवर्धन खेड़ा, सीआरपीएफ गेट नंबर 3, कमलापुर, अनूप खेड़ा, अलीनगर और ठकुराइन खेड़ा समेत 18 से अधिक मोहल्लों के लोग बिजली के लिए परेशान रहे।

इसी तरह नादरगंज ओल्ड पावर हाउस से संबंधित हनुमान पुरी गली नंबर 4 में शुक्रवार रात एबीसी वायर जलने से कई घरों की आपूर्ति करीब 11 घंटे तक ठप रही। स्थानीय लोगों के अनुसार रात करीब 10 बजे एबीसी वायर जल गया। इसके बाद पावर हाउस कर्मियों को सूचना दी गई, लेकिन कोई नहीं पहुंचा। कई बार शिकायत करने के बाद शनिवार सुबह 11 बजे पहुंचे विद्युत कर्मियों ने उसे ठीक किया। तब बिजली आपूर्ति शुरू हुई। शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे गहरु पावर हाउस से संबंधित जयराजपुरी कॉलोनी में मस्जिद के एबीसी वायर जल गया। जिसके कारण करीब एक घंटे तक विद्युत सप्लाई ठप रही।

बिजनौर उपकेंद्र के उपखंड अधिकारी अखिलेश कुमार भास्कर और अवर अभियंता अंगद कुमार को कई बार फोन लगाया गया लेकिन संपर्क नहीं हो सका। इस संबंध में नादरगंज पावर हाउस के अधिशासी अभियंता दुर्गेश यादव ने कहा कि अम्बेडकर युनिवर्सिटी में समस्या आने के चलते शटडाउन लिया गया था। समस्या सॉल्व करने में काफी समय लग गया।

# मानसिक बीमार बना रही बिजली कटौती

## 75 से अधिक मरीज तीन प्रमुख अस्पतालों की ओपीडी में पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती लोगों को मानसिक रूप से बीमार बना रही है। सिविल, लोकबंधु और बलरामपुर अस्पतालों की ओपीडी में प्रतिदिन नींद न पूरी होने से मानसिक बीमार हुए 75 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। ये आंकड़ा तीन सरकारी अस्पताल का है। अन्य सरकारी और निजी अस्पतालों में भी ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ी है। दिन भर काम की थकान के बाद रात में नींद न पूरी होने से लोग चिड़चिड़ेपन और अवसादग्रस्त हो रहे हैं।

बलरामपुर अस्पताल के मनोरोग चिकित्सक डॉ. अभय सिंह ने बताया मानसिक रोग की ओपीडी में रोजाना 150 से 200 मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें 30 से 35 मरीज ऐसे होते हैं, जो गर्मी में नींद पूरी न होने के कारण अवसाद ग्रस्त हो रहे हैं। डॉ. अभय ने बताया कि मरीजों ने बताया कि रात में बिजली गुल होने से गर्मी के कारण नींद नहीं पूरी हो पाती है। तड़के जब मौसम कुछ ठंडा होता है तो काम पर जाने का दबाव होने से उठना पड़ता है। नींद न पूरी होने से चिड़चिड़ापन, तनाव और अन्य मानिसक बीमारियां लोगों को घर रही हैं। सिविल अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 20 से 25 और लोकबंधु में 25 से 30 नींद न पूरी होने के कारण मानिसक बीमार हो रहे लोग पहुंच रहे हैं।



बलरामपुर अस्पताल की ओपीडी में पंजीकरण कराने के लिए लगी भीड़। अमृत विचार

### केजीएमयू में भी बढ़ी घबराहट के मरीजों की संख्या



किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के मनोरोग विशेषज्ञ प्रो.आदर्श त्रिपाठी ने बताया कि गर्मी बढ़ने के बाद से ओपीडी में घबराहट वाले मरीजों की संख्या बढ़ी है। गर्मी में होने वाली ऐसी बीमारी को एंग्जाइटी कहते हैं। उन्होंने कहा कि तेज धूप और प्रचंड गर्मी शरीर को नुकसान पहुंचने के साथ मानसिक संतुलन भी बिगाड़ रही है। घरों में अचानक से झगड़े बढ़ाना, असामान्य हरकतें, चिड़चिड़ापन और तनाव के पीछे गर्मी भी बड़ा कारण है।

### घबराहट हो, डर लगे, धड़कन बढ़े तो डॉक्टर को दिखाएं



डॉ. अभय ने बताया कि घबराहट, बेचैनी, शरीर में कंपन, दिल की धड़कन बढ़ने, तनाव महसूस होने, सिर दर्द, हाथ-पैर में पसीना आना, डर लगने या मन में बार-बार ये ख्याल आना कि बुरा होने वाला है, ऐसी दिक्कत होने पर डॉक्टर से सलाह लें। ऐसी समस्या से ग्रसित लोग अपनी बात को दूसरे के साथ साझा जरूर करें। कम से कम आधा घंटा व्यायाम करें। फास्ट फूड से परहेज करें। ठंडे स्थान पर रहें, पानी ज्यादा से ज्यादा पिएं। सोने से करीब डेढ़ घंटा पहले मोबाइल छोड़ दें।

### नींद की अधिक दवा का सेवन जानलेवा

डॉ. अभय ने बताया कि गर्मी में किसी तरह सो जाएं, इसके लिए लोग नींद की गोलियों खा लेते हैं। उन्होंने बताया कि शोध में खुलासा हो चुका है कि नींद की दवा का अधिक सेवन जीवन के लिए घातक साबित होता है। इससे मृत्यु होने का भी खतरा रहता है।



गोमती नदी पुल पर शनिवार को दो कारों की भिडंत के बाद काफी देर तक यातायात व्यवस्था पटरी से उतरी रही। इसके कारण निशातगंज से सिकन्दर बाग चौराहे तक काफी देर तक जाम जैसी स्थिति रही। अमृत विचार

### वंदे भारत का एसी काम नहीं करने पर यात्रियों का हंगामा

अमृत विचार, लखनऊ: शनिवार को अयोध्या से दिल्ली जा रही 22425 वंदे भारत एक्सप्रेस के कोच सी-3 का एसी काम नहीं कर रहा था। अटेंडेंट को सूचना दी गई लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। ट्रेन जब चारबाग पहुंची तो यहां पर यात्रियों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। कुछ यात्री प्लेटफार्म पर उतर गए और दरवाजा खोल दिया। यात्रियों की नाराजगी को देखते हुए मौके पर रेलवे के जिम्मेदार पहुंचे और यात्रियों को शांत कराकर किसी तरह ट्रेन में बैठाया।

# निर्बाध आपूर्ति के लिए टीमें बना फाल्ट ठीक कराएं

## मंडलायुक्त ने डीएम को दिए हैंडपंप, नलकूप ठीक कराने और तालाब भरवाने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हीट वेव से बचावे के लिए प्रचार प्रचार कर लोगों को करें जागरूक
- डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण देने के लिए भी कहा

**अमृत विचार:** प्रचंड गर्मी और हीट वेव के मौसम विभाग के पुर्वानुमान को देखते हुए पेयजल के सभी स्रोतों को तत्काल ठीक कराया जाए। साथ ही निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए टीम बनाई जाए और फाल्ट की सूचना मिलने पर तुरंत उसे दुरस्त कराया जाए।

मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने लखनऊ, उन्नाव, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई और खीरी के जिलाधिकारियों एवं मुख्य विकास अधिकारियों को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं। उन्होंने पत्र में कहा है कि हैंडपंप और नलकूप अगर बिजली या यांत्रिक खराबी के कारण नहीं चल पा रहे हैं तो उन्हें ठीक कराया जाए। पशुओं-पक्षियों के पेयजल के लिए सिंचाई विभाग की नहरों/ नलकूपों/ निजी नलकूपों के माध्यम से तालाब एवं पोखरों को भरवाया जाए। साथ ही गोशालाओं में चारा और पानी उपलब्ध कराया जाए। अधिक भीड़भाड़ वाले स्थानों पर शीतल पेयजल की व्यवस्था की जाए। उन्होंने प्रत्येक अस्पताल में कम से कम दो बेड आरक्षित रखने के साथ ही कमरों में शीतलता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। एंबुलेंस में आइस पैक/ठंडे पानी के जिपर बैग की व्यवस्था रखी जाए। स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकित्साधिकारियों, पैरामेडिकल कर्मचारियों एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स को प्रशिक्षण दिया जाए। हीटवेव को लेकर प्रचार-प्रसार कर लोगों को सजग किया जाए।

**व्यवस्था में बदलाव**

ई-रिक्शा संचालन के लिए यातायात पुलिस ने शहर को 16 जोन में बांटा, एक जून को पुलिस लाइन में लाटरी से होगा जोन का आवंटन

# पहली जुलाई से निर्धारित जोन में ही चलाए जा सकेंगे ई-रिक्शा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जेसीपी ने सभी ई रिक्शा चालकों से लाटरी में पहुंचने की अपील की

**अमृत विचार:** जाम का कारण बन रहे ई-रिक्शा के संचालन के लिए राजधानी को 16 जोन में बांटा दिया गया है। एक जून को लॉटरी सिस्टम से ई रिक्शा संचालकों को जोन आवंटित कर दिए जाएंगे। एक जुलाई से ई रिक्शा निर्धारित जोन में ही चलेंगे। एक जोन का रिक्शा दूसरे जोन में जाने पर यातायात पुलिस चालान करेगी। पहचान के लिए ई रिक्शा पर 30 जून तक कलर कोडेड स्टीकर चस्पा कर दिए जाएंगे।

जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि 16 जोन के लिए करीब 40 हजार आवेदन फार्म ई-रिक्शा चालकों को दिए गए थे। इनमें तीन मन पसंद जोन भरने का आप्शन दिया गया था। जोन आवंटन के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन कराए गए। ई-रिक्शा मालिक और चालकों के फार्मो के सत्यापन समेत अन्य प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। एक जून को शाम पांच बजे से पुलिस लाइन में ई-रिक्शा मालिकों की मौजूदगी में लॉटरी सिस्टम से जोन आवंटन किया जायेगा। एक जुलाई से निर्धारित जोन में ही ई-रिक्शा चलाए जा सकेंगे।

जेसीपी ने कहा कि आवेदन करने वाले सभी ई-रिक्शा चालक व मालिक रिजर्व पुलिस लाइन्स में निर्धारित समय पर उपस्थित रहें। लॉटरी से अपने-अपने आवंटित जोन की जानकारी कर सकेंगे। ई-रिक्शा चालक या मालिक को जोन आवंटन पर आपत्ति और सुझाव भी जून में दर्ज करा सकते हैं।

### 30 जून तक ई-रिक्शा पर लगना होगा स्टीकर

जेसीपी ने बताया लॉटरी में जोन आवंटन के बाद ई-रिक्शा चालकों को तय शर्तों को पूरा करने के लिए 30 जून तक का समय दिया जायेगा। इस दौरान ई-रिक्शा चालक अपना-अपना कलर कोडेड स्टीकर लखनऊ पुलिस की वेबसाइट lucknowpolice.up.gov.in से डाउनलोड करके ई-रिक्शा पर चस्पा कर लें। स्टीकर डाउनलोड करने में अगर किसी को समस्या आए तो वह यातायात पुलिस कार्यालय से भी स्टीकर प्राप्त करता है। जेसीपी ने बताया ई-रिक्शा चालक स्टीकर डाउनलोड करते समय अपना पूरा विवरण वेबसाइट पर भरेंगे।



सड़क पर इस तरह ई-रिक्शा की भीड़ के कारण जाम लगता है। अमृत विचार

# केजीएमयू के विस्तार के लिए जीजीआईसी में मिली जमीन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के विस्तार का रास्ता साफ हो गया है। संस्थान की मांग पर शासन ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की चार एकड़ से अधिक जमीन निशुल्क दी है। विशेष सचिव श्रीप्रकाश की ओर से जिलाधिकारी और केजीएमयू की कुलपति को पत्र भेज कर यह जमीन अधिग्रहित करने को कहा गया है।

केजीएमयू में पूरे प्रदेश सहित नेपाल तक के मरीज इलाज के लिए आते हैं। मरीजों का अधिक भार होने के कारण इसका लगातार विस्तार किया जा रहा है। संस्थान की ओर से कुछ दिनों पहले शासन से और जमीन देने की मांग की गई थी। शासन ने संस्थान के विस्तार के लिए संस्थान के पास स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की 4.7115 एकड़ भूमि चिकित्सा शिक्षा विभाग को निशुल्क दी है। जिस पर 24 मई को विशेष सचिव श्रीप्रकाश गुप्ता की ओर से जिलाधिकारी और संस्थान की कुलपति के नाम पत्र जारी कर जमीन को अधिग्रहित करने के लिए कहा गया है।

# आरटीई : एडमिशन न लिया तो इस बार रद्द होगी एनओसी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ-

**अमृत विचार :** शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई के तहत चयनित बच्चों को प्रवेश न देने पर स्कूलों की एनओसी रद्द की जा सकती है।उनके प्रबंधक के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जा सकती है। इसके लिए बीएसए स्तर से स्कूलों की सूची बनाई जा रही है।

आरटीई के तीन चरणों में 18,804 बच्चों का चयन हुआ लेकिन प्रवेश 50 प्रतिशत बच्चों को भी नहीं मिला है जबकि चयनित बच्चे के नाम से पत्र भी विद्यालयों को जारी हो चुका है। ऐसे में अब बेसिक शिक्षा विभाग ने निजी विद्यालयों पर सख्ती के लिए एनओसी रद्द करने की सिफारिश जेडी माध्यमिक को करने की तैयारी की है। जरूरत पड़ी तो स्कूल प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करी जाएगी।

- अधिनियम का उल्लघंन करने वाले स्कूलों की सूची हो रही तैयार
- तीन चरणों में चयनित18,804 बच्चों में से 50% को भी नहीं मिला प्रवेश

### चरणवार हुआ चयन

- पहला चरण : 9651 बच्चे चयनित
- दूसरा चरण : 6,732 बच्चे चयनित
- तीसरण चरण 2421 बच्चे चयनित

### सीबीएसई व सीआईएससीई स्कूल कर रहें मनमानी

राजधानी में सीबीएसई और सीआईएससीई बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालय आरटीई अधिनियम के उल्लंघन में सबसे आगे हैं। हर साल इन विद्यालय प्रबंधकों की लापरवाही से चयनित बच्चे को प्रवेश नहीं मिल पाता और बच्चों का साल बर्बाद हो जाता है।

प्रत्येक दशा में आरटीई अधिनियम का पालन निजी विद्यालय प्रबधंकों को करना होगा।जो विद्यालय मनमानी कर रहें हैं, बीएसए कार्यालय से उनकी सूची जारी होते ही कार्रवाई शुरू की जाएगी।एफआईआर भी हो सकती है और एनओसी को भी रद्द किया जा सकता है।

**–डॉ प्रदीप कुमार,** जेडी माध्यमिक लखनऊ मंडल

## एक नजर

### बंद व एकल शिक्षक वाले विद्यालयों में भेजे जाएंगे तबादले वाले शिक्षक

**अमृत विचार, लखनऊ :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक विद्यालयों के तबादला पाने वाले शिक्षकों को बंद व एकल शिक्षक वाले विद्यालय आवंटित किए जायेंगे। इस संबंध में बेसिक शिक्षा परिषद सचिव सुरेन्द्र तिवारी ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि विद्यालयों का पूरा ब्योरा यू-डायस कोड के साथ पोर्टल पर अपलोड करायें ताकि प्रक्रिया में आसानी हो सके।

### शैक्षिक यात्रा पर रवाना हुआ छात्रों का दल

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल स्टेशन रोड कैम्पस का 30 सदस्यीय छात्र दल छह दिवसीय शैक्षिक यात्रा पर उदयपुर एवं माउंट आबू रवाना हुआ, जिसमें 27 छात्र व 3 शिक्षक शामिल हैं। छात्र दल का नेतृत्व विद्यालय की शिक्षका कविता आहूजा शर्मा कर रही हैं। जबकि शिक्षक केबी सिंह एवं शैली प्रकाश डेप्युटी टीम लीडर हैं। मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस शैक्षिक यात्रा के दौरान छात्र प्रकृति की विशालता, व्यापकता व सौन्दर्य से तो परिचित होंगे ही, साथ ही माउंट आबू, उदयपुर व जयपुर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगे।

### कालीचरण पीजी कॉलेज ने जारी की मेरिट सूची

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध कालीचरण पीजी कॉलेज में बीए व बीकॉम पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए प्रथम मेरिट सूची जारी कर दी गई है। प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय ने बताया कि बीए की प्रथम मेरिट लिस्ट में 157 व बीकॉम में 96 अभ्यर्थियों के नाम जारी किए हैं। अभ्यर्थी 25 से 30 मई तक आकर अपना दाखिला सुनिश्चित कर सकते हैं। प्राचार्य ने कहा कि एडमिशन के लिए सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक का समय निर्धारित किया गया है।

# लोहिया संस्थान में 60 पदों के लिए परीक्षा 8 जून को

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोहिया संस्थान में विभिन्न 60 पदों के लिए आठ जून को परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसकी तैयारी विभाग ने पूरी कर ली है। अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने बताया कि जूनियर इंजीनियर, लाइब्रेरियन, साइंटिस्ट, स्टोर कीपर, वेटेरीनरी आफीसर और स्टेटिकल असिस्टेंट के कुल 60 पदों के लिए 683 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा दो पाली में होगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह आठ से दोपहर 12 बजे और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन बजे से पांच बजे के बीच होगी। इन पदों के लिए संस्थान प्रशासन ने पहले विज्ञापन निकाला था। लोक सभा चुनाव के चलते परीक्षा कार्यक्रम टाल दिया गया था। अब आठ जून को परीक्षा होगी।

# पुनर्वास विश्वविद्यालय में शुरू होंगे दो वैकल्पिक पाठ्यक्रम

## जुलाई माह से होगी शुरुआत, कुलपति ने किया अवलोकन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 व वर्तमान में चल रही सीबीसीएस योजना के अंतर्गत डॉ शंकुतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में दृष्टिबाधित व बौद्धिक अक्षमता विभाग में पंजीकृत छात्र-छात्राओं के लिए दो ओपन इलेक्टिव कोर्स ( वैकल्पिक पाठ्यक्रम ) कराने का निर्णय लिया गया है। इसकी योजना का शनिवार को प्रस्तुतीकरण किया गया।

कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह और विभागाध्यक्ष डॉ. विजय शंकर शर्मा ने बताया कि जुलाई से दोनों कोर्स शुरू कर दिए जाएंगे। समेकित शिक्षा का परिचय और दिव्यांगजनों की समेकित शिक्षा के साथ अलग-अलग नीतियों एवं संवैधानिक प्रावधान विषयक पेपर पढ़ने का अध्ययन पहले ही चुका है। विश्वविद्यालय के दृष्टिबाधित विभाग के शोध व अनुसंधान के महत्व वाले क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर चल रहे कॉर्टिकल व सेरेब्रल दृष्टि बाधिता पर आगामी वर्षों में अनुसंधान करने की बात रखी गई। इसके अतिरिक्त दृष्टिबाधिता के साथ अन्य विकलांगताओं, जिसमें बधिर-अंधता भी शामिल है, जिसमें आगामी वर्षों में रिसर्च अथवा अनुसंधान पर ध्यान दिया जाएगा।

### एआई पर रहेगा ध्यान

विश्वविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को दिव्यांगजनों विशेष कर दृष्टिबाधिता के क्षेत्र में किस प्रकार शिक्षा एवं पुनर्वास के लिए प्रयोग किया जा सकता है इस पर भी ध्यान दिया जायेगा। इसके साथ ही दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के रोजगार से जोड़ने की भी योजना है। वहीं जो संभावित रोजगारदाता हैं उन्हें विश्वविद्यालय में बुलाकर रोजगार सुनिश्चित कराने की भी योजना है।

### शोध को मिलेगा बढ़ावा

विश्वविद्यालय में आगामी पांच वर्षों में शोध कार्यों को भी बढ़ावा दिया जाएगा। इसमें शोध कार्य, कंसलटेन्सी सेवाऐं, समुदायिक कार्यों तथा अलग-अलग प्रकार की चिकित्सा सेवाओं का दिव्यांग बच्चों पर पड़ने वाले प्रभाव पर शोध कार्य किया जाएगा।

## पैरामीट्रिक परीक्षण की दी जानकारी

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रही स्नेहाशीष कार्यशाला के तीसरे दिन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान संकाय की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मोनिका मिश्रा ने पैरामीट्रिक और नॉन-पैरामीट्रिक टेस्ट के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि आंकड़ों की सटीक व्याख्या करने के लिए सांख्यिकीय विश्लेषण की बारीकियों को समझना महत्वपूर्ण है। पैरामीट्रिक और गैर-पैरामीट्रिक परीक्षण सांख्यिकीय परीक्षणों की दो व्यापक श्रेणियां हैं जिनका उपयोग परिकल्पना परीक्षण के लिए किया जाता है। जबकि वे दोनों यह निर्धारित करने का लक्ष्य रखते हैं कि क्या कोई महत्वपूर्ण प्रभाव या अंतर मौजूद है, वे अलग-अलग मान्यताओं और स्थितियों के तहत काम करते हैं।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा पूर्व नाम सनातन कुमार व नया नाम सनातन कुमार भौमिक है, यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। भविष्य में सभी दस्तावेजों में मुझे सनातन कुमार भौमिक के नाम से ही जाना व पहचाना जायेगा। निवासी– 538 ए / 570 तुलसीपुरम त्रिवेणी नगर–1 दुर्गा मंदिर निराला नगर लखनऊ लखनऊ

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई–निविदा सूचना सं.: यॉं/246/1/15/24-25/ओटी–09

मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये निविदा पत्र में अंकित योग्यता मापदंडो के अनुसार ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

**क्रम सं.-1,** कार्य का संक्षिप्त विवरण: पूर्वोत्तर रेलवे, यांत्रिक कारखाना, इज्जतनगर में 17 ईओटी क्रेनों के रखरखाव का कार्य सभी उपभोग्य सामग्रियों और पुर्जो सहित (स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार) 03 वर्ष के लिये। अनुमानित मूल्य (रू.में): ₹ 67,80,927.94 (सड़सठ लाख अस्सी हजार नौ सौ सत्ताईस रूपये और चौरानवे पैसे मात्र), बिड सिक्योरिटी (रू.में): ₹ 1,35,600/- (एक लाख पैंतीस हजार छः सौ रूपये मात्र), निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.): शून्य, कार्य अवधि: 03 वर्ष/36 माह, निविदा खुलने की तिथि व समय: दिनांक 14-06-2024 को 15:30 बजे।

**नोटः** (1) उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित दिनांक 22-05-2024 को समय 17:00 बजे से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर टेंडर खुलने की तिथि 14-06-2024 को 15:00 बजे तक उपलब्ध है। (2) उपरोक्त निविदा में ई–बिड के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेंडरों को चाहिये कि वो अपने आपको IT Act 2000 के अंतर्गत CA द्वारा जारी क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित ऑनलाइन दर्ज करने पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी लेटर हेड पर यदि संलग्न हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जायेगा। (4) ई-निविदा हेतु बिड सिक्योरिटी का भुगतान निविदा प्रपत्र के अनुसार स्वीकार की जायेगी।

उपमुयाँइं/प्लांट, यांत्रिक कारखाना, इज्जतनगर

मुजाधि/यॉंत्रिक-24

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **सुनीत कुमार गुप्ता उर्फ सुनील कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय श्री बद्री प्रसाद गुप्ता, निवासी– शंकरपुर सराय, जिला–उन्नाव** का स्थाई निवासी हूं मेरा नाम सुनीत कुमार गुप्ता है मेरे सारे आवश्यक प्रपत्र इसी नाम से हैं अतः मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं की सुनीत कुमार गुप्ता उर्फ सुनील कुमार गुप्ता एक ही व्यक्ति हैं इसलिए मुझे सुनीत कुमार गुप्ता के नाम से जाना जाए

**शीघ्र चाहिए**

कोठी, बंगला, अपार्टमेंट, फार्म हाउस के लिए नौकर–नौकरानी, आया, मैड, सर्वेंट, ड्राइवर, चौकीदार, कुक, बेबीकेयर, पेशेंट केयर, वेतन 11000 से 15000 रहना–खाना मेडिकल फ्री ड्यूटी दिल्ली पंजाब महाराष्ट्र, गुजरात नोएडा गाजियाबाद लखनऊ कानपुर मिले अपने आधार कार्ड फोटो के साथ **105 दुर्गा मां टावर लालबाग लखनऊ, मो0– 8896030769 / 9554377000**

**सूचना**

मैं प्रिंस कुमार पुत्र करुणा शंकर नि0–4/91, सेंट्रल महिला डिग्री कालेज, रजनी खंड, शारदा नगर, लखनऊ–226002 सूचित करता हूँ कि मेरा विवाह दि.15–03–2020 को नेहा खान पुत्री अब्दुल परवेज नि0– ग्राम – असिया मऊ, लखनऊ, उ0प्र0–226003 के साथ आर्य समाज, सफेदाबाद, बाराबंकी पर सम्पन्न हुआ।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम अरूण प्रकाश से बदलकर अरुण प्रकाश गुप्ता रख लिया है भविष्य में मुझे अरुण प्रकाश गुप्ता के नाम से जाना जाए। **–अरुण प्रकाश गुप्ता पुत्र रामसरन, निवासी– मकान सं– 778, ग्राम व पोस्ट ठठिया, कन्नौज**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **गुड्डी साहू पत्नी स्व: श्री उमा शंकर साहू, निवासी– काजीपुरा, जनपद बहराइच** की मूल निवासनी हूँ। मेरी पुत्री तनु साहू जिसकी आयु लगभग २४ वर्ष है। जो कि दिनांक 10/10/2013 से लापता है। बहुत खोजने के पश्चात् भी नहीं मिली है। जिसको गुम हुये 11 वर्ष बीत चुके है।

**सूचना**

सूचित करना है कि भारतीय जीवन बीमा निगम में मेरे पति की पालिसी संख्या 236638695 नामिनी के तौर पर मेरा नाम रामावती तिवारी दर्ज है, जबकि आधार, बैंक व वोटर कार्ड में मेरा नाम जानकी देवी दर्ज है। रामावती तिवारी व जानकी देवी दोनों मेरे ही नाम हैं। **–रामावती तिवारी उर्फ जानकीदेवी पत्नी स्व जगन्नाथ बेलसर जिला गोंडा।**

**प्लाट बिकाऊ है**

26×100=2600 sqfit हाइवे से 150 metar अन्दर काली सड़क पर पानी बिजली व्यवस्था है।

**पता : रानी बाजार सूबेदार का पुरवा, अमौना जिला– अयोध्या मो0नम्बर = 9721860359 9415548728**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट L 3407463 में मेरा नाम **मोहम्मद मजीद कौड़िया बाजार जामा मस्जिद गोंडा** एवं जन्मतिथि 10–09–1971 गलत अंकित है मेरे आधार में अंकित नाम माजिद अली पुत्र मोहम्मद अली 33 का जेल पीछे तोपखाना छावनी सरकार गोंडा सही है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मोहम्मद शकील अंसारी पुत्र स्व0 मंसूर अली, निवासी– 429/75/बी 3 तकियाँ बदर अली शाह मोज्जम नगर, लखनऊ** मैं मोहम्मद आमिर अंसारी का पिता हूँ। उसके समाज विरोधी गतिविधियों एवं कार्य कलापों, व्यवहार व बर्ताव के कारण मेरा एवं मेरे परिवार के सदस्यों की छवि धूमिल करने के कारण मैं मोहम्मद आमिर अंसारी को अपनी समस्त चल –अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ यदि कोई भी शख्स इनसे कोई लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मै व मेरा परिवार किसी प्रकार के देनदार का जिम्मेदार नहीं होगा।

# 5 नए आश्रम पद्धति स्कूलों का शुरू हुआ निर्माण

- कन्नौज, शाहजहांपुर, शामली, बागपत गौतमबुद्धनगर में बनाए जाने हैं स्कूल

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश में पांच नए आश्रम पद्धति विद्यालयों का निर्माण शुरू हो गया है। इनके निर्माण पर लगभग 40 करोड़ रुपये खर्च होगा। अगले वर्ष तक इनका काम पूरा होने की संभावना है।

कन्नौज, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर, शामली और बागपत जिलों में पांच नए आश्रम पद्धति विद्यालय बनाए जा रहे हैं। इन विद्यालयों के निर्माण में करीब 40 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। शासन ने पहली किस्त के रूप में 20 करोड़ रुपये जारी कर दिए थे। इन जिलों में स्कूलों के निर्माण के लिए मानक के हिसाब से पांच-पांच एकड़ भूमि जिला प्रशासन की ओर से पहले ही मुहैया करवा दी गई है।

समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि वर्तमान में यूपी के 75 जिलों में 94 राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित हैं। उक्त पांच जिलों में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों का निर्माण शुरू हो गया है।



एनसीसी ग्रुप मुख्यालय का निरीक्षण करते ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा।

## हर छात्र को लेना चाहिए एनसीसी का प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा ने कहा कि हर छात्र के लिए एनसीसी का प्रशिक्षण जरूरी है।

उन्होंने कैडेटों के बीच अनुशासन, चरित्र निर्माण और मूल्यों के पहलू पर भी जोर दिया। वे शनिवार को 63 यूपी एनसीसी बटालियन का वार्षिक निरीक्षण कर रहे थे। बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल हर्ष कुमार झा और सूबेदार मेजर अरविंद कुमार यादव ने ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा का स्वागत किया। एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल राकेश तिवारी ने यूनिट की प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी दी गई। ब्रिगेडियर पुनेठा ने लखनऊ विश्वविद्यालय के परिसर में कैडेटों के लिए राइफल सिम्युलेटर और नव स्थापित प्रेरणा सह सूचना कक्ष का भी दौरा किया।

### केक सज्जा में नेहा प्रथम, तृप्ति द्वितीय रहीं

**अमृत विचार , लखनऊ :** इंस्पायर लिविंग मैनेजमेंट एकेडमी गोमतीनगर में शनिवार को केक सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नेहा सिंह को प्रथम, तृप्ति पाण्डेय को द्वितीय और जया धीरज अरोड़ा को तृतीय स्थान मिला। ड्राई केक कैटेगरी में सोनिया अरोड़ा को प्रथम, कानपुर की वंदना लाम्बा को द्वितीय और शिवानी गुप्ता को तीसरा स्थान मिला। स्माल केक में अंशू श्रीवास्तव को प्रथम, सानिया हुसैन को द्वितीय और स्तुति रस्तोगी को तृतीय स्थान मिला। प्रतियोगिता में विजेताओं को मुख्य अतिथि सेलिब्रिटी शेफ प्रो. इज्जत हुसैन, शेफ बालेन्द्र सिंह, शेफ अमित गुप्ता और शेफ अंकुर मलिक ने पुरस्कृत किया। आयोजक एसके फोवरास बेक्स की शेफ ऋतु जायसवाल ने सभी का स्वागत किया। प्रतियोगिता में मीनू आहूजा, वंदना लाम्बा, नेहा सिंह, शिवानी गुप्ता, जया और तान्या सहित 20 प्रतिभागी थे।

## आपदा में अवसर खोजना ही प्रबंधन : प्रो संजय

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के प्रबन्धशास्त्र विभाग व वाणिज्य विभाग की ओर से दो दिवसीय मैनेजमेंट फेस्ट प्रबस्पंदन-मैवेरिक्स फिएस्टा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह ने विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट व फाइनेंशियल मैनेजमेंट करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ एक अच्छा योजक ,संयोजक बनना है। चाहे परिस्थितियां कितनी ही विपरीत हो,आपदा में अवसर खोजना ही मैनेजमेंट है।

## लोककथाओं के नाट्य मंचन में झलकी बच्चों की प्रतिभा

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के प्रेक्षागृह में डोरेमी क्लब और लखनऊ फिल्म फोरम के संयुक्त तत्वावधान में बाल कलाकारों ने कार्यशाला में तैयार नाटक का मंचन किया। अफ्रीका, डेनमार्क और एस्टोनिया की लोककथाओं पर आधारित नाटक की प्रस्तुति बच्चों ने की।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लखनऊ फ़िल्म फोरम की अध्यक्ष रेणुका टंडन रहीं। कार्यशाला के निर्देशक अभिषेक सिंह, कार्यशाला डिजाइनर अपूर्व शाह और कार्यशाला की सहायक निदेशक कृति श्रीवास्तव रहे। डोरेमी क्लब की संस्थापक साहिबा तुलसी ने संबोधित किया। नाट्य प्रस्तुतियों में बाल कलाकार शरण्या लाठ, हर्षल, ऐश्वर्या, अशिका, सुमेरा, मेघा सरगुन, आयती, प्रिशा, सृजिता, वानिका, निववैर, अरहान, निकिशा, दर्शिका, दिया, अनैरा, अमयरा, विआन, रायन और सुविज्ञ ने उल्लेखनीय भूमिकाएं निभाईं। डोरेमी क्लब की टीम लीडर कुलसुम खान ने कहा कि कार्यशाला ने बच्चों के अभिनय कौशल को निखारा।

# एआई में हो रहे बदलाव को समझना जरूरी

## एकेटीयू में हुई एक दिवसीय समिट अवध में विशेषज्ञों ने दी सलाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक बेहतर और सुविधाजनक है, लेकिन इसमें लगातार हो रहे बदलाव को समझना भी बहुत जरूरी है। यह बात डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में आयोजित एक दिवसीय जनरल एआई, समिट अवध का कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने कही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रति कुलपति प्रोफेसर राजीव कुमार ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वर्तमान में सबसे तेजी से उभरती हुई तकनीक है। एक रिपोर्ट के अनुसार 2025 तक एआई सबसे तेजी से बढ़ता बाजार होगा। उन्होंने कहा की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने पूरी दुनिया को बदलकर रख दिया है। वर्तमान में एआई मनुष्य की बुद्धि को सहायता प्रदान कर रही है। सीनियर रिसर्च इंजीनियर अंकित पाल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस किस सामान्य जानकारी दी। वहीं आईआईटी दिल्ली के रिसर्च एसोसिएट प्रशांत शुक्ला अभिषेक साहू ऋषभ गुप्ता ने भी एआई बारे में अपने अनुभव बताएं. एसोसिएट डीन इनोवेशन डॉ अनुज कुमार शर्मा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर होने वाले कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला।



एकेटीयू में आयोजित समिट अवध में शामिल विशेषज्ञ और छात्र।

**क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?**

SINCE 2006

**जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!**

**कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं?** जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

**दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें**

VACHAK **वाचक आयुर्वेद**®

**आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश**

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**

उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**

उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**

उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**

उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**

उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**

उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**

उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**

उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**

उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**

उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



**डॉ. ओम प्रकाश वर्मा**
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

**पुरस्कार एवं सम्मान**

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी/उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

**आलमबाग**
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय– सुबह 10:00 से 02:00 तक

**मुंशीपुलिया**
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय– सांय 06:00 से 09:00 तक

**रविवार सांय अवकाश**

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।



नियम और शर्तें

★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।

★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।

★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।



साईंधाम ट्रस्ट में नि:शुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,

9839163047 / 9956384848

# मौत के बाद भी बच्ची का इलाज करते रहे डॉक्टर

## दो नामचीन अस्पतालों पर लगा रुपये वसूलने का आरोप, परिजन ने किया हंगामा, पुलिस ने शुरू की जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **दस्त होने पर 18 माह की बच्ची को कराया गया था भर्ती, इंजेक्शन लगाते ही शरीर पड़ा नीला**
- **वेंटिलेटर के बहाने नामचीन अस्पताल किया रेफर, रातभर इलाज के बाद सुबह बताया मृत**

**अमृत विचार:** राजधानी के दो अस्पतालों पर मृत बच्ची का इलाज करके रूपये वसूलने का आरोप लगा है। पीड़ित परिवार के मुताबिक शव तक देने से पहले रूपये ऐठे गए। बच्ची का अंतिम संस्कार करने के बाद परिजनों ने अस्पताल पहुंचकर हंगामा किया। पुलिस ने परिजनों से तहरीर लेकर दोनों अस्पतालों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

आशियाना निवासी अमित सोनी ने बताया कि 18 महीने की बेटी को गुरुवार शाम दस्त शुरु हो गया। उसे पास के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टरों ने डायरिया बताया। अस्पताल ने 60 हजार रुपये जमा कराने के बाद इलाज शुरू किया। इसी दौरान उसे इंजेक्शन लगाया गया। इंजेक्शन लगाते ही बच्ची का शरीर नीला पड़कर अकड़ गया।



बच्ची की मौत के बाग अस्पताल के बाहर हंगामा करते परिजन। अमृत विचार

अमित का कहना है कि उसी समय बच्ची की मौत हो गई थी। लेकिन डॉक्टर उसे एनआईसीयू में लेकर गए। थोड़ी देर बात डॉक्टरों ने कहा कि हालत गंभीर है वेंटिलेटर सर्पोट देना पड़ेगा। वेंटिलेटर के नाम पर शहर के नामचीन अस्पताल के लिए रेफर किया गया। वहां पहुंचते ही बिना किसी जांच के डेढ़ लाख रुपये जमा कराकर भर्ती कर लिया गया। रात भर डॉक्टर इलाज का दावा करते रहे। शनिवार सुबह उसे मृत बताकर 40 हजार रुपये और बिल पकड़ा दिया गया। रुपये जमा करने के बाद ही शव दिया गया। अंतिम संस्कार के बाद परिजन उसके इलाज से जुड़े पेपर मांगने अस्पताल पहुंचे तो उन्हें भगा दिया गया। इसपर घरवालों ने हंगामा कर दिया।

# आउटसोर्स कर्मियों के मानदेय के लिए प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन संविदा कर्मचारी संघ ने शनिवार को विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर विद्युत वितरण मंडल तृतीय तालकटोरा लेसा कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने समस्याओं का एक ज्ञापन अधीक्षण अभियंता को भेजा है। समस्याओं का जल्द निराकरण न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है।

संगठन के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि मेसर्स आरएमएस टेक्नो सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड ने अप्रैल 2024 में



लेसा कार्यालय पर प्रदर्शन करते संविदा कर्मचारी। अमृत विचार

आउटसोर्सिंग पर कार्यरत अकुशल कर्मियों को 8946 रुपये और कुशल कर्मियों को 11047 रुपये प्रतिमाह भुगतान किया है। पोर्टल पर अकुशल कर्मचारियों को 9290 रुपये और कुशल को 11447 रुपये वेतन भुगतान करना जरूरी बताया गया है। उन्होंने बताया कि वहीं मेसर्स एस के इलेक्ट्रानिक्स व मेसर्स साधना सिक्योरिटी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ईपीएफ में किए गए घोटाले की रिपोर्ट खंडीय कार्यालयों ने गलत भेज दी गई। इससे कर्मचारियों का क्षति पहुंची है।

# आवास के आवंटन पत्र नहीं ले रहे अकबरनगर के विस्थापित

**अमृत विचार, लखनऊ** : अकबरनगर के विस्थापित प्रधानमंत्री आवास योजना के आवंटन पत्र लेने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अकबरनगर के 928 विस्थापितों को गुरुवार से बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास का आवंटन पत्र वितरण शुरू कर दिया है। अधिकांश विस्थापित आवंटन पत्र नहीं ले रहे हैं। जिन लोगों ने आवंटन पत्र ले लिए हैं वे भी कब्जा लेने नहीं पहुंच रहे। अगले सप्ताह सर्वोच्च न्यायालय में इस मामले पर सुनवाई होनी है। विस्थापितों को आवास आवंटित करने के साथ उन्हें कब्जा देने के सर्वोच्च न्यायालय ने एलडीए को निर्देश दिये थे। सूत्रों के अनुसार अकबरनगर के निवासी सुनवाई में निर्णय के बाद ही आवंटन पत्र लेने के साथ शिफ्ट होने का फैसला लेंगे।

# म्यूजिकल पार्क के पास बनाई जाएगी अतिरिक्त पार्किंग

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने शनिवार को सीजी सिटी योजना का निरीक्षण किया।

उन्होंने वेट लैंड परियोजना के साथ क्षेत्र में विकसित किये जा रहे म्यूजिकल पार्क, मियावाकी फॉरेस्ट व फूड कोर्ट प्रोजेक्ट की समीक्षा करते हुए समस्त कार्य युद्ध स्तर पर पूरा कराने के निर्देश दिए। म्यूजिकल पार्क के निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि पार्क के पास अतिरिक्त पार्किंग का निर्माण कराया जाए। इसके अलावा क्षेत्र में विकसित किये जा रहे मियावाकी फॉरेस्ट व फूड कोर्ट के सम्बंध में उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि पेड़-पौधों की नियमित रूप से सिंचाई के लिए पाइप लाइन बिछाने का कार्य अन्य सिविल कार्यों के साथ करा लिया जाए।

# 400 लोगों की हुई जांच

**अमृत विचार,लखनऊ** : डायबिटीज सपोर्ट वेलफेयर सोसाइटी की ओर से विश्व थायराइड दिवस पर शनिवार को गोमतीनगर के अलग-अलग क्षेत्रों में निशुल्क जांच शिविर लगाया गया।

डॉ. अरुण कुमार पांडेय और डॉ. नवनीत त्रिपाठी ने गंगा जमुना, शारदा, सतलज अपार्टमेंट लोहिया पार्क, जनेश्वर पार्क में लगाए गए शिविर 400 लोगों की जांच की। डॉ. अरुण ने बताया की थायराइड की दवा हमेशा खाली पेट ही खाना चाहिए और दवाई खाने के एक घंटे पहले और एक घंटे बाद तक कुछ भी खाना-पीना नहीं चाहिए। यदि कभी दवा खाना भूल जाएं तो उस दिन बाद में भी गोली ले सकते है।

# शिविर में 108 ने कराई जांच

**अमृत विचार,लखनऊ:** विवेकानंद पॉली क्लीनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान ने शनिवार को आयुर्वेद पंचकर्म, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, होम्योपैथी, यूनानी, एक्यूपंक्चर, एक्यूप्रेशर,प्राणिक हीलिंग का निशुल्क परामर्श एवं जागरूकता शिविर लगाया। इसमें रोगियो को परामर्श और दवाएं दी गईं। आयुर्वेद में 18, होम्योपैथी में 64, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा में 22 एवं एक्यूपंचर में 4 समेत 108 मरीजों ने परामर्श लिया।

# 4 जून को सुबह 8 बजे से 934 कर्मचारी करेंगे मतगणना

**अमृत विचार, लखनऊ:** लोकसभा व पूर्वी विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव की मतगणना चार जून को रमाबाई रैली स्थल पर सुबह आठ बजे से होगी। मतगणना के लिए 934 कर्मी लगाए गए हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए चार टेबल लगाई जाएंगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में मतगणना कर्मियों की नियुक्ति के लिए रेंडमाइजेशन किया गया। कक्ष संख्या 10 में लखनऊ और मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र के लिए एक-एक आरओ (रिटर्निंग अधिकारी) की टेबल होगी। मतगणना चक्रवार होगी। मतगणना के दिन रमाबाई रैली स्थल पर कंट्रोल रूम के अलावा मीडिया सेंटर बनाया जाएगा होगी। सहायक निर्वाचन अधिकारी अभय किशोर ने बताया कि एक माइक्रोआर्ब्जवर, एक सुपरवाइजर, एक सहायक और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मी भी मौजूद रहेगा।

उत्तराखण्ड शासन




देवभूमि उत्तराखण्ड

चारधाम यात्रा में

पधारने वाले सभी श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन

अपील

- चारधाम आने वाले तीर्थयात्रियों से अनुरोध है कि अपना पंजीकरण अनिवार्य रूप से करायें।
- बिना पंजीकरण चारधाम यात्रा की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी।
- पंजीकरण के उपरांत जिस धाम के दर्शन के लिये जो तिथि सुनिश्चित की गयी है, उस धाम का दर्शन उस तिथि को ही करें।
- चारधाम यात्रा का ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन दिनांक 31 मई, 2024 तक बन्द कर दिया गया है। केवल ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन ही किया जा रहा है।
- यात्रा के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें।

रजिस्ट्रेशन के माध्यम

registrationandtouristcare.uk.gov.in | +91-8394833833 (Type 'yatra' on WhatsApp)
Toll Free Number 0135 1364 | ऐप डाउनलोड करें: touristcareuttarakhand

GET IT ON Google Play
Download on the App Store

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें।

फोन नम्बर 0135-1364, 0135-2559898, 0135-2552627 | ई-मेल : touristcare.uttarakhand@gmail.com

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# कहीं 90 लाख रुपये के लिए तो नहीं हुई हत्या

**रिटायर्ड आईएएस अफसर की पत्नी की हत्या**

**देवेंद्र ने 15 दिन पहले बेचा था गोमतीनगर का फ्लैट**

**सीसीटीवी फुटेज में दिखे संदिग्ध**

**तीन दिन पहले मकान छोड़ने वाले किराएदार पर भी शक**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : रिटायर्ड आईएएस अधिकारी देवेंद्र दुबे की पत्नी मोहिनी दुबे की हत्या 90 लाख रुपये के लिए तो नहीं की गई है। 15 दिन पहले देवेंद्र ने गोमतीनगर के फ्लैट को 90 लाख रुपये में बेचा था। इसका बड़ा हिस्सा घर में ही रखा था। पुलिस सीसीटीवी फुटेज में दिखे दो संदिग्ध युवकों की तलाश में जुटी है। आशंका है कि इन्हीं दोनों ने वारदात को अंजाम दिया। वहीं, तीन दिन पहले मकान छोड़ने वाला किराएदार भी संदेह के घेरे में है। उससे भी पुलिस पूछताछ करेगी।

पुलिस के मुताबिक वारदात के बाद जांच के दौरान परिजन और कर्मचारियों से पूछताछ की गई। इसमें सामने आया कि देवेंद्र ने गोमतीनगर में एक फ्लैट ले रखा था। जिसे वह काफी दिनों से बेचना चाहते थे। इसका सौदा 90 लाख रुपये में तय हुआ। रुपये मिलने के बाद देवेंद्र ने 15 दिन पहले इसकी रजिस्ट्री भी कर दी। फ्लैट बेचने के बाद जो रकम मिली उसका बड़ा हिस्सा घर में मोहिनी के पास रखा था। जो वारदात के बाद नहीं मिल रहा है। पुलिस को संदेह है कि इन्हीं रुपये के लिए मोहिनी की हत्या तो नहीं की गई है। इस बिंदु पर भी पुलिस जांच कर रही है।

**सुरक्षा का रखतीं थीं ख्याल :** पुलिस के मुताबिक मोहिनी अपनी सुरक्षा को लेकर काफी सतर्क रहती थीं। वह देवेंद्र घर पर रहे या न रहें हमेशा दरवाजा बंद रखती थी। सिर्फ मुख्य द्वार और चैनल खुला रहता था। वह भी हमेशा चिपकाकर रखती थी। परिचित के आने के बाद ही दरवाजा खोलती थी।



पूर्व आईएएस अधिकारी देवेन्द्रनाथ दुबे के आवास पर लूट के उपरान्त हुई हत्या के उपरान्त घर के बाहर लगी भीड़। अमृत विचार

### लूट और हत्या की दर्ज कराई एफआईआर

जेसीपी क्राइम आकाश कुलहरि के मुताबिक रिटायर्ड आईएएस देवेंद्र दुबे ने तहरीर दी। जिसमें अज्ञात पर लूट और हत्या का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।

### औंधे मुंह पड़ा था शव

घर में दाखिल होने के बाद देवेंद्र को पत्नी का शव औंधे मुंह फर्श पर पड़ा मिला। उन्होंने ही ड्राइवर रवि की मदद से शव को सीधा किया। फिर पुलिस को सूचना दी। देवेंद्र ने पुलिस को बताया कि मोहिनी का गला दुपट्टे से कसा गया था। जो उनके गले में ही फंसा मिला है।

### जान बचाने के लिए किया संघर्ष

पुलिस के मुताबिक घर की हालत देखकर लगा कि मौत के पहले मोहिनी ने खुद को बचाने के लिए काफी संघर्ष किया। जिस कमरे के बाथरूम के चेंजिंग रूम में शव पड़ा था। उस कमरे की टीवी फर्श पर गिरी थी। वहीं सामान भी बिखरा हुआ था। आलमारी खुली थी, उसका सामान बाहर निकालकर फेंक दिया गया था। फोरेंसिक टीम ने सभी सामानों से फिंगर प्रिंट लिया।



हत्या की जांच कर वापस घर बाहर निकलते आईपीएस अधिकारी आकाश कुलहरि।

### चिल्लाये.. रवि इधर आओ

देवेंद्र के चालक रवि यादव ने बताया कि सुबह करीब 7 बजे साहब के साथ गया था। 9.30 बजे साहब के साथ घर वापस आया। मेन गेट खुला था। हमें लगा स्वीपर कुछ काम कर रहा होगा। साहब ऊपर चले गए मैं गाड़ी की चाबी रखने के लिए रुका। ऊपर से साहब चिल्लाये, बोले- रवि जल्दी इधर आओ। ऊपर पहुंचा तो मैडम वहां गिरी पड़ी थीं। हमने अपने भाई को फोन किया। फिर मैडम के भाइयों को फोन कर बुलाया। जो लखनऊ के सदर बाजार में रहते हैं।

### नीली स्कूटी से आए थे दो संदिग्ध, सीसीटीवी में कैद

लूट व हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों ने रिटायर्ड अफसर के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भले ही नोंच कर ले गए हो, पर पूरी कॉलोनी में हर घर सीसीटीवी से लैस है। पुलिस आस-पास के मकानों के साथ-साथ हर दिशा में जाने वाली रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस को कुछ कैमरे में नीली स्कूटी सवार दो संदिग्धों फुटेज में दिखे हैं। जिसके आधार पर अन्य कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है। सूत्रों का दावा है कि नीली स्कूटी सवार संदिग्ध पिछले तीन दिन से इलाके में लगातार नजर आ रहे थे। पुलिस ने पिछले चार-पांच दिन तक के फुटेज खंगाले तो उसमें दोनों युवक तीन दिन से घर के आसपास आते-जाते दिखे। कई बार पास के पार्क के कोने पर खड़े होकर नौकर, नौकरानी, चालक और दूध वाले के बारे में जानकारी जुटा रहे थे।

# 150 मिनट में उजड़ गयी देवेंद्र की गृहस्थी


कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : रिटायर्ड आईएएस देवेंद्र नाथ दुबे शनिवार सुबह 9.30 बजे चालक रवि के साथ गोल्फ खेलकर वापस आए। तो दरवाजा खुला देख अनहोनी की आशंका हुई। पहली मंजिल पर पहुंचे तो मोहिनी का शव पड़ा देख चीख पड़े। अपने चालक को बुलाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मुताबिक महज 150 मिनट में देवेंद्र की पूरी गृहस्थी उजड़ गई।

पुलिस ने बताया कि मूलरूप से कन्नौज के फंशा मोहल्ले के रहने वाले देवेंद्र दुबे ने वर्ष 2007 में दूसरी शादी की थी। इसके बाद से ही बड़ा बेटा प्रांजल अपने परिवार के साथ नोएडा चला गया। वहीं रहने लगा। किसी विशेष आयोजन में ही वह आता-जाता था। वहीं, दूसरे बेटे प्रतीक को देवेंद्र ने संपत्ति से बेदखल कर दिया था। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में सामने आया कि प्रतीक नशे का आदी है। उसकी हरकतों से परेशान होकर देवेंद्र दुबे ने उसे बेदखल कर दिया था। वह इंदिरा नगर के तकरोही इलाके में रहता है।

**तीन दिन पहले हुई थी कहासुनी** : पुलिस के मुताबिक देवेंद्र दुबे की छोटे बेटे से संपत्ति के बंटवारे को लेकर तीन दिन पहले कहासुनी हुई थी। मामला हाथापाई तक पहुंच गया था। प्रतीक को जैसे पता चला कि गोमतीनगर का फ्लैट देवेंद्र ने बेच दिया है। उसकी रकम दूसरी पत्नी मोहिनी के पास है। वह अपना हिस्सा मांगने पहुंचा था। इसे लेकर विवाद हो गया था। शनिवार को मोहिनी की हत्या की सूचना पर प्रतीक घर पहुंचा तो उसे देवेंद्र ने डांटकर भगा दिया।

**कुछ दूरी से वापस आ गया डाग स्क्वायड** : पुलिस ने फोरेंसिक और डाग स्क्वायड की टीम को बुलाया। जब खोजी कुत्ता बाहर निकला तो गेट के पास आकर कुछ देर ठहरा। फिर चार मकान बाद तक गया और वापस आकर घर के गेट पर मंडराने लगा।



पूर्व आईएएस देवेन्द्रनाथ दुबे पत्नी मोहिनी दुबे के साथ।

### खंगाली जा रही कर्मचारियों की कॉल डिटेल

पुलिस के मुताबिक वारदात के बाद सभी कर्मचारियों के मोबाइल नंबर पुलिस ने ले लिया है। इसमें चालक रवि, उसका भाई अखिलेश, दूधिया इमरान उर्फ संजू, माली इंद्रपाल, नौकरानी सुनीता शामिल है। पुलिस इन सभी के मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाल रही है।

### 2007 में की थी मोहिनी से शादी

पुलिस के मुताबिक रिटायर्ड आईएएस देवेंद्र दुबे की पहली पत्नी मीना थी। उनसे दो बेटे प्रांजल और प्रतीक हैं। 2004 में मीना की मौत हो गई। इसके तीन साल बाद देवेंद्र ने मूलरूप से बलिया की रहने वाली मोहिनी से 2007 में शादी में की। हत्या की सूचना मिलने पर कैंट इलाके में रहने वाले मोहिनी के भाई मदनमोहन शुक्ला और पहली पत्नी के भाई निरालानगर निवासी राकेश शुक्ला पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। मदन ने बताया कि मोहिनी के कोई संतान नहीं थी।

- दूसरी शादी के बाद से ही अलग रहता था बड़ा बेटा
- छोटा बेटा नशे का आदी है, उसे किया था बेदखल

### पति ने दी मुखाग्नि

पूर्व आईएएस देवेंद्र दुबे की पत्नी मोहिनी के शव का पोस्टमार्टम शाम 5 बजे हुआ। इसके बाद परिजन को शव सुपुर्द कर दिया। आधे घंटे में वह शव लेकर घर पहुंचे। वहां से भैसाकुंड के लिए निकले। शाम 7 बजे पति देवेंद्र ने चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान मोहिनी के भाई मदन मोहन शुक्ला, पहली पत्नी के भाई राकेश शुक्ला, छोटा बेटा प्रतीक व अन्य रिश्तेदार मौजूद थे।

### प्रयागराज के मंडलायुक्त रहे देवेंद्र

पुलिस ने बताया कि देवेंद्र दुबे प्रयागराज में मंडलायुक्त रह चुके हैं। पीसीएस से प्रमोट होकर वह आईएएस बने। वह रायबरेली के डीएम रह चुके हैं। प्रयागराज के कमिश्नर का पद भी उन्होंने संभाला। देवेंद्र दुबे वर्ष 1971 72 बैच के पीसीएस अधिकारी है। वह लंबे समय तक लखनऊ में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर तैनात रहे। यहां वह अपर जिलाधिकारी प्रशासन और अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के पद पर भी तैनात रहे। इसके बाद उनकी तैनाती शासन में हो गई। वर्ष 2006 में आईएएस पर प्रोन्नत हो जाने के बाद वह रायबरेली के जिलाधिकारी बनाए गए। वर्ष 2008 में उनको इलाहाबाद का मंडलायुक्त बनाया गया।

# फ्लैट का रुपया किसी नहीं देना चाहती थी मोहिनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : गोमतीनगर के फ्लैट बेचने पर मिले 90 लाख रुपये को मोहिनी अपने पास रखना चाह रही थी। इस पर देवेंद्र ने उसे समझाया भी था। पर, वह मानने को तैयार नहीं थी। इसी कारण इसका बंटवारा नहीं हो सका। बताया जा रहा है, हत्या के बाद मोहिनी की अलमारी से रकम और जेवर भी गायब हुए हैं।

पुलिस को परिजनों ने बताया कि मोहिनी बहुत रिजर्व रहती थी। कमरे में कुछ ही लोगों को प्रवेश मिलता था। यहां तक की नौकर भी बिना अनुमति के प्रवेश नहीं करते थे। घटना के समय मोहिनी ने दरवाजा खोला, तभी हत्यारा कमरे में प्रवेश कर पाया। यह आशंका है कि मोहिनी को पहले से पता था कि कौन आने वाला है? पुलिस की जांच अब ऐसे लोगों के इर्द-गिर्द घूम रही है जो मोहिनी के परिचित हों और पहले से ही उनके घर में आते-जाते रहते हों।

### मुख्य मार्ग से आए थे हत्यारे

पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि हत्यारे मुख्य मार्ग से आए थे। इससे यह साफ हो रहा है कि घर में एंट्री करने वाला और घटना को अंजाम देने वाला पूरी तैयारी के साथ आया था।

### पुलिस के रडार पर देवेंद्र दुबे भी

सूत्रों के मुताबिक पुलिस को पता चला कि देवेंद्र दुबे शनिवार को गोल्फ खेलने नहीं गए थे। नौकर व चालक भी संदेह के घेरे में है। पुलिस के मुताबिक देवेंद्र दुबे ने लूट की बात कही है। हालांकि इसकी पुष्टि अभी तक नहीं हुई।

### क्राइम ब्रांच टीम ने जुटाए साक्ष्य

कमिश्नरेट पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम भी पहुंची। टीम ने रिश्तेदारों और पड़ोसियों से पूछताछ कर साक्ष्य जुटाए। ज्यादातर घरों के बाहर सीसीटीवी लगे हैं। सभी कैमरों के फुटेज देखे गए।

### नौकरानी थी छुट्टी पर

पुलिस के मुताबिक देवेंद्र दुबे के घर में दो चालक रवि और अखिलेश हैं। इसके अलावा नौकरानी सुनीता है। दूध देने वाला इमरान उर्फ संजू है। वहीं एक सफाई कर्मचारी और माली है। इन सभी को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के मुताबिक देवेंद्र दुबे की नौकरानी सुनीता ने शनिवार को अवकाश लिया था। सुबह के समय दोनों चालकों के अलावा दूध वाला, नौकरानी ही घर पर रहते थे। नौकरानी और चालक को छोड़कर बिना अनुमति के किसी को घर के अंदर प्रवेश नहीं मिलता था। शनिवार सुबह मोहिनी अकेले हैं, इसकी जानकारी हत्यारों को थी। घटना का समय दूध वाले के जाने के बाद का तय किया गया। पुलिस को पूर्व आईएएस के करीबियों पर ही संदेह है।



हत्यारोपियों द्वारा बाथरूम में रखे टब में फेंके गए पर्स, पासपोर्ट और अन्य कागजात।

### पानी के टब में फेंका पर्स और पासपोर्ट

पुलिस की जांच में सामने आया कि हत्या के समय मोहिनी किचन में दूध गर्म करने के लिए गैस पर चढ़ाया था। हत्यारा जब घर में आया तो वह जलती गैस छोड़कर चली गई। दूध भी जल गया था। पुलिस ने बताया कि पानी के टब में फेंका मिला पासपोर्ट और पर्स घटनास्थल पर शव के पास बाथरूम में एक पानी से भरा टब था। इसमें पासपोर्ट, अन्य दस्तावेज और एक पर्स समेत दो बैग डूबे थे। पुलिस ने मौके से फिंगर प्रिंट के सैंपल जांच के लिए भेजे हैं।

# घर में जबरन प्रवेश नहीं करीबी शक के दायरे में

**अमृत विचार, लखनऊ** : पुलिस के मुताबिक जांच में साफ है कि घर में किसी का जबरदस्ती प्रवेश नहीं हुआ है। वारदात को अंजाम देने वाला आसानी से मुख्य गेट से लेकर पहली मंजिल तक गया। इसके बाद वारदात को अंजाम दिया।

आशंका है कि घटना में कोई करीबी शख्स है जिसको मोहिनी जानती थीं। पुलिस के मुताबिक आलमारी खुली थी। उसमें रखे जेवरात गायब थे। वहीं चाबी से लॉकर खोला गया था। ये सारे साक्ष्य इशारे कर रहे हैं कि करीबी ने ही वारदात को अंजाम दिया।

### कालोनी में प्रवेश के सिर्फ दो गेट

रिटायर्ड आईएएस देवेंद्र दुबे इंदिरानगर सेक्टर-20 की जिस कालोनी में रहते हैं, उसमें प्रवेश के लिए पांच गेट बने हैं। पर, दो का ही का प्रयोग किया जाता है। तीन गेट पर हमेशा ताला लगा रहता है। हालांकि इंट्री के दौरान किसी तरह की कोई रोक-टोक नहीं है। न ही कॉलोनी में सेफ्टी के लिए कोई गार्ड तैनात है। लोगों ने अपने घर सीसीटीवी कैमरे लगा रखा है। देवेंद्र दुबे केकेसी कॉलेज के प्रशानिक टीम के मेंबर होने के चलते एजुकेशन विभाग के कई अफसर उनके घर पहुंचे।

# वाहन की टक्कर से घायल सेल्समैन की मौत

संवाददाता, बख्शी का तालाब

- इटौंजा थाना क्षेत्र के राजापुर का निवासी था सेल्समैन

**अमृत विचार:** इटौंजा क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से घायल साइकिल सवार सेल्समैन की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

पुलिस के मुताबिक, थाना क्षेत्र के राजापुर निवासी सिताब राय श्रीवास्तव (55) सेल्समैन का काम करते थे। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे साइकिल से जाते समय एनएच 24 पर लखनऊ इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल चांदपुर के सामने तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन समेत फरार हो गया। राहगीरों ने एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन काफी देर नहीं पहुंची। इस बीच सूचना पर पहुंची इटौंजा पुलिस अपनी जीप से उन्हें रामसागर मिश्र 100 शैय्या अस्पताल ले गयी। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी पर पहुंचे परिजन से पूछताछ के बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

# दरवाजा तोड़ पुलिस कर्मियों ने बचाई गले में फंदा लगा रहे युवक की जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ठाकुरगंज क्षेत्र में पुलिस कर्मियों की मुस्तैदी से फंदा लगाने जा रहे युवक की जान बच गई। पुलिसकर्मी जब पहुंचे तो दरवाजा बंद कर युवक फंदा लगाने जा रहा था। आवाजें देने के बाद भी जवाब नहीं मिलने पर पुलिसकर्मियों ने दरवाजा तोड़ कर उसे बचा लिया। पत्नी के मायके जाने से परेशान होकर युवक यह कदम उठाने जा रहा था।

इंस्पेक्टर श्रीकांत राय के मुताबिक, शनिवार सुबह सूचना मिली की बरौरा हुसैनबाड़ी में एक युवक फंदा लगा कर जान देने जा रहा है। आनन-फानन पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। आवाज देने के बाद भी जवाब नहीं मिलने पर पुलिसकर्मी दरवाजा तोड़ कर अंदर पहुंचे तो युवक पंखे के कुंडे में फंदा बांधकर लटकने जा रहा था। पुलिस कर्मियों ने गले में फंदा बांधने से पहले ही उसे उतार लिया। पूछताछ में पता चला कि युवक का पत्नी से विवाद चल रहा है। पत्नी बच्चों के साथ मायके चली गई थी। वापस न आने के कारण वह आत्मघाती कदम उठाने जा रहा था।

### पत्नी के मायके जाने से परेशान युवक ने फंदा लगाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** ठाकुरगंज क्षेत्र में पत्नी के मायके से नहीं आने से परेशान युवक ने फंदा लगा कर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक, फरीदीपुर निवासी अभिषेक रावत (22) ने शुक्रवार देर रात फंदा लगाकर जान दे दी। पिता राजू रावत ने बताया, बेटा अभिषेक घर से कुछ दूरी पर दुकान चलाता था। किसी बात को लेकर नाराज होकर पत्नी मायके चली गई थी। इसके बाद से वह परेशान था। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया परिजनों ने अभी प्रार्थना-पत्र नहीं दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# सुबह नशे में धुत घूम रहा अधेड़ दोपहर में मृत मिला

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई क्षेत्र अधेड़ का शव मिला। आसपास के लोगों ने सुबह उसे नशे में धुत होकर इधर-उधर घूमते देखा था। पुलिस ने परिजन को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार तिवारी के मुताबिक, तेलीबाग चौराहा के पास शनिवार दोपहर आसपास के लोगों ने एक अधेड़ का शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने तलाश में मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान सुरेश कुमार (51) पिता दीवान निवासी ग्राम भजन मऊ दयालपुर, थाना निगोहां के रूप में की।

## सार-संक्षेप

### 25 लीटर अवैध ताड़ी बरामद, दो गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** थाना मलिहाबाद अंतर्गत शिवदासपुर, फतेहनगर आदि गांवों में अवैध ताड़ी के विरुद्ध दबिश और सघन तलाशी अभियान चलाया गया। दबिश के दौरान मौके से लगभग 25 लीटर अवैध ताड़ी बरामद हुई, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में 2 अभियोग पंजीकृत किये गये। दबिश टीम में प्रधान, आबकारी निरीक्षक सुबाष चन्द्र एवं सिपाही कमलेश श्रीवास्तव, नितिन कुमार, सुजीत कुमार आदि सम्मिलित रहे। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि यह अभियान निरंतर चलेगा।

### बच्ची से छेड़खानी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को घर के सामने खेल रही सात वर्षीया बच्ची से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा के मुताबिक, आरोपी की पहचान इंतजार निवासी न्यू पारा कॉलोनी के रूप में हुई है। बताया आरोपी के खिलाफ पीड़ित पिता ने मामला दर्ज कराया था। कहा आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### मोबाइल पर बातें करते- करते युवती घर से लापता

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** थाना क्षेत्र निवासी युवती शुक्रवार को लापता हो गई। पीड़ित पिता ने सरोजनीनगर के मुंशी खेड़ा, ट्रांसपोर्ट नगर निवासी राहुल रावत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित पिता शुक्रवार को ड्यूटी पर था। दोपहर करीब 2 बजे पत्नी ने फोन कर बताया बेटी किसी से मोबाइल फोन पर बात करते करते घर से लापता हो गई। तलाश करने पर पता चला कि राहुल के साथ युवती को देखा गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर युवती को जल्द सुरक्षित करने का आश्वासन दिया है।

### चोरी का प्रयास कर रहे दो लोगों को रंगेहाथ पकड़ा

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर पुलिस ने रेलिंग चोरी करने का प्रयास कर रहे दो आरोपियों को रंगेहाथ पकड़ लिया। इंस्पेक्टर, शैलेंद्र गिरी के मुताबिक, शुक्रवार तड़के शहीद पथ पर न्यू गुड़ौरा पुल, एयरपोर्ट जाने वाले रास्ते के पास से पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों की पहचान न्यू गुड़ौरा निवासी रंजीत और बाग नंबर- दो, बेहसा निवासी राहुल चौरसिया के रूप में हुई। कड़ाई से पूछताछ में दोनों ने बताया कि रोड पर लगी रेलिंग तोड़कर चोरी करने की फिराक में खड़े थे। इंस्पेक्टर ने बताया दोनों के खिलाफ उन्नाव के असोहा थाने में चोरी के कई मामले दर्ज हैं। बताया आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### चोरों ने पार की बागवान की बाइक

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** काकोरी थाना क्षेत्र के ग्राम भलिया निवासी सुशील कुमार ग्राम गढ़ी निवासी बहनोई अशोक कुमार के घर पर रहकर बागवानी का काम करता है। शुक्रवार रात सुशील कुमार बाइक बहनोई के घर के बाहर खड़ी कर सो गया। सुबह उठा तो बाइक चोरी हो चुकी थी। काफी तलाश के बाद भी बाइक नहीं मिलने पर उसने थाने में प्रार्थना-पत्र देकर बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### थाने के पास सड़क पर पड़ा मिला युवक का शव

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** रहीमाबाद थाने के पास शनिवार को सड़क पर युवक का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा। पुलिस के मुताबिक, निर्माणाधीन एनएच मार्ग पर मिले मृतक की पहचान हरदोई जनपद के कछौना निवासी पंकज शर्मा के रूप में हुई। बताया परिजन को सूचना दी गई है। शव मोर्च्युरी में रखवाया है। परिजन के आने पर पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# क्लोन चेक से रकम निकलने पहुंचा जालसाज गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : जनरल पोस्ट ऑफिस (जीपीओ) में खोले गए फर्जी खाते में क्लोन चेक लगाकर रकम निकालने का प्रयास कर रहे एक जालसाज को शनिवार सुबह गिरफ्तार किया गया। आरोपी इससे पहले भी दो इसी तरह फर्जीवाड़ा करके क्लोन चेक से रकम निकाल चुका है। आरोपी को पकड़ने के बाद कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस अब उससे पूछताछ करने में जुटी है।

जीपीओ के अधिकारियों ने बताया कि सुबह 10:30 बजे एक युवक चेक से रुपये निकालने आया। काउंटर पर उसने चेक जमा किया। यह चेक आजमगढ़ के हीरापट्टी पंजाब नेशनल बैंक का था। 45 हजार रूपये का यह चेक देखकर काउंटर पर तैनात बाबू को शक हुआ। उसने पूछताछ की तो चेक जमा करने वाला युवक जयप्रकाश भागने लगा। इस पर बाबू ने अन्य सहयोगियों की मदद से उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि लखनऊ के बुद्धेश्वर का रहने वाला है। इससे पहले 21 मई को भी दो चेक इसी तरह से लगाकर 93 हजार रूपये निकाल चुका है। जीपीओ के कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी। हजरतगंज पुलिस ने आरोपी जयप्रकाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की छानबीन में सामने आया कि जयप्रकाश ने फर्जीवाड़ा करने के लिए फर्जी आधार, पैन कार्ड लगाकर जीपीओ मे एक खाता खुलवाया था। वो चेक की क्लोनिंग करके इसी खाते में जमा करके बड़ी आसानी से रकम निकाल लेता था।



पुलिस की गिरफ्त में पकड़ा गया जालसाज, (इनसेट में) जाली चेक। अमृत विचार

**डाक विभाग की मिली भगत से चल रहा था खेल :** पुलिस के मुताबिक जीपीओ में इससे पहले भी इसी खाते से रकम निकलने के बाद भी विभाग ने इसपर अंकुश नही लगाया। इससे आशंका है कि विभाग के लोगों की संलिप्तता से जालसाजी का खेल चल रहा है। हजरतगंज इंस्पेक्टर ने बताया कि इस दिशा में जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी से पूछताछ चल रही है।

# लोहा कोटिंग फैक्ट्री का बॉयलर फटने से लगी आग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दो दमकल की गाड़ियों से 30 मिनट में पाया काबू
- फैक्ट्री के बाहर भाग कर मजदूरों ने बचाई जान

**अमृत विचार** : चिनहट क्षेत्र में लोहा कोटिंग फैक्ट्री में बॉयलर फटने से हुये धमाके के साथ आग लग गई। धमाके से फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन बाहर भाग कर अपनी जान बचाई। इस बीच सूचना पर पहुंची टेल्को कंपनी की दो गाड़ियों से आग पर काबू पाया गया।

इंस्पेक्टर चिनहट अवनीश कुमार चतुर्वेदी के मुताबिक, इंडस्ट्रियल एरिया में मेंबर नाम की लोहा कोटिंग फैक्ट्री में शनिवार देर शाम 25 मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान बॉयलर में तेज धमाके के साथ आग लग गई। जब तक कर्मचारी कुछ समझ पाते। आग विकराल हो उठी। इससे कर्मचारी घबरा कर शोर मचाते हुए फैक्ट्री से बाहर भाग गए। सूचना पर पहुंचीं टेल्को कंपनी की दो गाड़ियों से आधे घंटे में कर्मचारियों ने खुद आग पर काबू पा लिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। फैक्ट्री मालिक को कॉल की गई थी, लेकिन बात नहीं हो सकी।

## एक नजर

### आइटा टेनिस चैंपियनशिप कल से

**अमृत विचार, लखनऊ :** अशियाना स्थित उन्नाद टेनिस अकादमी में आइटा टेनिस चैंपियनशिप 27 मई से होगी। 31 मई तक चलने वाली इस चैंपियनशिप के क्वालिफाइंग मुकाबले रविवार को खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में बालक व बालिका एकल में 32 और बालक व बालिका युगल में 16-16 खिलाड़ियों का ड्रॉ होगा। इस प्रतियोगिता के दौरान दिल्ली के देव प्रकाश यहां पर खेलते नजर आएंगे। वह देश की 49वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी है। इसके अलावा यूपी के वरुण सिंह, मेहर सिंह, रोहिन राज भी यहां पर जीत के लिए जोरआइजमाश करेंगे। आयोजन सचिव गोविंद मौर्या के अनुसार क्वालिफाइंग राउंड खेलने वाले खिलाड़ी शनिवार को लखनऊपहुंच गए हैं। कुछ खिलाड़ियों ने आज अभ्यास भी किया। रविवार दिन बालक एकल वर्ग के क्वालिफाइंग मुकाबले खेले जाएंगे। यहां जीत करने वाले खिलाड़ियों को 27 मई से होने वाले मुख्य ड्रॉ में प्रवेश मिलेगा।



मैन ऑफ द मैच पुरस्कार प्राप्त करता एम. कैफ अंसारी।

### कैफ की गेंदबाजी से क्रिएटर्स क्लब जीता

**अमृत विचार , लखनऊ :** मैन ऑफ द मैच एम. कैफ अंसारी की शानदार गेंदबाजी की बदौलत एसएमआर क्रिकेट कप अंडर-16 टूर्नामेंट के लीग मैच में द क्रिएटर्स क्लब ने ट्रम्फ स्टार लेट क्रिकेट क्लब को 6 विकेट से हरा दिया। एसएमआर ग्राउंड पर शनिवार को ट्रम्फ स्टार लेट्स क्रिकेट क्लब ने 36.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 96 रन बनाए। अमन वर्मा ने 35 और तनिष्क यादव ने 15 रन बनाए। द क्रिएटर्स क्लब की ओर से एम. कैफ अंसारी ने 3 और प्रत्यूष सोमवंशी ने 2 विकेट गिराए। फिरोज अहमद, ऋषि कनौजिया, शिवांश त्रिपाठी ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में द क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब ने 9.2 ओवर में 4 विकेट खोकर 102 रन बनाए और जीत हासिल की। अद्वितीय शुक्ला ने 42 और सुरेंद्र कुमार ने 20 रन बनाए।

# सुनीश, अक्षित और बुद्धम को वुशू में मिली तिहरी स्वर्णिम सफलता

## 23वीं उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय जूनियर व 24वीं सब जूनियर प्रतियोगिता में दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ के सुनीश रावत, गौतम बुद्ध नगर के अक्षित भारद्वाज और बुद्धम लामा ने 23वीं उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय जूनियर एवं 24वीं सब जूनियर वुशू प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न स्पर्धाओं में धमाकेदार प्रदर्शन कर तिहरी स्वर्णिम सफलता हासिल की।

उत्तर प्रदेश वुशू एसोसिएशन की देख-रेख में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुद्देशीय हाल में खेली जा रही प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को मेजबान लखनऊ के सुनीश रावत ने ग्रुप ए के चंगक्वान में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। इसके बाद सुनीश दाओशू और गुनशु में भी अव्वल रहे। दूसरी ओर गौतम बुद्ध नगर के अक्षित भारद्वाज ने ग्रुप बी के चंगक्वान, दाओशू और गुनशु में प्रथम स्थान पर कब्जा किया। गौतम बुद्ध नगर के बुद्धम लामा, नन ग्रुप के तीनों इवेंट यानि ननक्वान, ननदाओ और ननगुन में पहले स्थान पर रहे।

लखनऊ की मान्या कक्कड़ ने बालिका विंग चुंग में स्वर्णिम सफलता हासिल की। बालक विंग चुंग में लखनऊ के आयुष्मान दीप ने लखनऊ के ही सक्षम सिंह को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। सक्षम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। अन्य स्पर्धाओं में ग्रुप बी क्यांगशू में गौतम बुद्ध नगर के हितेन भाटी ने स्वर्ण जीता। ट्रेडिशनल इवेंट के ताईचीक्वान और ताईची जियान में गौतम बुद्ध नगर के आर्यमन शर्मा ने स्वर्ण पदक जीता।

अन्य स्पर्धाओं में ग्रुप बी क्यांगशू में गौतम बुद्ध नगर के हितेन भाटी ने स्वर्ण जीता। ट्रेडिशनल इवेंट के ताईचीक्वान और ताईची जियान में गौतम बुद्ध नगर के आर्यमन शर्मा ने स्वर्ण पदक जीता।



वुशू प्रतियोगिता में जोर आजमाते खिलाड़ी। अमृत विचार

### अनिल और हर्ष को स्वर्ण

थर्ड सेट इवेंट में ताईचीक्वान में गौतम बुद्ध नगर के अनिल कुशवाहा और ताईची जियान में गौतम बुद्ध नगर के ही हर्ष भाटी ने स्वर्ण पदक जीते। गौतम बुद्ध नगर की नैंसी भारद्वाज ने नन्क्वान और नन्गुन में अव्वल रहते हुए दोहरे स्वर्ण पदक जीते। गौतम बुद्ध नगर की सुधा यादव ने ताईचीक्वान में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। दूसरी ओर बालिका ननक्वान में मेरठ की निशा चौधरी ने कांस्य पदक जीता। रविवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन सांडा के सभी भार वर्गों के फाइनल मुकाबले खेले जायेंगे।





शतरंज प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी पदक और प्रमाण पत्रों के साथ। अमृत विचार

# प्रणव को मात देकर पवन बने चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ आरके शुक्ला स्मारक इंटर कॉलेजिएट चेस चैंपियनशिप

**अमृत विचारः** चौथी आरके शुक्ला स्मारक इंटर कालेजिएट चेस चैंपियनशिप में राज्य कर विभाग के पवन बॉथम ने बाजी मारी। सातवें और अंतिम चक्र में पहले बोर्ड पर युवा खिलाड़ी प्रणव रस्तोगी और पवन बॉथम के मध्य सिसिलियन डिफेंस में खेली गई बाजी 25 चालों में बराबरी पर छूटी। पवन ने 7 चक्रों में 6.5 अंक अर्जित कर चैंपियनशिप पर अपना कब्जा किया। बीएसएनवी पीजी कॉलेज की देखरेख में आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के मुकाबले खेले गए।

प्रतियोगिता में दूसरे बोर्ड पर रवि शंकर ने सफेद मोहरों से खेलते हुए कृष्णा तेजस को परास्त किया और 6 अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। तीसरे बोर्ड पर अनुभवी आरिफ अली ने युवा खिलाड़ी आरव गुप्ता के विरुद्ध काले मोहरों से खेलते हुए जीत हासिल करने के साथ ही 5.5 अंक अर्जित किये। आरिफ अली, प्रणव रस्तोगी, सन्यम श्रीवास्तव एवं गौराश जयसवाल सभी ने 5.5 अंक अर्जित किये परंतु टाई ब्रेक स्कोर के चलते उन्हें क्रमशः तीसरा चौथा, पाचवां एवं छठा स्थान मिला। बेस्ट कालेज का खिताब बीएसएनवी पीजी कालेज को और बेस्ट स्कूल का खिताब लामाटीर्नियर ब्वॉयज को मिला। अंडर 9 आयु वर्ग में अग्रार्थ मिश्रा, अंडर 11 में दियारा अग्रवाल, अंडर 13 में में मेधांश राज और अंडर 15 में आरव गर्ग ने प्रथम स्थान हासिल किया।

# नहीं मिली बस, दो वर्षों से हॉकी खिलाड़ी बेबस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ गोमती नगर में एस्ट्रोटर्फ पर अभ्यास करने नहीं जा पा रहीं बाबू स्टेडियम छात्रावास की बालिकाएं

**अमृत विचार :** केडी सिंह बाबू स्टेडियम के छात्रावास की बालिका हॉकी खिलाड़ी दो साल से एस्ट्रोटर्फ पर अभ्यास नहीं कर पा रहीं हैं। इसकी दो वजहें हैं। पहला गोमती नगर विजयंत खंड में उनके लिए छात्रावास का न होना और दूसरा ले जाने और लाने के लिए अभी तक का बस का इंतजाम न हो पाना। अधिकारी जल्द समस्या दूर करने की बात कह रहे हैं। फिलहाल वे घास के मैदान में अभ्यास करने के लिए मजबूर हैं।

राजधानी में खेल विभाग का बालकों और बालिकाओं का हॉकी छात्रावास मौजूद हैं। गोमती नगर में हॉकी की सिंथेटिक टर्फ बिछ जाने के बाद तकरीबन दो वर्ष पूर्व बालकों के छात्रावास को केडी सिंह बाबू स्टेडियम से गोमती नगर विजयंत खंड स्थानान्तरित कर दिया गया। लेकिन बाबू स्टेडियम की बालिका खिलाड़ियों को वहां पर शिफ्ट नहीं किया जा सका। छात्रावास की व्यवस्था न होने से बालिकाओं को यहीं रखा गया। ऐसे में बालिकाओं को टर्फ पर अभ्यास की सुविधा देने को क्षेत्रीय खेल कार्यालय की देखरेख में एक बस खरीदे जाने की तैयारी की गई। अभ्यास के लिए छात्रावास की बालिकाएं इस बस से रोजाना गोमती नगर आ-जा सके, इसकी योजना बनाई गई। विभागीय अधिकारियों के अनुसार बस न आने से इन खिलाड़ियों टर्फ पर अभ्यास करने का सपना पूरा नहीं हो सका।

क्षेत्रीय क्रीड़ाकारी अजय कुमार सेठी के मुताबिक बालिका खिलाड़ियों के लिए बस का इंतजाम किया जा रहा है। नई बस खरीदेने की सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। अगले महीने बस क्षेत्रीय खेल कार्यालय को बस मिलने की संभावना है।



किट के साथ खेलो इंडिया हॉकी सेंटर के खिलाड़ी। अमृत विचार

# हॉकी किट मिलते ही खिलाड़ियों का उत्साह दोगुना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ खेलो इंडिया हॉकी सेंटर के खिलाड़ियों को प्रदान की गई किट

**अमृत विचारः** सीनियर खिलाड़ियों की किट के भरोसे टर्फ पर अभ्यास कर रहे दस वर्षीय हॉकी खिलाड़ी विनय को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शनिवार को हॉकी किट मिली तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। ऐसी ही खुशी उन 30 खिलाड़ियों के चेहरे पर भी देखने को मिली जिन्हें खेलो इंडिया हॉकी सेंटर के खिलाड़ियों को भारतीय खेल प्राधिकरण लखनऊ की ओर से किट मिली। समारोह की मुख्य अतिथि पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रंजना गुप्ता और क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी रहे।

क्षेत्रीय कीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी ने खिलाड़ियों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में क्रीड़ाधिकारी साधना सिंहद्व लता चौधरी, ऋषि कुमार, अनूप यादव, रविकान्त यादव, सतीश यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। अंत में खेलो इंडिया हॉकी सेंटर के प्रशिक्षक ऋषि कुमार ने कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों को धन्यवाद दिया।

# मां सरस्वती और लक्ष्मी की मूर्ति का हुआ मुकुट और हार श्रंगार

**अमृत विचार, लखनऊः** ज्येष्ठ मास के प्रथम शनिवार को हनुमान सेतु मंदिर में भगवान का भव्य श्रंगार हुआ। श्रंगार में लक्ष्मी माता, गणेश एवं सरस्वती माता का मुकुट, आभूषण श्री राधा सखी सेवा परिवार समिति द्वारा किया गया।

इसे समिति की संस्थापक सुषमा अग्रवाल ने बनाया। बाद में हलवा, पेड़ा, लडडू और फ्रूटी का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में अध्यात्मिक गुरु अपर्णा नेवटिया अनिल, मुदित, सविता, राखी, सिमरन, तान्या, कविता, विधि, निरुपमा गीता, सुनीता, सोनाली, अंजली, और अलंकृता उपस्थिति रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# एरोबिक्स में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी छाए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** आगरा के जॉन मिल्टन पब्लिक स्कूल में फेडरेशन कप के लिए आयोजित किए जा रहे 14वें एरोबिक्स स्पोर्ट्स में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने दूसरे दिन दमदार प्रदर्शन किया। साथ ही थाईलैंड में आयोजित एशिया चैंपियनशिप के लिए अपना स्थान सुरक्षित किया।

लखनऊ से प्रतिभाग करते अंडर-12 आयु वर्ग में नूरा, अनाहत, आरना, वैष्णवी, शुभ, और कार्तिक ने रजत पदक हासिल किया। अंडर-19 में मेगा इवेंट में आकाश, आर्यांशी, यशस्वी, साक्षी, नव्या और पलक ने रजत मेडल जीत सीनियर इवेंट में राज्य के लिए मेडल हासिल किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनंदेश्वर पण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। आगरा ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव राहुल पालीवाल, बॉक्सिंग एसोसिएशन के सेक्रेटरी प्रमोद कुमार, एरोबिक्स फेडरेशन के अध्यक्ष संतोष देशमुख, यूपी एरोबिक्स संघ के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. यश पाराशर, महासचिव एमएल साहू ने आयोजन सचिव मालविका बाजपेई को बधाई दी। टीम कोच राहुल राज व विजय कुमार को भी शुभकामनाएं दी। तीन दिवसीय आयोजन में अभी कुछ अन्य स्पर्धाओं में भी उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों के पदक जीतने की उम्मीद है।



14वें एरोबिक्स स्पोर्ट्स में पदक जीतने वाली उत्तर प्रदेश की खिलाड़ी। अमृत विचार

# तबला वादन की नई पौध में झलकीं भविष्य की संभावनाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आईटीसी कोलकाता और गुरुपद सेवा धाम लखनऊ की ओर से भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम यंग मास्टर्स के दूसरे दिन वरुण मिश्रा के शास्त्रीय गायन से पहले तबला वादन और सितार वादन का आकर्षण बिखरा। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के सुजन सभागार में किया गया था।

कार्यक्रम की शुरुआत आध्यात्म पाण्डेय, सोहम मिश्रा और आराध्य प्रवीण जैसी तबला वादन की बिलकुल नई पौध ने ताल त्रिताल पर सामूहिक तबला वादन कर भविष्य में अपनी संभावनाएं जाहिर कर दी। तबला वादन में दिनकर द्विवेदी ने हारमोनियम पर संगत की।

आईटीसी कोलकाता के कल्याण मजूमदार ने शानदार तबला वादन प्रस्तुत किया। उनके साथ तबले पर अशोक मुखर्जी संगत कर रहे थे। अंत में वरुण मिश्रा ने शास्त्रीय गायन प्रस्तुत किया। उनके साथ तबले पर अरुणेश पाण्डेय, हारमोनियम पर जयपुर के राजेन्द्र प्रसाद बनर्जी संगत कर रहे थे।

भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह, आईटीसी कोलकाता की निदेशक कथकली जानां और हंसध्वनी लखनऊ के सचिव तरुण तपन भट्टाचार्य की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आज

**अमृत विचार, लखनऊः** राजाजीपुरम स्थित देश भारती पब्लिक इंटर कॉलेज में रविवार को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के संयोजक कवि मनु व्रत वाजपेयी के अनुसार यह आयोजन पिछले 15 साल से लगातार आयोजित किया जा रहा है। हरदोई में जन्मे देश के वीर रस के प्रसिद्ध कवि छैल बिहारी वाजपेयी बाण की स्मृति में यह कवि सम्मेलन किया जाता है। छैल बिहारी वाजपेयी भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, नाना जी देशमुख, मुरली मनोहर जोशी, केशरी नाथ त्रिपाठी और कल्याण सिंह के साथी रहे। कवि सम्मेलन में देश के अनेक ख्यातिलब्ध कवि काव्यपाठ करेंगे। इस अवसर पर उनकी पुत्री देश की प्रसिद्ध कवियत्री व्यंजना शुक्ला को सम्मानित किया जायेगा।

# पद्मश्री गौरव खन्ना को मिला अपूर्वा शिखर सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बैडमिंटन कोच पद्मश्री गौरव खन्ना को इस वर्ष के अपूर्वा शिखर सम्मान से अलंकृत किया गया। चारबाग रेलवे स्टेशन के कांफ्रेंस हाल में स्टेशन अधीक्षक प्रशांत कुमार और इतिहासकार डॉ. रवि भट्ट ने उन्हें अंगवस्त्रम, प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। गौरव खन्ना देश के इकलौते कोच हैं जिनके शिष्यों ने देश के लिए 871 पदक जीते। इस उपलब्धि के लिए उन्हें द्रोणाचार्य पुरस्कार, यशभारती और पद्मश्री अवार्ड दिया जा चुका है।

इस मौके पर डॉ. रवि भट्ट ने कहा कि बड़े लक्ष्य के लिए छोटी उपलब्धियों को छोड़ते हुए आगे बढ़ना चाहिए। स्टेशन अधीक्षक प्रशांत कुमार ने कहा कि गौरव खन्ना नई पीढ़ी के गौरव हैं। डॉ. सुधा मिश्रा ने बताया कि अपूर्वा 1995 से विभिन्न विभूतियों को सम्मानित करती अ रही है। अमृता प्रीतम, गोपाल चतुर्वेदी और बेकल उत्साही को यह सम्मान दिया जा चुका है। अपूर्वा के सचिव संजय हमनवा ने कहा कि गौरव खन्ना जैसे नगीनों के सम्मान की श्रंखला जारी रहेगी।



चारबाग रेलवे परिसर में साहित्य संस्था अपूर्वा की ओर से पद्मश्री गौरव खन्ना को सम्मानित किया गया। अमृत विचार

### दुश्वारियां बढ़ जाएं तो समझ लें, मंजिल बहुत करीब

सम्मान समारोह में गौरव खन्ना ने कहा कि दुश्वारियां बढ़ जाएं तो समझ लेना चाहिए कि मंजिल बहुत करीब आ गई है। जिसने कभी स्पोर्ट किया है उसे कभी भूलियेगा मत। जिंदगी लिमिटेड है, छोटी – छोटी चीजों से उठकर बड़े मकसद की तरफ देखना चाहिए। समाज और देश के लिए कुछ योगदान के लिए हमेशा तैयार रहिएगा। उन्होंने कहा– मैं यूपी चैंपियन था, राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी था, क्रिकेट भी अच्छा खेलता था। देखरेख के अभाव में मैं खेल से दूर हो गया, हालात ऐसे बने कि मेरे हिस्से में बदनामी आ गई लेकिन मैं फिर से ट्रैक पर लौटा। पढ़ाई की तरफ लौटा तो सीडीएस क्वालीफाई किया, पीओ की परीक्षा पास कर ली। आरपीएफ ज्वाइन किया। उन्होंने बताया कि मेरी हाथरस में पोस्टिंग हुई तो पता चला कि अपराधियों को पकड़ने का भी कोटा होता है। मैंने विरोध किया कि कोटा पूरा करने के लिए बेगुनाहों को बंद नहीं करूंगा, तो विभागीय रूप से प्रताड़ना मिली, एसीआर खराब कर दी गई। इसी बीच एक्सीडेंट हो गया। बहुत चोटें आईं। इसके बावजूद ड्यूटी को शिद्दत से करते हुए रेलवे को रिजल्ट दिये। समय आया, सब ठीक होता चला गया। टीएन मिश्र ने कहा कि रेलवे बोर्ड के चेयर मैन को इन्हें सम्मानित करना चाहिए।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## एक नजर

### एक साल की यात्रा का प्लान लेकर आया आईआरसीटीसी

**अमृत विचार, लखनऊ :** आईआरसीटीसी यानी इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन ने अगले एक साल तक के लिए यात्रा का प्लान तैयार किया है। इसके तहत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पैकेज लांच किये जाएंगे। पैकेज में देश के अंदर ट्रेन से तो विदेश जाने घूमने वालों के लिए प्लेन की सुविधा मिलेगी। हवाई पैकेज में वियतनाम, कंबोडिया, नेपाल, भूटान, थाईलैंड, बाली, ईस्ट यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, मलेशिया, दुबई, अबू धाबी और जापान जैसे देश शामिल हैं। वहीं देश के भीतर भारत गौरव ट्रेन से सातों ज्योतिर्लिंग की यात्रा शामिल हैं।

### कानून व्यवस्था की समीक्षा हो : मुकेश सिंह चौहान

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ पूर्व विधान सभा उप चुनाव के इंडी गठबंधन के प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान ने पूर्व आईएएस अधिकारी देवेन्द्रनाथ दूबे की पत्नी मोहिनी दूबे की हत्या पर दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। जब मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहे दूबे के घर में दिनदहाड़े ऐसी वारदात हो तो आम लोग खुद को कैसे सुरक्षित मान सकते हैं।

### डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार गंभीर

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** रहीमाबाद क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक सवार डिवाइडर से टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना क्षेत्र के ग्राम तरौना निवासी रूपा यादव (23) हरदोई जनपद के थाना संडीला अंतर्गत ग्राम जगासिया निवासी ममेरे भाई राहुल यादव के साथ बाइक से लखनऊ जा रहीं थी। जिन्दौर गांव के सामने तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर गिर गयी। हादसे में राहुल व रूपा घायल हो गये। राहुल गंभीर घायल हो गया। जबकि रूपा को मामूली चोटें आईं।

# पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सामने शव रखकर प्रदर्शन

## मोबाइल दुकानदार के परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की कर रहे थे मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंदिरानगर के साईं विहार जरहरा में शुक्रवार को प्रमोद कुमार वर्णवाल (29) ने आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में परिजनों ने पत्नी समेत कई पर आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचे। सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। करीब आधे घंटे तक चला प्रदर्शन पुलिस द्वारा दिए गए गिरफ्तारी के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ। इसके बाद पुलिस कर्मी शव लेकर बैकुंठ धाम पहुंचे और शव का अंतिम संस्कार कराया।

झारखंड के रहने वाले मोबाइल दुकानदार प्रमोद कुमार वर्णवाल ने अपने नए मकान में शुक्रवार को फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया था। प्रमोद के मुंह में कपड़ा ठुसा हुआ था। उनके भाई पंकज का आरोप था कि उनकी भाभी दिव्या व उनके मायके वाले भाई को प्रताड़ित करते थे। वह भाई पर मकान उनके नाम पर करने का दबाव बना रही थीं। भाभी ने किसी की मदद से भाई का गला घोंट कर हत्या कर दी थी। हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए उन्होंने भाई को फंदे से लटका दिया था। क्योंकि भाई का हाथ टूटा था, जिस कारण वह फंदा लगा ही नहीं सकता था।

### पुलिस पर तहरीर बदलवाने का आरोप

पंकज का आरोप था कि पुलिस ने उनसे मनमुताबिक तहरीर लिखाई थी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज तो कर ली मगर कार्रवाई नहीं की। इसके चलते उन्होंने शनिवार को भाई का शव पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सामने रख प्रदर्शन किया था। आरोप है कि पुलिस ने उनसे शव का अंतिम संस्कार के बाद कार्रवाई की बात कही मगर ऐसा कुछ नहीं किया। इंस्पेक्टर इंदिरानगर सुनील कुमार तिवारी के मुताबिक जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# दो साल बीत गए, नहीं बसी 85 .70 करोड़ की एसी मंडी

नीरज मिश्र, लखनऊ

- बिना शुरू हुए ही बदहाल होने लगी मलिहाबाद स्थित प्रदेश की प्रथम एसी मंडी
- इस अत्याधुनिक मंडी में किसानों, बागवानों और खरीदारों के लिए हैं विशेष व्यवस्थाएं


मलिहाबाद विशिष्ट नवीन उप मंडी स्थल के अंदर उगी झाड़ियां और लावारिस घूमते जानवर

**अमृत विचार:** मलिहाबाद में 85.70 करोड़ की लागत से बनी प्रदेश की पहली अत्याधुनिक सेंट्रलाइज्ड एसी युक्त मंडी से इस साल भी आम का कारोबार शुरू होने के आसार नहीं हैं। मुख्यतः आम और फल के व्यापार के लिए तैयार की गई इस मंडी को बने हुए करीब दो साल से अधिक का वक्त बीत चुका है। हर साल अधिकारियों के दावे होते हैं लेकिन अब तक न तो इसमें आढ़ती पहुंच पाए हैं और न ही बाहर से आने वाले किसान। हाल यह है कि मंडी की सभी 76 वातानुकूलित आढ़तें व्यापारियों को आवंटित नहीं हो पाई हैं। सभी दुकानों का आवंटन पिछले साल ही पूरा किया जाने का दावा अधिकारियों की ओर से किया गया था।

**परिसर में घूम रहे मवेशी, बढ़ गई घास :** मंडी परिसर में अब जगह-जगह घास उग आई है। इन्हें चरने के लिए मवेशी परिसर में टहल रहे हैं। उन्हें रोकने-टोकने वाला नहीं। नतीजा कूड़ा और गोबर परिसर में नजर आ रहा है।

**बेरंग होने लगा मंडी का सफेद रंग :** मंडी परिसर का रंग-रोगन कराया गया था। पूरा परिसर और दीवारों पर सफेद पेंट किया गया था। लेकिन पुरसाहाल न होने की वजह से अब इसकी सफेदी जगह-जगह से उखड़ने लगी है। शुरू होने से पहले ही गंदगी मंडी में दिखने लगी है।

### ये व्यवस्थाएं हैं मंडी में

- इस अत्याधुनिक मंडी में 76 वातानुकूलित एसी दुकानें-आढ़तें हैं।
- पूरी मंडी सेंट्रलाइज्ड एसीयुक्त है।
- फलों और आम की उम्र बढ़ाने के लिए यहां पर रैपनिंग चैंबर लगवाए गए हैं।
- ये न केवल आम का तापक्रम बनाए रखता है बल्कि आम की इसकी गुणवत्ता भी लंबी अवधि तक बनी रहती है।
- 5,000 मीट्रिक टन फल भंडारण की क्षमता, अभी तक फल एवं आम मंडी में भंडारण की विशेष व्यवस्था नहीं थी।
- ज्यादातर मंडियों में अलग से भंडारण की व्यवस्था नहीं होती है। लेकिन इस मंडी में पांच हजार मीट्रिक टन फलों के भंडारण क्षमता है।
- मंडी में बाहर से आने वाले किसानों और कारोबारियों को रुकने के लिए एक बेहतरीन गेस्ट हाउस किसानों के लिए कैफेटेरिया भी बनाया गया है।

एसी मंडी की सभी दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी। इसे चालू होने में आ रही सभी कमियों को दूर कर इसे अतिशीघ्र शुरू कराया जाएगा।

-चंदन पटेल, उप निदेशक प्रशासन-विपणन मंडी परिषद

# घर में शराब पीने का विरोध करने पर युवक को छत से नीचे फेंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- युवक घायल, पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई पूरी घटना
- मदेयगंज पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** मदेयगंज क्षेत्र में घर में शराब पीने से रोकने पर भड़के नशेड़ियों ने छत से युवक को नीचे फेंक दिया। युवक गंभीर घायल हो गया। चीख सुन पड़ोसी पहुंचे तो आरोपी भाग निकले। युवक को छत से फेंकने की कैमरे में कैद हो गई। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

इंस्पेक्टर राजेश सिंह के मुताबिक, रूपपुर खदरा निवासी रंजीत यादव ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया घर पर जनरल स्टोर की दुकान है। कुछ लोग जबरन दुकान में बैठ कर शराब पीते थे। इसलिये परेशान होकर एक माह पहले बंद कर दी थी। शुक्रवार रात करीब 12 बजे दरवाजा खटखटाया गया। छत पर चढ़कर देखा तो मोहल्ले के निक्की, साकेत, अमित और गौतम बाहर खड़े थे। रंजीत ने दरवाजा खोलने से मना किया तो आरोपियों ने तोड़ने का प्रयास किया। इस बीच एक युवक किसी तरह छत पर चढ़ गया। उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसे उठा कर छत से नीचे फेंक दिया। इससे रंजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख सुनकर पड़ोसी पहुंचे तो आरोपी धमकी देते हुये भाग निकले। रंजीत को छत से नीचे फेंकने की घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। शनिवार को वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। इसके बाद पुलिस ने मामले में चारों आरोपियों पर मामला दर्ज किया है।

### दो दिन बाद दर्ज की चोरी की रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीबीडी थाने में सर्राफा कारीगर के प्रार्थना-पत्र पर पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक, एमटी ग्रीन निवासी कल्याण सिंह सर्राफा कारीगर हैं। उन्होंने बताया कि 23 मई की रात दुकान से गहने व 24 रुपये चोरी कर ले गये। अगले दिन सुबह चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित थाने पहुंचा लेकिन पुलिस उसे टरकाती रही। मामला सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल होने पर शनिवार रात पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज की।

### महिलाओं व युवकों ने बाउंड्री गिराकर मजदूरों को पीटा

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात बड़ी संख्या में पहुंचीं महिलाओं और युवकों ने पेट्रोल पंप की बाउंड्री वाल तोड़ दी। मजदूरों ने विरोध किया तो पीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के प्रार्थना-पत्र पर पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। पीजीआई के साउथ सिटी निवासी राकेश कुमार यादव ने बिजनौर के लक्ष्मण खेड़ा में रहने वाले रूप नारायण, अभिषेक कुमार उर्फ प्रिंस, पंकज कुमार, अंकित कुमार, सुनील कुमार और करीब 30 अज्ञात महिलाओं पर पेट्रोल पंप की बाउंड्री वॉल गिराने व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राकेश के मुताबिक, बिजनौर के लक्ष्मण खेड़ा चंद्रावल स्थित भूमि पर पेट्रोल पंप की बाउंड्री गुरुवार को बनवाई थी।

# पत्नी से विवाद, पोस्टर लेकर हजरतगंज में खड़ा हुआ युवक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हजरतगंज स्थित साहू सिनेमा के बाहर शनिवार शाम को एक युवक हाथ में पोस्टर लेकर खड़ा हो गया। जिसमें लिखा था कि मेरी पत्नी के अवैध संबंध है। युवक के हाथ में पोस्टर देखकर वहां से निकल रहे राहगीर ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जानकारी होते ही हजरतगंज पुलिस पहुंची। जांच में पता चला कि युवक का पत्नी से झगड़ा हुआ है।

इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के मुताबिक शाम करीब 6.19 पर एक युवक हाथ में पोस्टर था। इस बात का पता चलने पर चौकी प्रभारी उत्तरी शिवानी सिंह मौके पर पहुंची। युवक से पूछताछ किए जाने पर उसने बताया कि शुक्रवार रात को पत्नी से विवाद हुआ था। जिसके बाद पत्नी ने मायके जाने की बात कही। इसे लेकर वह काफी परेशान था। अशिक्षित होने के कारण एक परिचित से पोस्टर बनवाया था।

## सार-संक्षेप

### ट्रस्टी बनकर देवभूमि की जमीन पर कब्जा करने वाला

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** माल पुलिस ने ट्रस्टी बनकर देवभूमि की जमीन पर कब्जा करने वाले आरोपी कौशलेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, थाना अंतर्गत ग्राम मवईखुर्द निवासी धर्मेन्द्र सिंह ने जनवरी माह में गांव निवासी कौशलेन्द्र सिंह, आंट निवासी शिवबीर सिंह, अभय प्रताप सिंह, ग्राम सौरा निवासी रवि प्रताप सिंह व 20 से 30 अन्य लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि उक्त लोगों ने 20 नवंबर 2023 को घटघटा बाबा तीर्थस्थल की देखभाल करने वालों के साथ गाली गलौज कर चाबियां छीन लीं। इसके बाद होर्डिंग लगाकर कौशलेन्द्र सिंह ने ट्रस्ट का मालिक बता कार्यालय बनाकर देवभूमि की जमीन पर कब्जा कर लिया था।

### सफाईकर्मी की हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैंट पुलिस ने सफाई कर्मी की हत्या में शामिल दो आरोपियों को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना अंतर्गत भगवंतनगर निवासी नितिन प्रकाश (30) की बर्थडे पार्टी के दौरान हुए विवाद में आरोपियों ने ईंट से कूंचकर हत्या कर दी थी। भाई ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस के मुताबिक, रंजिश के चलते हत्या की बात सामने आई है। मुख्य आरोपी रितिक और शिवराज को पकड़ा गया है। जबकि तीन अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### उच्च न्यायालय अतिथि गृह के कमरे में लगी आग

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैसरबाग क्षेत्र स्थित उच्च न्यायालय अतिथि गृह के कमरा संख्या 209 में शनिवार रात करीब 11 बजे आग लग गई। हादसे से अफरा-तफरी मच गई। मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने दो टैंकर पानी से करीब मिनट में आग पर काबू पा लिया। एफएसओ हजरतगंज राम कुमार रावत ने बताया एसी में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

### चोरी की बाइक समेत आरोपी गिरफ्तार, सामान बरामद

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा पुलिस ने शनिवार को चोरी की बाइक के समेत एक आरोपी को गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा के मुताबिक, 30 अप्रैल को गोविंद नगर नरपत खेड़ा और परसादी खेड़ा में हुई चोरी का मामला पीड़ितों ने दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी सादाब खान निवासी विक्रम नगर राजाजीपुरम को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक और 800 रुपये बरामद किये।

### दहेज हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा ने बताया 7 अप्रैल को 19 मंजिला कालोनी हंसखेड़ा निवासी रचना देवी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। भाई ने बहन के ससुर के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरार आरोपी सतीश चन्द्र निवासी ग्राम जगटापुर, थाना बांगरमऊ, जनपद उन्नाव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### कार सवारों ने बाइक सवार व्यापारी व कर्मचारी को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिजनौर के ललई खेड़ा निवासी आकाश यादव वृन्दावन योजना में जनरल स्टोर चलाते हैं। पिता मनोज यादव ने बताया कि बुधवार रात बेटा आकाश बुधवार को दुकान बंद कर कर्मचारी संजय के साथ बाइक से घर लौट रहा था। पीजीआई के सभा खेड़ा गांव के पास पीछे से आईं दो कार से एक बाइक में टक्कर मार दी। उसके गिरते ही दोनों कार सवार रॉड से पीटने लगे। शोर सुनकर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। मारपीट में दोनों गंभीर घायल हो गए। इंस्पेक्टर ब्रजेश तिवारी ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर घटना स्थल के आसपास लगे कैमरों की फुटेज खंगाल आरोपियों की पहचान की जा रही है।

### जालसाज गिरफ्तार, नकदी व फर्जी आधार कार्ड बरामद

**अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम पुलिस ने शनिवार को जालसाज को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर जानकीपुरम उपेन्द्र सिंह ने बताया कि विकास नगर निवासी सुभाष सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया कि एक अंजान व्यक्ति ने अपनी मजबूरी बताते हुए उनके बैंक खाते में रुपये मंगवाए। रुपये खाते में आने पर उसे देने से पहले उसने अपना आधार कार्ड दिखाने को कहा। उसपर शक होने पर पुलिस को सूचना दी। जांच में उसके पास से दो आधार कार्ड मिले। युवक की पहचान सीतापुर के बम्भिया निवासी मजदूर रामलखन के रूप में हुई।

### धूमधाम से मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा

**अमृत विचार, लखनऊ :** त्रिविध पावनी बुद्ध पूर्णिमा का आयोजन बहुजन समाज वृन्दावन योजना सेक्टर 9बी रायबरेली रोड लखनऊ में मनाई गई। कार्यक्रम के आयोजक राम लगन सिंह यादव, हरीश जयंत अध्यक्ष एससीएसटी वेलफेयर सोसायटी एसजीपीजीआई, अमर नाथ, राम कुमार गौतम, राम सजीवन, बृजलाल, घनश्याम मौर्या, मोती चंद्र चौधरी, अंजनी मौर्या, कृष्ण कुमार, एस के रावत, बृज किशोर आर्या, हेमलता जयंत, कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

### आकर्षण का केन्द्र रहे टीवी स्टार सिम्बा नागपाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** लुलु फैशन वीक – 2024 के दूसरे दिन शनिवार को लुलु माल में हुए फैशन शो का मुख्य आकर्षण रहे टीवी स्टार सिम्बा नागपाल। म्बा रैम्प पर चहलकदमी करते दिखे तो लोग उन्हें देखते रह गए। माडल अमारा ने भारतीय परम्परा को दर्शाने वाले समकालीन फैशन को पेश किया। कार्यक्रम का समापन रविवार को फैशन अवार्ड्स नाइट के साथ होगा, जिसमें फैशन उद्योग में सर्वश्रेष्ठ ब्रांडों को सम्मानित किया जाएगा।

# सिटी बस के चालक अब चला सकेंगे रोडवेज बस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सिटी बस चला रहे छह शहरों के संविदा कर्मी ड्राइवर जिनकी सीधी भर्ती हुई थी। अब रोडवेज बस भी चला सकेंगे। इस संबंध में उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम की ओर से सभी छह शहरों के क्षेत्रीय प्रबंधक को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके तहत महानगर परिवहन सेवा में तैनात चालक परिवहन निगम बसों को चलाने के लिए अपनी सेवाएं दे सकते हैं। ऐसे संविदा चालकों को परिवहन निगम के कानपुर स्थित प्रशिक्षण संस्थान से टेस्ट को पास करना जरूरी होगा।

वर्ष 2009 में नगरीय विकास विभाग के विभित महान में महानगर परिवहन सेवा की स्थापना की गई थी, जिसमें सीएनजी और डीजल चलित वाहनों का संचालन शुरू हुआ था। इन वाहनों के संचालन की जिम्मेदारी परिवहन निगम के अधिकारियों को मिली। उस समय निगम में तैनात चालकों को व्यवस्था के अनुसार महानगर परिवहन सेवा में शिफ्ट कर दिया गया। यह सभी चालक सेवा प्रदाता के बजाय सीधे भर्ती किए गए थे। ऐसे संविदा चालक जो परिवहन निगम को अपनी सेवाएं देना चाहते है। उनको पुनः निगम स्तर पर नियुक्त किये जाने के प्रस्ताव पर प्रबंध निदेशक ने मंजूरी दे दी है। इनमें लखनऊ, कानपुर, मुरादाबाद, मेरठ, बरेली और प्रयागराज महानगर परिवहन सेवा के चालक शामिल हैं।

### कश्मीर के बिगड़े हालात की तस्वीर दिखाता है नाटक चिनार वृक्ष और हम

**अमृत विचार, लखनऊ :** नाट्य संस्था निसर्ग की ओर से पद्मश्री राज बिसारिया की स्मृति में आयोजित तीन दिवसीय नाट्य समारोह भरत नाट्य पर्व का शनिवार की शाम को नाटक चिनार वृक्ष और हम के मंचन के साथ समापन हो गया। नाट्य समारोह संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में किया गया था। नाटक चिनार वृक्ष और हम धन सिंह मेहता अंजान की काव्यकृति मैं चिनार बोल रहा हूं और ललित सिंह पोखरिया के काव्य संग्रह संलाप की कुछ कविताओं का समन्वय है। धन सिंह मेहता की कविता मैं चिनार बोल रहा हूं कश्मीर के सनातन गौरव तथा धर्मांध आतताइयों के प्रकोप से क्षत-विक्षत वर्तमान दशा का मार्मिक अभिलेख है। इस कविता में जो हृदय विदारक त्रासदी देखने को मिलती है उसे मानवता की राह पर चलने वाले मुसलमानों ने भी झेला। नाटक में अविरल मिश्रा, पीयूष राय, सुश्रुत गुप्ता, अक्षत ऋषि, ओंकार पुष्कर, योगेन्द्र पाल, विशाल सिंह, अभय सिंह, आर्यन कुमार और ललित सिंह पोखरिया ने उल्लेखनीय भूमिकाएं निभाईं।

### इप्टा के स्थापना दिवस पर याद किया गया जंगे आजादी का दौर

**अमृत विचार, लखनऊ :** शनिवार को कैसरबाग स्थित भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) के कार्यालय में संस्था का स्थापना दिवस मनाया गया। आजादी के आन्दोलन में देश भर के कलाकारों ने इप्टा की स्थापना की थी। इसने देश भर में आजादी की अलख जगा दी। इप्टा की स्थापना में सज्जाद जहीर, डॉ. रशीद जहां जैसे लोग शामिल थे। फ़िल्मकार ख्वाजा अहमद अब्बास इसके कोषाध्यक्ष बने। बाद में कैफ़ी आजमी और एके हंगल इप्टा के संरक्षक बने। इप्टा कार्यालय में हुए कार्यक्रम में वरिष्ठ गायक कमला कांत, तबला वादक राकेश और जन गायक महिंदर पाल सिंह ने कई खूबसूरत गीत प्रस्तुत किये। हम मेहनत कश इस दुनिया से जब अपना हिस्सा मांगेंगे, कैफ़ी की नज़्म आज की रात बहुत गर्म हवा चलती है, आज की रात न फुटपाथ पर नींद आयेगी, मैं उठूं तुम उठो, तुम भी उठो हम सब उठें, कोई खिड़की इसी दीवार में खुल जायेगी।

### तबला वादन की नई पौध में झलकीं भविष्य की संभावनाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** आईटीसी कोलकाता और गुरुपद सेवा धाम लखनऊ की ओर से भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम यंग मास्टर्स के दूसरे दिन वरुण मिश्रा के शास्त्रीय गायन से पहले तबला वादन और सितार वादन का आकर्षण बिखरा। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के सुजन सभागार में किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत आध्यात्म पाण्डेय, सोहम मिश्रा और आराध्य प्रवीण जैसी तबला वादन की बिलकुल नई पौध ने ताल त्रिताल पर सामूहिक तबला वादन कर भविष्य में अपनी संभावनाएं जाहिर कर दी। तबला वादन में दिनकर द्विवेदी ने हारमोनियम पर संगत की। आईटीसी कोलकाता के कल्याण मजूमदार ने शानदार तबला वादन प्रस्तुत किया। उनके साथ तबले पर अशोक मुखर्जी संगत कर रहे थे। अंत में वरुण मिश्रा ने शास्त्रीय गायन प्रस्तुत किया। उनके साथ तबले पर अरुणेश पाण्डेय, हारमोनियम पर जयपुर के राजेन्द्र प्रसाद बनर्जी संगत कर रहे थे।

# पैर की नस से सुंदर बन रहा हादसों में बिगड़ा चेहरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कार्यशाला-पीजीआई के प्लास्टिक सर्जरी विभाग के स्थापना दिवस पर विशेषज्ञों ने साझा की जानकारी

**अमृत विचार :** हादसे में चेहरा विकृत होने से मरीजों में हीनभावना आ जाती है। अब तकनीक विकृत चेहरे को सुडौल करने के साथ क्षतिग्रस्त नस को भी ठीक किया जा सकता है। सुंदरता वापस आने से मरीज का आत्मविश्वास बढ़ता है। ये बातें एसोसिएशन ऑफ प्लास्टिक सर्जन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. हरि वेंकटरमणी ने शनिवार को कार्यशाला में कही।

पीजीआई के प्लास्टिक सर्जरी विभाग के 11 वें स्थापना दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. वेंकटरमणी ने बताया कि चेहरे की नर्व (नस) ज्यादा खराब होने पर पैर से नर्व लेकर प्रत्यारोपित करना संभव हो गया है। नाक की हड्डियां टूटने पर दूसरे अंग की हड्डी प्रत्यारोपित कर नाक को सामान्य आकार देना संभव हो गया है।

इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए पीजीआई निदेशक डॉ. आरके धीमन ने बताया कि संस्थान में प्लास्टिक सर्जरी विभाग के निर्देशन में जल्द ही बर्न यूनिट लगेगी। इसमें आग, एसिड व अन्य तरह से जले व झुलसे मरीजों का उपचार किया जाएगा। प्लास्टिक सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव अग्रवाल ने बताया कि चेहरे की नर्व दिमाग की मांसपेशियों से जुड़ी होती हैं। ये मांसपेशियों को नियंत्रित करती हैं। ये पलकें, मुस्कुराने, नाक व चेहरे आदि के भाव व संवेदना प्रकट करने में मदद करती हैं। सड़क व अन्य हादसों में चेहरे पर चोट से नर्व के क्षतिग्रस्त होने पर चेहरे के हावभाव व संवेदना व्यक्त करने की प्रक्रिया प्रभावित हो जाती है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि विभाग व ट्रॉमा सेंटर में कई मरीजों की चेहरे की क्षतिग्रस्त नर्व को इस तकनीक से ठीक किया गया है।

### इन्हें किया गया सम्मानित

स्थापना दिवस पर निदेशक डॉ. आरके धीमन ने सराहनीय काम करने वाले नर्सिंग व अन्य संवर्ग में कार्यरत निशा पांडेय, श्रीकांत, दिलीप कुमार, प्रतिभा सिंह, साधना मिश्रा, मनोज कुमार को प्रशस्ति पत्र और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

## एक नजर

### 31 लाख रुपये की स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को मसौली पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र सफदरगंज के ग्राम ग्राम सिकन्दरपुर निवासी गिरधारी उर्फ लाला को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी के पास से पुलिस ने 310 ग्राम स्मैक बरामद की। बरामद स्मैक की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में 31 लाख रुपये के आसपास बताई जा रही है।

### चाकू के साथ पकड़ा गया शातिर अपराधी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को मसौली पुलिस टीम ने पाक्सो एक्ट का वांछित ग्राम दुर्गा रोड़ कटरा बांसा निवासी अबू जीशान कुरैशी को चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### दो जुआरी दबोचे गये

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सार्वजनिक स्थानों पर जुआ खेलने को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को फतेहपुर पुलिस ने सन्दीप मिश्रा व अभिषेक श्रीवास्तव को एक गड्डी ताश के पत्ते व 750 रुपये के साथ जुआ खेलते हुए गिरफ्तार कर लिया।

### 10 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सुबेहा पुलिस टीम ने शनिवार को जगदीशवापुर मजरे सिधियावां निवासी चुनव्वर अली को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उस पर मुकदमा दर्ज किया है।

### 52 आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** संदिग्ध व्यक्तियों व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को अलग अलग थाना क्षेत्रों से शांतिभंग की आशंका को देखते हुए पुलिस ने 52 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की।

# अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान

## लखपेड़ाबाग में रात में पांच-छह घंटे गुल रहती है बिजली, दो घंटे के दौरान 20 बार बाधित हुई आपूर्ति

**गर्मी के तेवर**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती से लोग बेहाल हैं। मौसम विभाग ने भी अगले एक हफ्ते तक हीटवेव के साथ ही वॉर्म नाइट का कहर जारी रहने की चेतावनी जारी की है।

वहीं तापमान बढ़ने के साथ जिले में अघोषित बिजली कटौती की समस्या भी बढ़ती चली जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां बमुश्किल आठ से 10 घंटे ही बिजली की आपूर्ति की जा रही है तो कस्बा और जिला मुख्यालय में भी दिन और रात मिलाकर घंटों बिजली की कटौती जारी है। शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी फाल्ट, ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या जारी है। हालांकि पॉवर कॉरपोरेशन के जिम्मेदार अधिकारी तय शेड्यूल के मुताबिक निर्बाध बिजली आपूर्ति का दावा कर रहे हैं।

लखपेड़ाबाग में पांच से छह घंटे की कटौती की जा रही है। शुक्रवार रात करीब साढ़े 10 बजे से बिजली कटनी शुरू हुई और देर रात कर ट्रिपिंग के साथ लो-वोल्टेज की समस्या जारी रही। अतुल ने बताया कि शुक्रवार रात 11 से एक बजे के बीच कम से कम 20 बार बिजली कटी होगी। यही हाल विकास भवन रोड, घंटाघर, कानूनगोयान, रसूलपुर, नेबलेट, बेगमगंज, लाजपतनगर, दीनदयालनगर, सत्यप्रेमीनगर, दयानंदनगर, टीवी क्लीनिक, आवास विकास, पायनियर चौराहा, तहसील कालोनी, कृष्णानगर, अभयनगर, कटरा, सत्यप्रेमी नगर, कंपनीबाग, सिविल लाइन, गुलरिया गार्दा और बंकी का भी है। कृष्णा नगर निवासी रामकुमार ने बताया कि रात में एक बार लाइट जाती है तो आधे से पौन घंटे बाद ही आती है। इस तरह से रात भर में करीब चार से पांच घंटे की बिजली कटौती की जा रही है।



चिलचिलाती धूप से बचने के लिए चेहरा ढककर जातीं किशोरियां। अमृत विचार

### रोस्टरिंग के नाम पर की जा रही कटौती

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्रामीण अंचलों में रोस्टरिंग के नाम पर बिजली कटौती हो रही है। हैदरगढ़, सफदरगंज, रामसनेहीघाट, दरियाबाद और फतेहपुर के लोग भी बिजली कटौती से परेशान हैं। बनीकोडर के विद्युत उपकेंद्र देवीगंज के अंतर्गत आने वाले सैकड़ों गांवों में बिजली की अघोषित कटौती जारी है। दिन में तो बिजली की आवाजाही रहती है। रात में भी घंटों कटौती की जा रही है। पिछले कई दिनों से रोस्टरिंग के नाम पर रात दस बजे के आसपास लाइट काट दी जाती है। उपभोक्ता जब फोन करते हैं तो विभागीय कर्मी उन्हें ऊपर से कटौती का आदेश बताकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि सब स्टेशन देवीगंज के सुबेहा फीडर के अंतर्गत आने वाले मिर्चिया, जरौली, धनौली, गैरिया, बेलिया, गजपतिपुर, मवैया और पहला समेत दर्जनों गांवों की विद्युत आपूर्ति रामभरोसे चल रही है। आए दिन फीडर ठप हो जाता है। मामूली फाल्ट को भी ठीक करने के लिए रात बीतने का इंतजार करना पड़ता है। इस संबंध में एसडीओ देवीगंज शैलेंद्र गुप्त ने बताया कि लखनऊ से रोस्टरिंग कोड आने के बाद ही बिजली कटौती की जाती है।

### देवा में 24 घंटे निर्बाध आपूर्ति का दावा फुस्स

देवा में बिजली विभाग का 24 घंटे निर्बाध आपूर्ति देने का दावा फुस्स साबित हो गया है। विद्युत उपकेंद्र देवा के अंतर्गत तीन फीडर हैं। बीते 24 घंटो में कस्बा फीडर में 17 मिनट, मेला फीडर में 55 मिनट जबकि विशुनपुर फीडर में 5 घंटे 22 मिनट की कटौती की गई। महादेवा में बिजली की आंख मिचौली बनी रहती है। एसडीओ दिलीप जायसवाल ने बताया कि विद्युत व्यवस्था सुचारु रूप से चल रही है। अधिक गर्मी की वजह से लो-वोल्टेज की समस्या आ रही है।

### सरसवा में 16 घंटे तक गुल रही बिजली

सरसवा गांव में 16 घंटे तक बिजली गुल रही। शुक्रवार की शाम ट्रांसफार्मर खराब हो जाने बिजली आपूर्ति बाधित हो गयी। विजय ने बताया कि लगभग 500 की आबादी परेशान हो गई। इस संबंध में पूछे जाने पर जेई विकास शुक्ला ने बताया कि फाल्ट सही करने में लापरवाही क्यों हुई इसकी जांच कराई जाएगी।

> बिजली की मांग काफी बढ़ गई है। तमाम जगहों पर लोकल फाल्ट की वजह से दिक्कतें हो रही हैं।
>
> -अंशुमान यादव, अधिशासी अभियंता, बाराबंकी डिवीजन।

## युवक पर चाकू से हमला करने वाला गिरफ्तार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** तीन दिन पूर्व क्षेत्र के एक गांव में पड़ोसी की पुत्री से छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवक पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी को मसौली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चाकू बरामद कर लिया है।

बीते गुरुवार को एक गांव की एक किशोरी परचून की दुकान पर कुछ सामान लेने गयी थी। तभी मो. जीशान पुत्र हाजीपापा ने किशोरी के साथ छेड़खानी की। पड़ोसी की नाबालिग पुत्री से छेड़छाड़ देख अफसार ने विरोध किया तो मो. जीशान ने उस पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिय।

## पड़ोसियों ने एक ही परिवार के 3 लोगों पर किया हमला

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** सुबेहा थाना क्षेत्र के जमीन मजरे जमीन हुसैनाबाद गांव में मामूली बात को लेकर दबंगों ने दो महिलाओं सहित तीन लोगों को हमला कर लहूलुहान कर दिया। प्राथमिक उपचार के बाद महिला सहित दो लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। गांव निवासी संतराम व रामदीन के घर अगल-बगल स्थित हैं। शनिवार दोपहर संतराम के परिजन अपनी दीवार पर मिट्टी लगा रहे थे। इसी बात से नाराज होकर रामदीन के परिजनों ने लाठी-डंडों से लैस होकर संतराम के परिजनों पर हमला बोल दिया। आरोप लगाया कि वे लोग हमारी भूमि पर कब्जा कर रहे हैं। पड़ोसियों के हमले में गुड़िया पत्नी रामहेत (38), संतोषकुमारी पत्नी संतराम (50) व संतराम पुत्र भगवान दीन (55) गंभीर रूप से घायल हो गए।

## सार-संक्षेप

### ताइक्वांडो में सेंट अंजनीज का दबदबा



पदक व प्रमाण पत्र के साथ सेंट अंजनीज के ताइक्वांडो खिलाड़ी। अमृत विचार

**लखनऊ।** चौक स्टेडियम में आयोजित प्रथम समर कप 2024 में सेंट अंजनीज पब्लिक स्कूल राजाजीपुरम के ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने अपना दबदबा कायम रखा। वैभव पटेल, तेजस्व कुमार और अखंड शुक्ला ने तीन गोल्ड मेडल जीते वहीं मान्या पांडे ने कांस्य पदक हासिल किया। मैनेजर तरु सक्सेना ने सफलता का श्रेय कोच बिलाल खान को दिया।

### दुष्कर्म के आरोपी पर हमले में सात के खिलाफ मुकदमा

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : दुष्कर्म के आरोपी की पिटाई किए जाने वाले सात लोगों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के साथ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं मे मुकदमा पंजीकृत किया गया। घायल युवक का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। मोहम्मदपुर खाला की एक गांव निवासिनी किशोरी बीते शुक्रवार की सुबह खेत गई थी। तभी गांव के अशोक ने उसका हाथ पकड़ लिया। यह देखकर किशोरी के घरवालों ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से पिटाई कर अशोक को मरणासन्न कर दिया था। पुलिस ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल के लिए भेज दिया था। वहीं मरणासन्न अवस्था देख पुलिस ने अशोक को सूरतगंज सीएचसी में भर्ती कराया। हेड इंजरी के कारण उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया जहां अशोक जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। शुक्रवार देर शाम सीओ फतेहपुर कार्यलय पहुंचे पिता राम प्रकाश ने एससी-एसटी व हत्या का प्रयास किए जाने की तहरीर दी थी। सीओ डॉ. बीनू सिंह ने मोहम्मदपुर खाला थाने में मुकदमा पंजीकृत किए जाने के आदेश दिया। देर शाम युवक के पिता की तहरीर पर सुनील यादव, कल्याण उर्फ कल्लू एवं नीलू, रामसिंह, शिवपाल यादव, श्यामू, नीरज यादव पर एससी-एसटी, हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि सात लोगों के विरुद्ध एससी-एसटी और हत्या के प्रयास जैसी अन्य धाराओं पर केस दर्ज हुआ है। जबकि किशोरी के पिता की तहरीर पर दुष्कर्म का मुकदमा लिखा गया है।

### वन माफिया ने काटे जामुन के हरे पेड़, हुई कार्रवाई

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत लालपुर गांव में प्राथमिक विद्यालय के पीछे काटे जा रहे जामुन के हरे भरे तीन पेड़ों की सूचना पर पहुंचे वन क्षेत्रधिकारी द्वारा कार्रवाई की गई। गांव निवासी शिवकुमार पांडे द्वारा विद्यालय के पीछे स्थित जामुन के तीन हरे पेड़ वन माफिया के हाथ बेच दिए गए। जिसके बाद वन माफिया द्वारा इन हरे भरे वृक्षों पर आरा चला दिया गया। इसकी सूचना वन क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार तिवारी को मिल गई। सूचना मिलते ही दल बल के साथ उन्होंने छापा मारा। उन्होंने बताया कि इस मामले में काश्तकार शिवकुमार पांडे के अलावा ठेकेदार कोतवाली क्षेत्र के बसवा गांव निवासी श्याम बहादुर पर जुर्माना लगाया गया है और वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा भी पंजीकृत किया गया है।

# गोमती नदी में उतराता मिला वृद्ध का शव

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोमती नदी में एक वृद्ध का शव उतराता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेजा। सतरिख थाना क्षेत्र के अंतर्गत टिकरा घाट के महमूदपुर गांव के पास गोमती नदी में चरवाहों ने शव देखा। परिजनों के अनुसार धेरई पुरवा गांव निवासी रामफेर (58) जो मंदबुद्धि थे। वह साधु के भेष में त्रिशूल लेकर इधर-उधर भ्रमण करता रहता था। उसका त्रिशूल नदी के किनारे कुछ दूरी पर पाया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अमर चौरसिया ने बताया कि नदी में शव पाया गया है। जिसकी शिनाख्त हो गई है। परिजनों की ओर से कोई आरोप नहीं है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### मानस क्रिकेट अकादमी ने 119 रन से दर्ज की जीत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में चल रहे प्रथम बालाजी डेज क्रिकेट स्टेट चैंपियनशिप के पांचवें मैच के दूसरे दिन शनिवार को लक्ष्य का पीछा करने उतरी ध्रुव क्रिकेट अकादमी की टीम पर मानस क्रिकेट अकादमी ने 119 रनों से जीत दर्ज की। शुक्रवार को मैच के पहले दिन मानस क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम 71 ओवर्स में 260 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ध्रुव क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम सिर्फ 52.4 ओवर में 141 रन ही बना सकी। ध्रुव क्रिकेट अकादमी की तरफ से 53 रन अभिषेक कौशल, अंश यादव 28 रन और 26 रन अनमोल आनंद ने बनाए।

# सात लाख की मार्फीन के साथ तस्कर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक तस्कर को फतेहपुर पुलिस सात लाख की मार्फीन के साथ गिरफ्तार कर लिया। तस्कर के खिलाफ सीतापुर व बाराबंकी में अलग- अलग थानों में लगभग एक दर्जन केस दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक फतेहपुर धीरेन्द्र सिंह व उनके नेतृत्व में बनाई गई टीम ने मुखबिरों की मदद से ग्राम ढखौली थाना क्षेत्र फतेहपुर के रहने वाले रोशन वर्मा को शनिवार गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान उसके पास से 65 ग्राम मार्फीन बरामद की जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में सात लाख कीमत बताई जा रही है। उसके खिलाफ फतेहपुर थाने में सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

# बीएड प्रवेश परीक्षा की तैयारियों में जुटा प्रशासन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

**अमृत विचार :** मतगणना के ठीक पांचवें दिन 9 जून को होने वाली बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। इसे लेकर जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने शनिवार को सम्बंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और संबंधितों को दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि बीएड प्रवेश परीक्षा पारदर्शी तरीके से पूरी तरह नकल विहीन हो इसमें किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो। सभी संबंधित अधिकारी इसे गंभीरता से लेंगे। लापरवाही पर कार्रवाई भी होगी। बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा जिला समन्वयक एवं जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीताराम सिंह ने बताया कि आयोजित होने वाली इस परीक्षा में 1610 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके लिये जिले में जनेस्मा के साथ शहर के अजीमुद्दीन अशरफ़ इस्लामिया इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तथा राजकीय इंटर कॉलेज बरौली जाटा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से परीक्षा की निगरानी की जाएगी। साथ ही परीक्षा को नकलविहीन एवं पारदर्शिता से कराने के लिए प्रत्येक केन्द्र पर 2-2 ऑब्जर्वर की तैनाती भी की गई है और प्रत्येक दो परीक्षा केंद्र पर एक प्रतिनिधि भी परीक्षा केंद्रों पर नजर रखेंगे। हर केंद्र पर एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी मौजूद रहेंगे।



बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा को लेकर बैठक में दिशा निर्देश देते डीएम सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

## वर्ग पहेली-81

**बाएं से दाएं**

3.1. पानी गिरने की ध्वनि 2. ज़ोर से उछाला हुआ पानी का छींटा 3. धारा के किसी वस्तु से टकराने के बाद उत्पन्न होने वाला शब्द, छपाछप।

4.1. चुभना, पीड़ा देना, गड़ना 2. किसी दुखद घटना का बार-बार स्मरण होना 3. टीस उठना 4. किसी की याद में तड़पना।

5.1. कंघा, कंघी 2. कंधा, भुजबल।

6.1. ऐसे वर्ण या अक्षर जिनके उच्चारण में मुंह के अतिरिक्त नाक से अनुस्वरात्मक ध्वनि निकलती है 2. नाक के योग से बोलने या गाने वाला।

8.1. पत्रभाग 2. स्तंभ 3. पंक्ति 4. हाशिया।

**ऊपर से नीचे**


1.1. भोग करने वाला, भोगी 2. खाने वाला, भक्षक 3. भोजन पर आमंत्रित अतिथि।

2.1. किसी को दबाना 2. रस्सी या सूत के दो टुकड़ों को बटकर जोड़ना।

3.1. किसी भार या धक्के से वस्तु का वेग से दूर जाना 2. दूर या अलग रहना 3. बंधन से निकल जाना 4. कूदना, उछलना 5. किसी व्यक्ति या जंतु का अपने नमिता

5.1. साग-सब्ज़ी 2. हरी पत्तियों वाली छोटी वनस्पति से बनी सब्ज़ी 3. तरकारी।

7. ज्योतिष, तारे, सितारे।



### वर्ग पहेली -80 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पा | शी | ■ | 2 आ | ■ | ■ | 3 फ़े |
| ■ | ■ | 4 म | न | ब | सि | या |
| 5 ए | ■ | ■ | न | ■ | ■ | ज़ी |
| 6 की | श | ■ | फा | ■ | 7 फ | ■ |
| क | ■ | 8 अ | न | भ | ला | ■ |
| 9 र | ह | मा | न | ■ | दे | ■ |
| ण | ■ | न | ■ | 10 सं | श | य |

## सुडोकू -160

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | 2 | | |
| | | | | 4 | | | | |
| | 6 | | | | | | | |
| | | | 9 | | 4 | | | |
| | | | | | | | | 9 |
| 2 | | | 8 | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | 6 | | | | |
| | | 8 | | | | | | |

### सुडोकू -159 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 4 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 1 | 2 | 7 | 3 | 8 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 5 | 7 | 9 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 4 | 3 | 8 | 1 | 7 | 9 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 6 | 9 | 8 | 2 | 5 | 7 | 4 | 3 |
| 2 | 7 | 5 | 6 | 4 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 5 | 4 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 |
| 7 | 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 5 | 9 | 4 |
| 8 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 मई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 18.06 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मूल 10.36 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष:** आज वैवाहिक जीवन को आपको पर्याप्त समय देना चाहिए। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ा सकता है। आपको ज्यादा काम में व्यस्त होने के बजाय अपनों को समय देना चाहिए। उत्तम भोजन का आनंद ले सकते हैं। रिश्तेदारों से लंबे समय के बाद बात हो सकती है।

**वृष:** आज व्यापार को लेकर कुछ परेशानियां सामने आ सकती हैं। हीनता की भावना से आपको बचना चाहिए। मन में किसी नकारात्मक विचार को लेकर परेशानी हो सकती है। सेहत को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही न करें।

**मिथुन:** आज दिन की शुरुआत किसी अच्छी खबर से हो सकती है। विदेश यात्रा पर जाने की योजना भी बना सकते हैं। आप गृहस्थ सुख का भरपूर आनंद लेंगे। जिन लोगों का विवाह तय नहीं हो रहा था, उनके लिए दिन काफी शुभ है।

**कर्क:** आज किसी अच्छी खबर को लेकर मन में आशा रहेगी। बड़े भाई-बहनों और मित्रों से आपको अच्छा सहयोग मिल सकता है। नया घर या वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं। नौकरीपेशा लोग अपनी जॉब बदलने के लिए प्रयासरत हो सकते हैं।

**सिंह:** आज आपको कई सारे कार्य एक साथ करने पड़ सकते हैं। दिखावे के लिए आप धन खर्च करेंगे। बजट का ध्यान अवश्य रखें। संतान के व्यवहार को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं। व्यापार में अपेक्षा के अनुसार परिणाम मिलने की संभावना कम है।

**कन्या:** आज आप अपनी गलतियां पहचान पाएंगे। अधिकारी वर्ग से आपको सावधान रहना चाहिए। कुछ लोग आपका अपमान करने का प्रयास कर सकते हैं। आप कई लोगों के साथ मिलेंगे। इससे आपके अनुभव में वृद्धि होगी।

**तुला:** आज नई नौकरी के ऑफर मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे। आपको काफी सावधानीपूर्वक लोगों से बातचीत करनी चाहिए। ऐसा न हो की लोग आपकी बातों का मतलब गलत निकाल लें। धन की समस्या दूर होगी। किसी पर भी आंख मूंदकर विश्वास न करें।

**वृश्चिक:** आज यदि आप पार्टनरशिप में कोई कार्य कर रहे हैं तो आपको सावधान रहना चाहिए। अपने विचारों को दूसरों पर न थोपें। नए कपड़े और आभूषणों में धन खर्च कर सकते हैं। व्यवसाय में लोग आपको धोखा देने का प्रयास कर सकते हैं।

**धनु:** आज दिन की शुरुआत अच्छी खबरों से होगी। कार्यक्षेत्र में सब काम आसानी से होते रहेंगे। उच्च पद पर आसीन लोग आपका सम्मान करेंगे। किसी आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। गुप्त शत्रुओं से छुटकारा मिल सकता है।

**मकर:** आज आप घर पर कुछ बोरियत महसूस करेंगे। अपने खानपान की आदतों पर नियंत्रण रखें। विवाह को लेकर कुछ परेशानी झेलनी पड़ेगी। दूसरों के काम पर ज्यादा ध्यान न दें। संतान को लेकर परेशानी दूर होने से मन कुछ शांत होगा।

**कुंभ:** आज पारिवारिक जीवन काफी सुखद रहेगा। लोग आपसे सलाह की अपेक्षा रखेंगे। नौकरी में पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं। अपनी बातों से आप काफी लोगों को प्रभावित करेंगे। नई संपत्ति में निवेश करने के लिए दिन बेहद शुभ है।

**मीन:** आज दांपत्य जीवन रोमांटिक रहेगा। जिन लोगों की पदोन्नति लंबे समय से रुकी हुई थी, उनके लिए दिन भाग्यशाली रहेगा। छोटे भाई-बहन को लेकर शुभ खबर मिल सकती है। आप नया काम शुरू करने के लिए काफी उत्सुक रहेंगे।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
आर या पार — सुबह : 11.14
बागी : ए रिबेल फॉर लव — शाम : 05.53

**&pictures**
थोली प्रेमा — सुबह : 09.18
खिलाड़ी 786 — रात : 07.30

**Sony Pix**
जॉन रैम्बो — दोपहर : 12.03
स्पाइडर मैन — शाम : 06.44

**Zee Cinema**
फ्रीकी अली — सुबह : 09.35
शादी में जरूर आना — शाम : 05.00

**Colors Cineplex**
डेंजरस खिलाड़ी 3 — सुबह : 10.32
भेड़िया — रात : 07.05

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बस में एक लड़के की नजर पीछे की सीट पर बैठी लड़की पर पड़ी।
लड़का- पहचाना मुझे!
लड़की- नहीं तो
लड़का- अरे, हम दोनों एक ही क्लास में पढ़ते थे
लड़की- पढ़ती तो मैं थी, तू तो रोज मुर्गा ही बनता था।

पति के जन्मदिन पर पत्नी- क्या गिफ्ट दूं?
पति- तुम मुझे इज्जत दो, कहना मानों यही काफी है।
पत्नी- तुम्हें भी फिर यही देना चाहिए। मैं तो गिफ्ट ही दूंगी

# आनंद से भरी पूरी है सृष्टि



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> भारतीय सामाजिक जीवन में प्राचीन काल से ही ईश्वर, देवी, देवता जैसे प्रतीक हैं। आशावादी अपनी आस्तिकता के कारण अपने दुख और अवसाद से छुटकारा पाने के लिए देव शक्तियों पर विश्वास करते हैं। पश्चिम प्रेरित सभ्यता इसे अंधविश्वास कहती है, लेकिन ऐसे देव विश्वास मनुष्य शरीर की रासायनिक क्षमता को आशावादी बनाते हैं और विषाद प्रसाद में बदल जाता है।

सत्य, शिव और सौंदर्य अस्तित्व का प्रसाद हैं। प्रसन्न होने के लिए यह सब पर्याप्त है। मनुष्य ने प्रत्यक्ष रूप में बड़ी उन्नति की है। भौतिक ज्ञान व्यापक हुआ है। विज्ञान के क्षेत्र में आश्चर्यजनक शोध हुए हैं। भारतीय दर्शन में आनंदमय चिंतन के शाश्वत सूत्र हैं। कला और सौंदर्यबोध भी शिखर पर हैं। सुख, स्वस्ति और आनंद भी अविरल प्रवाहमान हैं, लेकिन पश्चिम प्रेरित आधुनिकता ने जीवन को प्रतिस्पर्धी बनाया है। प्रतिस्पर्धी जीवन के प्रभाव में आनंद के स्रोत व्यक्ति को आश्वस्ति नहीं देते। प्रसन्न रहना और प्रसन्न होना सभी व्यक्तियों का मौलिक अधिकार है। प्रसन्नता सहज सुलभ है, लेकिन प्रसन्नता के सूचकांक में दुनिया के तमाम देशों की स्थिति चिंताजनक है। पश्चिम प्रेरित आधुनिकता में धन और भौतिक संसाधनों को संग्रह करने की प्रतिस्पर्धा है। व्यक्तिवाद बढ़ा है। सामाजिक उल्लास के लिए सामूहिक जीवन की आवश्यकता होती है। सामाजिक उल्लास की परम्परागत व्यवस्था का नाम उत्सव है। अकेला व्यक्ति प्रसन्न नहीं हो सकता। एकाकी व्यक्ति उत्सवों का आयोजन भी नहीं कर सकता। उत्सवों के आनंद घटे हैं।

जीवन में प्रसाद का अभाव है और अवसाद का प्रभाव। अवसाद वस्तुतः पराजित मानसिकता का परिणाम है। मित्रता सुख देती है। मित्र परस्पर सुख-दुख बांटते हैं,लेकिन मित्रता भी स्वार्थ निरपेक्ष नहीं है। एकाकी होने में दुख है। एकाकी अनुभव होने में और ज्यादा दुख है। बृहदारण्यक उपनिषद् में सृष्टि के विकास का सुंदर वर्णन है। ऋषि कहते हैं, ''पहले वह अकेला था। अकेला होने के कारण उसे आनंद नहीं मिला। उसे अकेले में आनंद नहीं आया।'' आकार में सबसे बड़ी बृहदारण्यक उपनिषद् शतपथ ब्राह्मण का एक हिस्सा है। इसका अध्ययन विचारोत्तेजक है। इसमें सृष्टि सृजन के सम्बंध में कहते हैं, ''पहले केवल आत्मा था। वह अकेला था-अहमस्मि। बताते हैं कि वह भयभीत हुआ। उसने चारों ओर देखा। दूसरा कोई नहीं था। दूसरा कोई नहीं तो डर कैसा। वह निर्भय हो गया।'' इसका संदेश सुस्पष्ट है। आत्मबोध निर्भय बनाता है। आगे बताते हैं, ''उस अकेले को आनंद नहीं आया-स वै नैव रैमे तस्मात् एकाकी न रमते।'' वैसे भी अकेले को आनंद नहीं आता। एक कोई और हो तो अच्छा लगता है। उसने एक और की इच्छा की। उसने स्वयं को विभाजित कर दिया। वह एक से दो हो गया। आत्मविश्वास का संकट भी अंतर्मन को आहत करता है। तनाव भी दुख के लिए उत्तरदायी है। अवसाद से अनेक बीमारियां भी बढ़ती हैं। इसका उल्टा भी होता है। लंबे समय की बीमारी भी अवसाद बढ़ाती है। अवसाद एक विशेष प्रकार की मनोदशा है। इस मनोदशा में स्वयं पर विश्वास नहीं रह जाता। आत्मविश्वास की कमी अवसाद को और भी बढ़ाती है। इसके प्रभाव की गंभीरता को देखते हुए 2021 में जापान में मिनिस्ट्री ऑफ लोनलिनेस मंत्रालय बनाया गया। इस मंत्रालय का उद्देश्य लोगों को अवसाद की दशा से मुक्त करना था, लेकिन इस सरकारी विभाग के द्वारा किए गए काम कोई परिणाम नहीं दे सके। दरअसल अवसाद जैसी खतरनाक मनोदशा को दूर करने के लिए सरकारी विभाग बना देना पर्याप्त नहीं है। निराशा विशेष प्रकार की मनोदशा है। आशा अभावग्रस्त व्यक्ति को भी दुखी नहीं होने देती। आशा का सीधा अर्थ है कि भविष्य में सब कुछ अच्छा ही होगा। आशा भविष्य पर विश्वास है। निराशा अपने कर्मों पर भी विश्वास नहीं करने देती। मनोचिकित्सकों के लिए यह एक बीमारी है। उनका कहना है कि मस्तिष्क का एक हिस्सा मनुष्य को अपनी सुरक्षा के लिए सावधान करता है और उसके निर्णय लेने की विधि को भी प्रभावित करता है। ऊंचाई से डर लगना या लिफ्ट में घबराहट का अनुभव करना दुख है। अवसाद की स्थिति में मस्तिष्क का यह हिस्सा व्यवस्थित काम नहीं करता। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत अवसाद के मरीजों के मामलों में अग्रणी देशों में है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

भारतीय सामाजिक जीवन में प्राचीन काल से ही ईश्वर, देवी, देवता जैसे प्रतीक हैं। आशावादी अपनी आस्तिकता के कारण अपने दुख और अवसाद से छुटकारा पाने के लिए देव शक्तियों पर विश्वास करते हैं। पश्चिम प्रेरित सभ्यता इसे अंधविश्वास कहती है, लेकिन ऐसे देव विश्वास मनुष्य शरीर की रासायनिक क्षमता को आशावादी बनाते हैं और विषाद प्रसाद में बदल जाता है। भारतीय दर्शन परंपरा में परम सत्ता को समूचे अस्तित्व के लिए कर्ता धर्ता बताया गया है। भारतीय संस्कृति में यथार्थवाद की अनेक धाराएं हैं।

चार्वाक मत न ईश्वरीय सत्ता मानता है और न पुनर्जन्म। उसकी घोषणा मजेदार है, ''जब तक जियो सुख से जियो। उधार लो और घी खाओ-यावत् जीवेत्, सुखम् जीवेत्। ऋणम् कृत्वा, घृतम् पीवेत्।'' इस देह और संसार के परे कुछ भी नहीं है। इसे नास्तिक दर्शन माना जाता है। लेकिन यह दर्शन सुख की गारंटी देता है। ऋग्वेद से लेकर समस्त वैदिक साहित्य में आनंद प्राप्ति का दर्शन है। मनुष्य निराशा में आनंदित नहीं होता और दुख में भी नहीं। जीवन दृष्टि को आनंदमार्गी बनाना जरूरी है। आशा में आश्चर्यजनक ऊर्जा होती है। छान्दोग्य उपनिषद की कथा के अनुसार सम्पूर्ण वैदिक साहित्य और भौतिक विज्ञान की सभी शाखाएं पढ़ लेने के बाद भी नारद अशांत थे। वे उस समय के प्रतिष्ठित विद्वान सनत् कुमार के पास गए। सनत् कुमार ने उनके द्वारा पढ़ी सम्पूर्ण विद्या को अपर्याप्त बताया है और कहा कि आशा में बल है। इसमें सुख है। नारद ने पूछा, यह सुख क्या है? सनत् कुमार ने बताया, ''जो पूर्ण है, वही सुख है। जो अपूर्ण है वही दुख है।'' ऋषि ने अन्य उपनिषद में पूर्ण का अस्तित्व समझाते हुए कहा है, ''यह पूर्ण है। वह पूर्ण है। उस पूर्ण से यह पूर्ण प्रकट हुआ है। पूर्ण से पूर्ण घटाओ तो पूर्ण ही बचता है।'' पूर्णता पूर्ण अनुभूति देती है। ब्रह्म पूर्ण है। ब्रह्मविद ब्रह्म अनुभूति पाते हैं। ब्रह्म अनुभूति में ब्रह्मानंद है।

सृष्टि आनंद से भरी पूरी है। देखने की सकारात्मक दृष्टि होनी चाहिए। नदी तट पर खड़े होकर जल प्रवाह देखना आनंद है। नदी की लहरों का नाद संगीत सुनना आनंद है। आकाश में चमकते तारों को प्रीतिपूर्ण ढंग से देखना भी आनंद है। वायु का स्पर्श आनंददायी है। मित्र का साथ विशेष आनंददाता है। विद्वान आचार्य के पास बैठना आनंद है। गीत या कविता सुनना आनंद है। संगीत के सात सुरों को ध्यान से सुनना भी आनंददायी है। कलाओं का दर्शन आनंददाता है। प्रकृति बहुरुपिया है। सर्वत्र रूप ही रूप हैं। पेड़ों पर बैठे चहकते गीत गाते पक्षियों को देखना सुनना आनंद है। पक्षियों के छोटे बच्चों को सहलाना विशेष आनंद है। बच्चे बिल्ली के हों या कुत्तों के अथवा अन्य किसी जानवर के, उनको सहलाना, उनके प्राकृतिक व्यवहार को ध्यान से देखना भी आनंद है। सूरज उगने से पहले लालिमा से भरी पूरी ऊषा को देखना विशेष आनंद है। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त करना भी आनंद है। स्वयं को प्रकृति सृष्टि का अविभाज्य अंग जानना भी आनंद है। प्रकृति में यत्र तत्र सर्वत्र आनंद के प्रोत्साहक हैं। उन्हें देखना सुनना भी आनंद है। आनंद रस आपूरित जीवन दृष्टि में समूचा ब्रह्माण्ड आनंद से भरा पूरा छलकता अमृतघट होता है। यह सहज सुलभ है। तब विषाद की कोई स्थिति नहीं होती। आनंदमयता में जीवन प्रसाद से भर जाता है।

# अफसर साहित्यकार और हिंदी जगत



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

आजकल अफसर लेखक को हिन्दी साहित्य वाले बहुत सम्मान देते हैं। अफसर लेखक की भूमिका को वे गंभीरता से विश्लेषित नहीं करते, जन सरोकारों के संदर्भ में उसकी भूमिका को खोलकर नहीं देखते। उसे सिर्फ संसाधनों के संदर्भ में देखते हैं। इसने साहित्य के जन सरोकारों को प्रदूषित किया है,संघर्षशील कतारों को कमजोर किया है।

एक जमाना था हिन्दी में जन सरोकारों से जुड़े साहित्यकार महत्वपूर्ण माने गए, बाद में ऐसा दौर आया कि अफसर साहित्यकार ही साहित्य के सितारे बन गए। आज साहित्यकारों में अफसर साहित्यकारों के इर्द-गिर्द जमघट रहता है, ये अफसर साहित्यकार साहित्य को कुछ नहीं दे पाए हैं। हां, एक काम जरूर हुआ है कि साहित्यकार में अफसरों की आदतें आ गई हैं। साहित्यकारों में वे सारी तिकड़में आ गई हैं, जो अफसर में होती हैं। तिकड़मी और ऊपर के कनेक्शन वाला मजेदार साहित्यकार पैदा हुआ है, जो साहित्य में मजे ले रहा है और साहित्य को मजमे की तरह इस्तेमाल करके विनिमय कर रहा है। अफसर साहित्यकारों के पास एक अच्छी खासी जमात सरकारी तंत्र और राजनेताओं की है। इसने साहित्य को सत्ता के तंत्र का पुर्जा बनाकर रख दिया है। सवाल यह है कि साहित्यकार की भूमिका को समग्रता में देखें या अंश में देखें? कहां से देखें?

साहित्यकार को समग्रता में देखना सही होगा। इससे साहित्य में आए अफसरों और प्रशासनिक अधिकारियों, कुलपति, कुलाधिपति आदि की बीमारियों से साहित्य को बचाने में मदद मिलेगी। एक जमाना था लेखक हुआ करता था। बाद में कार्यकर्ता लेखक आया,लेकिन इसके बाद अफसर लेखक ने साहित्य के क्षितिज को अपने कब्जे में ले लिया है। अफसर लेखक आज महान लेखक है। यह वह व्यक्ति है जिसके सामाजिक सरोकार सत्ता से अभिन्न रूप से जुड़े हैं और यह अपनी संगत, शोहरत, संपर्क आदि के जरिए साहित्य जगत को प्रभावित कर रहा है। इसे साहित्य में करप्शन का गोमुख भी कह सकते हैं। साहित्य की प्रतिवादी भूमिका, नागरिक की प्रतिवादी भूमिका आदि को विकृत करने में अफसर साहित्यकार की विगत 60 सालों में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हिंदी जगत का एक अन्य पहलू है। यहां पाखंडी किस्म के अ-लेखक बहुत हैं। ये लिखते नहीं हैं, साहित्यकारों की गप्पें ज्यादा हांकते हैं।

नामी लेखकों की चाटुकारिता करना, उनकी आवभगत करना और उनसे संपर्क रखना। इस तरह के अ-लेखकीय प्राणी अमूमन कॉलेज -विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में पाए जाते हैं। ये साहित्य के गप्पी हैं, इनकी न तो पढ़ने में रूचि है और न संसार को जानने में रूचि है। वे तो साहित्य में लंबी हांकने में माहिर हैं।


सोशल मीडिया पर हिंदी में फैशनेबुल नॉनसेंस लिखने वालों की अच्छी खासी संख्या है। इसके दायरे में सतही लेखन, अप्रासंगिक कृत्रिम रूप में अवधारणाओं का प्रयोग और उन पर हमला, अर्थहीन शब्दों का प्रयोग आदि आते हैं। इसमें वे लोग शामिल हैं, जो शब्दों को मेनिपुलेट करने में माहिर हैं और विज्ञानसम्मत चीजों तथा पदबंधों का निषेध करते हैं। इसमें वह लेखन भी शामिल हैं, जो ज्योतिष, अंधविश्वास और बहुलतावाद का निषेध करता है। इस तरह का लेखन सोशल मीडिया के सामान्य चिंताधारा वाले मित्रों को अपील करता है और उत्तेजित करता है। मजेदार बात यह है कि हिन्दी के अधिकांश लेखक गुदड़ी के लाल होने के गुमान में रहते हैं।

# तीर्थ स्थलों को न बनाएं पर्यटन का अड्डा



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

> मैदान में ऐसा माना जाता है कि इन महीनो में पहाड़ पर बहुत ठंड पड़ती है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं होता उस समय मौसम पूरी तरह से साफ रहता है और ठंड भी ज्यादा नहीं होती है।



तेईस हजार फीट की ऊंचाई पर एक तरफ बर्फ से ढकी चोटियां साफ दिखाई देती हैं तो दूसरी ओर नंगी पठारी शिखर श्रेणियां छाती ताने खड़ी रहती हैं। हिमशिखरों से समय-समय पर हिमनद का हिस्सा टूटा रहता है। काले कबरे पहाड़ों से पत्थर गिरते हैं। इस बीच नागिन की तरह बलखाती पगडंडी पर होता है, एक आम आदमी। मंदाकिनी के तट पर स्थित पवित्र केदारनाथ धाम के मार्ग का कोई यात्री यही वर्णन कर सकता है, लेकिन केदारनाथ की यात्रा अब पहले जैसी नहीं रही।

पहले इस यात्रा में केवल बड़े-बुजुर्ग लोग ही जाया करते थे और तब जब कोई बुजुर्ग चार धाम की यात्रा पर निकलता था तो सारा गांव मिलकर उन्हें विदा करता था। लोग आशीर्वाद लेते थे। गांव के सभी लोग अपने घरों से भेंट (पैसा) लाकर उन्हें देते और कहते थे कि लौट के आओ तो उन्हें मंदिर का प्रसाद अवश्य दें। तब यात्रा श्रद्धा, विश्वास और मर्यादा से जुड़ी थी। यात्रा के दौरान यात्री इस बात का ध्यान रखते थे कि उनसे कोई भूल न हो, कोई अपराध न हो, लेकिन आज अधिकतर यात्रियों में न श्रृद्धा है और न ही विश्वास। यदि श्रद्धा होती तो शिव के धाम को रील बनाने और नाचने की जगह न बनाते। यदि विश्वास होता तो जानते की हर तीर्थ स्थल की कुछ अपनी मर्यादाएं होती हैं जिनका स्वतः पालन करना जरूरी है। आज से ढाई तीन दशक पहले तक हिंदू जनमानस में बद्री-केदार की यात्रा जीवन की अंतिम यात्रा मानी जाती थी। यह गृहस्थ धर्म निभा लेने के बाद कि वो यात्रा थी कि मृत्यु भी हो जाए तो मोक्ष की प्राप्ति हो, पर आज जो लोग महज घुम्मकड़ी तथा वीडियो और रील बनाकर अपने लाइक्स और कमेंट्स बढ़ाने के लिए यात्रा कर रहे हैं,वे उन यात्रियों के लिए भी परेशानी का सबब बनते हैं, जो सच में श्रद्धा भाव के साथ दर्शन को निकले हैं।

केदारनाथ जाने वाले सभी यात्रियों को तीर्थाटन और पर्यटन के अंतर को समझना चाहिए। यह कोई पर्यटन स्थल नहीं है और न ही कोई पिकनिक स्पॉट कि आप वहां ढोल-नगाड़ों के साथ पहुंच जाए जोर-जोर से वाद्य यंत्र बजाकर मंदिर परिसर में नृत्य करने लगे। केदारनाथ करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। हिमालय की इस अलौकिक भूमि पर तपस्वी और साधक अखंड शांति के लिए ध्यान लगाते हैं। इसलिए यहां पर किसी भी प्रकार का शोर करना सांस्कृतिक और पारंपरिक मान्यताओं पर अतिक्रमण है। साथ ही यह वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के नजदीक होने के कारण भी मान्य नहीं है। इसे ध्वनि प्रदूषण के लिहाज से भी देखा जाना चाहिए। केदारनाथ के कपाट खुलते ही जितनी भीड़ इस बार पहुंची इतनी शायद ही पहले कभी रही होगी। अब सवाल यह उठता है कि लोग मई-जून के महीने में ही यहां क्यों आना चाहते हैं, जबकि यहां वर्ष के बाकी दिनों में मौसम ज्यादा अच्छा रहता है। जाने क्यों लोगों में यह धारणा बैठ गई है कि इन धामों की यात्रा गर्मियों में ही की जानी चाहिए। इसके चलते यात्रियों का सारा दबाव मई से लेकर जुलाई तक रहता है, जबकि देखा जाए तो यात्रा के लिए सितंबर-अक्टूबर से बेहतर कोई और वक्त नहीं है।

मैदान में ऐसा माना जाता है कि इन महीनो में पहाड़ पर बहुत ठंड पड़ती है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं होता उस समय मौसम पूरी तरह से साफ रहता है और ठंड भी ज्यादा नहीं होती है। पहाड़ का होने के नाते मेरी यही सलाह है कि यदि आपने इन्हीं दिनों आने की जिद न पाली हुई हो तो आप अपनी यात्रा को सितंबर-अक्टूबर तक टाल दीजिए। आज की तुलना में उन महीना में आपकी यात्रा कम खर्चीली, ज्यादा सुविधावाली और पर्याप्त मानसिक सुकून देने वाली होगी। एक सवाल यह भी है कि केदारनाथ की यात्रा को पिकनिक के रूप में लेने, शॉर्ट वीडियो और रील बनाने की यात्रा समझने वाले कितने लोगों को केदारनाथ का असल महात्म्य पता है। भगवान शिव के 11 ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रसिद्ध केदारनाथ को स्कंद पुराण और शिव पुराण में केदारेश्वर भी कहा गया है। मान्यता है कि महाभारत युद्ध के बाद पांडव गोत्र वध पाप से मुक्ति के लिए भगवान शिव के दर्शन हेतु यहां आए थे। पांडवों की परीक्षा देने के लिए भगवान शिव ने महिष का रूप धारण किया, लेकिन पांडवों ने उन्हें पहचान लिया।

पांडवों के छूते ही भगवान का महिष रूप पांच भागों में विखंडित हो गया। खंडित शरीर के भाग जहां-जहां गिरे वे सभी पंच केदार तीर्थ के रूप में प्रतिष्ठित हुए। कहते हैं केदारनाथ में शरीर का पृष्ठ भाग गिरा। यहां मंदिर के गर्भगृह में शिवलिंग न होकर एक टेढ़ी चट्टान के रूप में स्थित प्रस्तर प्रतिमा की पूजा अर्चना की जाती है। उच्च हिमालय पहाड़ी पर स्थित केदारनाथ भूकंपीय दृष्टि से एक अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है। यहां होने वाली कोई भी गतिविधि यहां के पारिस्थितिक तंत्र और जैव विविधता को प्रभावित करती है। हमें 2013 की आपदा को नहीं भूलना चाहिए जब मुख्य मंदिर को छोड़कर पूरे परिसर को नुकसान पहुंचा था। मुख्य मंदिर के पीछे स्थित अन्य सभी छोटे मंदिर और शंकराचार्य का समाधि स्थल पूरी तरह से मलबे में दब गया था। ईश्वर करें ऐसी आपदा दोबारा न आए। इसके इसके लिए सरकार और स्थानीय प्रशासन को कुछ कड़े नियम बनाने होंगे। सरकार ने ऐसा किया भी है, लेकिन अधिक जिम्मेदारी उन लोगों की है,जो यहां पहुंचते हैं।

# मतदान के लिए जागरुकता बनाम लोलुपता



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

लोकसभा चुनाव में अपेक्षित मतदान नहीं होने से लोकतंत्र की मजबूती के हिमायती लोगों में चिंता है। कोशिश यही होती रहती है कि मतदान पिछले चुनाव से अधिक हो। मतदान बढ़ाने के लिए शासकीय और गैर शासकीय प्रयास लगातार किए जाते रहते हैं। वैसे भी आधुनिक संचार क्रांति के दौर में जब अधिकांश लोगों के हाथों में चलती, फिरती और घूमती दुनिया के रूप में एंड्रायड फोन (मोबाइल) है तब तो मतदान का प्रतिशत स्वतः ही बढ़ना चाहिए, लेकिन अभी भी मतदान की महत्ता बतानी पड़ रही है। यह कोई सुखद स्थिति नहीं कही जा सकती।

इस बीच मतदान बढ़ाने के लिए कामर्शियल फर्म्स, कंपनियों तथा दुकानदारों द्वारा मतदान करने के बाद विशेष छूट की घोषणा की जा रही है। उंगली पर निशान दिखाने पर इस तरह के व्यापारी अपने उत्पाद में छूट देने का प्रचार कर रहे हैं। इस छूट के पीछे क्या मतदान बढ़ाने का उद्देश्य है या ग्राहक तलाश की कोशिश है, यह स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता,लेकिन दौराने चुनाव मंचों से मुफ्त सामग्री देने की राजनीतिक दलों की घोषणा के बाद मतदान के लिए इस तरह का ऑफर प्रथम दृष्ट्या प्रलोभन ज्यादा लग रहा है। कहीं-कहीं प्रशासन ने अपने खर्च पर वोट दिलाने का काम किया।

किसी एक को हवाई जहाज के टिकट की व्यवस्था भी की बात सामने आई। इस तरह की व्यवस्था की जाने लगेगी तब इसका भविष्य पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। फिर तो वोट के लिए बहुतेरे मुफ्त हवाई यात्रा का ख्वाब पालने लग जाएंगे। इस पर गहराई से चिंतन किया जाना चाहिए तथा चुनाव आयोग को मतदान के लिए किस तरह की सुविधा दी जाए, यह भी स्पष्ट नियम बनाना चाहिए। अन्यथा इस तरह के प्रलोभनों की आड़ में प्रत्याशी भी यदि लग जाएंगे तो फिर आदर्श आचार संहिता का क्षरण भी होने लग सकता है।

# याद आई ठुकाई



वीर विनोद छाबड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

हमारी शिक्षा-दीक्षा का प्रारंभ एक मिशनरी स्कूल से हुआ था। क्रिसमस डे को हम बरसों तक 'बड़े दिन' की छुट्टी के तौर पर मनाते रहे। खूब केक खाया और ढेर सारी छुट्टियों में ठंड के बावजूद खूब मस्ती लूटी। बाद में उस मिशन स्कूल ने हमारा नाम काट दिया।

दरअसल हमारी अंग्रेजी बहुत कमजोर थी और मैथ भी और ये अभी तक कमजोर है। अब वो बात दूसरी थी कि मां अपनी पड़ोसनों को स्पष्टीकरण देती रही कि हमने खुद ही नाम कटा दिया है। हम भी अपने सखाओं से यही कहते रहे। पिताजी जी ने हमारा दाखिला हिंदी मीडियम के सरकारी जनता स्कूल में लिखवा दिया, जहां सारे त्योहार बड़े जोश-खरोश से मनाए जाते थे। छुट्टियां भी खूब मिलती थीं, लेकिन पिटाई भी जम कर हुई। याद आता है कि पीटी वाले मास्टर जी मुर्गा भी बनाते थे। मैथ वाले मास्टर जी को पीठ पर मुक्का ठोंकने में बहुत आनंद मिलता था। उनके सामने हम लोग बिना कहे पीठ करके खड़े हो जाते थे।

अंग्रेजी वाले मास्टर साहब के सामने हम हथेली खोल खड़े हो जाते, मार लो जितनी छड़ी मारनी है। यानी यूं समझिए कि कक्षा नौ तक मास्टरों ने हमें लेफ्ट-राइट इतना ठोका कि इतना तो घर वालों और बलशाली सखाओं ने भी मिलाकर नहीं ठोका होगा। ठुकाई करने वाले मास्टरों के बारे में हमारा धारणा ये था कि ये भी अपने छात्र जीवन में खूब ठुके होंगे तभी तो हम लोगों से बदला ले रहे हैं। आज एक मास्टर जी जैसी शक्ल वाला दिखा तो याद आई ठुकाई।

# राष्ट्र की उन्नति के लिए आवश्यक है सामाजिक एकीकरण



डॉ. अंजू सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर,बरेली

> राष्ट्रीयता या राष्ट्रीय एकीकरण किसी भूगोल या राजनीति की उपज नहीं है,बल्कि शक्तिशाली और समृद्ध बनने के लिए राष्ट्रीयता को नागरिकों के मस्तिष्क में एक ठोस आधार प्राप्त होना चाहिए।

राष्ट्रीय एकीकरण भारतीय समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है, क्योंकि भारत विभिन्नताओं का देश है और स्वतंत्रता के 77 वर्ष बाद भी भारत में राष्ट्रीय एकीकरण की समस्या निरंतर बनी हुई है। विभिन्न धर्म, मत, पंथ, संप्रदायों के लोग भारत में रहने के बावजूद भी अपनी अलग संस्कृति एवं अलग-अलग नियम, विधि-विधान के अनुसार कार्य एवं व्यवहार करते हैं जिससे भारत की अखंडता को हानि पहुंच रही है। हालांकि कहने के लिए भारत विभिन्नताओं में एकता का देश है और यही विभिन्नता में एकता भारत को विश्व के समस्त राष्ट्रों में अलग पहचान दिलाती है। कहा जाता है कि भारत इंद्रधनुष के सतरंगी रंगों के समान है।

यहां पर विभिन्न धर्म, संप्रदाय, जाति एवं जनजाति के लोग निवास करते हैं और सभी की अपनी विभिन्न प्रकार की बोली, भाषाएं, रीति-रिवाज और परंपराएं हैं जिसके कारण लोगों में जातिवाद, भाषावाद, क्षेत्रवाद, प्रांतीयता, सांप्रदायिकता, विषमता आदि असमानताएं देखने को मिलती हैं, जो कहीं न कहीं भारत के एकीकरण में बाधा बनकर विकराल समस्या उत्पन्न कर रही है। विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने स्वार्थ पूर्ति के कारण भी राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधने में बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न करते हैं, जिन्होंने अपने स्वार्थ के कारण भारतीय समाज को अलग-अलग जाति और धर्म के स्वार्थ के रूप में विभाजित कर रखा है, जो भारत के राष्ट्रीय एकीकरण में घातक साबित हो रहा है। समय रहते राष्ट्रीय एकीकरण की समस्याओं को दूर करना आवश्यक है जिससे भारत का विकास सुचारू रूप से हो सके। एक समाज या राष्ट्र का निर्माण अनेक परिवारों, समूह, समितियों, संस्थाओं, समुदायों (यहां तक की विभिन्न भूखंडों जिनमें समाज के सदस्य निवास करते हैं) के द्वारा होता है।

इस समाज में अनेक धर्म, जाति, मत, पंथ, संप्रदाय आदि के लोग भी निवास करते हैं और उन लोगों में अपनी भाषा, धर्म और क्षेत्र आदि को लेकर विभिन्न प्रकार की विभिन्नताएं पाई जाती हैं। जिस प्रकार वह सभी लोग एक राष्ट्र में रह रहे हैं तो उनके धर्म, विचार, भाषाएं भी एक ही होनी चाहिए, परंतु ऐसा नहीं है और यही राष्ट्रीय एकीकरण के लिए समस्या उत्पन्न कर रहे हैं। इतनी विभिन्नताओं के बावजूद राष्ट्रीय एकता बनाए रखने एवं विभिन्न प्रजाति, धार्मिक, भाषा-भाषी, भौगोलिक समूहों को एक सूत्र में बंधे रहने की स्थिति को ही राष्ट्रीय एकीकरण कहते हैं। राष्ट्रीय एकीकरण विभिन्नताओं के बीच में समाज के लोगों में एक होने की दृढ़ भावना की अभिव्यक्ति है ताकि उनमें राष्ट्रीयता की भावना पनप सके और वह स्वयं की सामान्य सामाजिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक जीवन में सक्रिय हिस्सेदारी समझ सके। राष्ट्रीय एकता या एकीकरण विभिन्नताओं के बीच एकता के सूत्र को ढूंढने और इस सूत्र में जन-जीवन को पिरोने की प्रक्रिया है।

राष्ट्रीयता या राष्ट्रीय एकीकरण किसी भूगोल या राजनीति की उपज नहीं है, बल्कि शक्तिशाली और समृद्ध बनने के लिए राष्ट्रीयता को नागरिकों के मस्तिष्क में एक ठोस आधार प्राप्त होना चाहिए। एक प्रजातंत्र में केवल प्रजा के होने से ही काम नहीं चलता, बल्कि समाज के सदस्यों को नागरिक भी बनना होगा और नागरिकता केवल तभी संभव है जब प्रत्येक व्यक्ति यह अनुभव करे कि उसकी राष्ट्र के एकीकरण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका है और वह राष्ट्र का अभिन्न हिस्सा है। इससे राष्ट्रीय एकीकरण में सहायता प्राप्त होगी और भारत के निवासियों में सद्भावना का भाव उत्पन्न होगा। राष्ट्रीय एकीकरण की आवश्यकता राष्ट्र की एकता अखंडता और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अत्यधिक आवश्यक है। राष्ट्र के प्रति, संपूर्ण समाज के प्रति नागरिकों के कर्तव्य एवं उन कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा देने के लिए भी राष्ट्रीय एकीकरण की महती आवश्यकता है। सोशल मीडिया ने भी राष्ट्रीय एकीकरण को बहुत क्षति पहुंचाई है। सोशल मीडिया के माध्यम से छोटी सी न्यूज को बड़ा मुद्दा बनाकर सांप्रदायिकता के रूप में परिवर्तित कर दिया जाता है, जो राष्ट्र के लिए घातक सिद्ध हो रहा है।

आज मीडिया राष्ट्रीय एकीकरण में बाधा बन रही है। भारत के विभिन्न प्रदेशों या क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में परस्पर विरोध, तनाव एवं संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। उसे दूर करने के लिए भी राष्ट्रीय एकीकरण की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। देश में सांप्रदायिक एकता का वातावरण उत्पन्न करने के लिए राष्ट्रीय एकीकरण अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकता है। लोगों को एक-दूसरे की भाषा से प्रेम करने की भावना को प्रोत्साहित किया जाए। इसीलिए किसी भी भाषा और धर्म के प्रति सम्मान और सद्भावपूर्ण व्यवहार राष्ट्रीय एकीकरण के लिए सहायक सिद्ध होगा।

# परिवर्तन की उम्मीद



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

यह बात करीब नौ महीने पहले की है। इंफोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति ने एक बयान दिया था कि कर्मचारियों को सप्ताह में 70 घंटे काम करना चाहिए। इसके ठीक विपरीत अंग्रेजी के एक राष्ट्रीय अखबार ने छापा है कि कंपनियां प्रतिभा को बनाए रखने के लिए चार दिवसीय कार्य सप्ताह, कौशल और मानसिक कल्याण की शुरुआत कर रही हैं। यह अब कर्मचारियों के लिए सिर्फ पैसे के बारे में नहीं है।

यह बहुत समय पहले की बात नहीं है जब आदर्श कार्यस्थल वह हुआ करता था, जो प्रतिस्पर्धी वेतन प्रदान करता हो। युवा सहस्त्राब्दी और जेन जेड कर्मचारियों (जेन जेड वो है, जो 1997 से 2012 के मध्य पैदा हुए) का बढ़ता अनुपात अब वित्तीय सुख-सुविधाओं से परे दिखता है। यह अधिक समग्र कार्य जीवन की मांग करता है, जो उन्हें अन्य गतिविधियों का आनंद लेने और काम पर सीखने का मौका दे। पिछले चार वर्षों में, कार्यस्थल में महामारी के कारण आवश्यक बड़े बदलाव देखे गए हैं जिसने वर्क फ्रॉम होम को आदर्श बना दिया है। इन परिवर्तनों ने अधिकांश भारतीय कंपनियों में भर्तीकर्ताओं को नीतियों में बदलाव करने के लिए मजबूर कर दिया है, क्योंकि वे युवा कर्मचारियों की महत्वाकांक्षाओं से मेल खाते हैं और प्रतिभा को बनाए रखते हैं।

एक बार इसे पश्चिमी अवधारणाओं, हाइब्रिड कार्य, एक अधिक समावेशी और न्यायसंगत कार्य संस्कृति और अधिक महत्वपूर्ण रूप से देखा जाता है। तकनीकी प्रगति (जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग) के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए कर्मचारियों को बेहतर कौशल प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है और नेतृत्व पाठ्यक्रम अब एचआर प्रतिभा खोज मॉड्यूल का एक अभिन्न अंग बन रहे हैं। ऐसे में देश में निजी क्षेत्र में काम करने की स्थिति में परिवर्तन की उम्मीद महसूस होने लगी है। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के प्रभावी होने में वैसे अभी कुछ समय हैं, लेकिन यह सिर पर खड़ी है। इसके आते ही कपनियों में काम काज अप्रत्याशित रूप से बदलने वाला है।


राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने रामपुर खास के लालगंज बूथ पर किया मतदान।



**प्रेरणादायक**
यह लोकतंत्र की सबसे खूबसूरत तस्वीर प्रतापगढ़ के रूपापुर की है। जहां दोनों पैर से दिव्यांग भारत लाल ने दोनों आंख से दिव्यांग पत्नी छब्बा देवी और अपने पुत्र नितिन के साथ पोलिंग बूथ पर सबसे पहले पहुंच कर मतदान किया।
● रवि प्रकाश सिंह


राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने चमरुपुर शुक्लान बूथ पर किया मतदान।


प्रतापगढ़ में स्याही का निशान दिखाते परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह साथ में पत्नी कवयित्री डॉ .अंजना सिंह सेंगर।


डुमरियागंज में वोट डालने के बाद प्रसन्न मुद्रा में भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल की पत्नी।


जौनपुर में सिकरारा के बनसफा गांव के प्राथमिक विद्यालय में धनंजय सिंह ने मतदान किया।


मतदान करने पहुंचे कैबिनेट मंत्री नंदी।


मतदान कर बाहर निकलते भाजपा उम्मीदवार रितेश पांडे


बसपा प्रत्याशी हाजी कमर हयात ने जलालपुर मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान किया।


मतदान कर बाहर निकलते सपा उम्मीदवार लालजी वर्मा।




### लाइन में लगकर रेलमंत्री ने डाला वोट

**नई दिल्ली, अमृत विचार।** केन्द्रीय संचार, रेल और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा चुनाव में शनिवार को हरियाणा के हेरिटेज सिटी सरसौल में बूथ संख्या 124 पर लाइन मे लगकर अपना मतदान किया।

## पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह को थाने ले जाया गया

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ रहे उज्जवल रमण सिंह के पिता पूर्व राज्यसभा सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह को करेली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि बूथ पर प्रत्याशी के पिता रेवती रमण पहुंचे थे। जहां बूथ पट कुछ नोक झोंक की सूचना पर पहुंची करेली पुलिस ने उन्हें गाड़ी सहित गिरफ्तार कर थाने उठा ले गई है। इंडी गठबंधन के प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह के पिता रेवती रमण सिंह पूर्व राज्यसभा सांसद हैं। शनिवार को मतदान के दौरान वह करेली क्षेत्र में अपने कुछ समर्थकों के साथ पहुंचे थे। जहां पर बूथ पर कुछ कहासुनी हो गयी।

# राम मंदिर परिसर में जल्द शुरू होगा अस्पताल

**▸▸ अपोलो अस्पताल से हुआ अनुबंध, कार्डियक व इमरजेंसी सेवाओं की मिलेगी सुविधा**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन शनिवार को राम जन्मभूमि परिसर के 70 एकड़ के निर्माण योजना पर अंतिम मुहर लग गई। ट्रस्ट के मुताबिक राम मंदिर के साथ परकोटा, सप्त मंदिर और शेषावतार मंदिर निर्माण किया जा रहा है। राम मंदिर में विराजमान रामलला के बराबर ऊंचाई पर शेषावतार का मंदिर बनेगा। मंदिर परिसर में अपोलो हॉस्पिटल अपना एक ब्रांच खोलने जा रही है। इसके लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के साथ अनुबंध किया गया है। दो महीने के अंदर कार्डियक व इमरजेंसी सुविधाओं से युक्त अस्पताल शुरू हो जाएगा। इसके अलावा तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट कार्यालय, ऑडिटोरियम, अतिथि निवास गृह का निर्माण किया जाना है। परिसर में लैंडस्कैपिंग का कार्य भी किया जाएगा। निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने दूसरे दिन बैठक से पूर्व राम जन्मभूमि परिसर में चल रहे निर्माण कार्य में यात्री सुविधा केंद्र सहित मंदिरों के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। बैठक के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि निर्माणाधीन यात्री सुविधा केंद्र अगस्त तक तैयार होकर एलएंडटी को हैंडओवर कर दिया जाएगा। सप्त मंडपम व शेषावतार मंदिर को कैसे दिव्य-भव्य बनाया जाए इसकी चर्चा हुई। इसका निर्माण भी राममंदिर की तर्ज पर किया जाएगा। जिसके लिए आर्किटेक्ट आशीष सोमपुरा ड्राइंग बना रहे हैं। वहीं परिसर में ट्रस्ट का कार्यालय, एक गेस्ट हाउस व 500 लोगों की क्षमता वाले ऑडिटोरियम का निर्माण भी दो महीने में शुरू हो जाएगा। ड्राइंग व डिजाइन पर मंथन किया गया है। बैठक में सुरक्षा के इंतजामों की भी समीक्षा की गई। ट्रस्ट कार्यालय और ऑडिटोरियम के साथ आने वाली अतिथियों के लिए एक विश्राम गृह के निर्माण की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम को सौंपी गई। आने वाले दो महीने में ट्रस्ट के 70 एकड़ परिसर में निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने मंदिर के कार्यों की प्रगति देखी। उन्होंने बताया कि शेषावतार मंदिर का महत्व वैज्ञानिक दृष्टि से भी है। जिसकी एक निश्चित ऊंचाई होनी चाहिए।


श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान दिशा-निर्देश देते निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्र। अमृत विचार

### दो अन्य मूर्तियों पर ट्रस्ट लेगा निर्णय

प्राण प्रतिष्ठा के लिए बनाई गईं तीन अलग-अलग मूर्तियों में से दो अन्य मूर्तियों को राम मंदिर में स्थान दिए जाने की संभावनाओं को चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने साफ कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रथम तल पर रामलला का दरबार और द्वितीय तल अनुष्ठान के लिए है। रामलला की जो दो अन्य मूर्तियां हैं उसके सदुपयोग के लिए ट्रस्ट निर्णय लेगा। मंदिर में चार प्रवेश द्वार बने हैं जल्दी इसका कार्य शुरू होगा।

## अयोध्या मेडिकल कॉलेज पर 12 लाख का जुर्माना

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचार :** नेशनल मेडिकल काउंसिल ने राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बताया जाता है कि मानक पूरे न मिलने पर यह जुर्माना ठोका गया है। जुर्माने की राशि एक हफ्ते के अंदर जमा करनी होगी।

लखनऊ स्वास्थ्य महकमे के विश्वस्त सूत्रों की मानें तो अयोध्या मेडिकल कॉलेज ने एनएमसी को कुछ गलत सूचनाएं दी थीं। इसके बाद एनएमसी ने ऑनलाइन जांच में मेडिकल कॉलेज की ओर से दी गईं सूचनाओं की जांच कराई तो मानक पूरे नहीं मिले। मेडिकल कॉलेज के फैकल्टी की बायोमीट्रिक अटेंडेंस शॉर्ट थीं। इसके अलावा एनॉटॉमी विभाग में भी कमियां मिलीं। डिलीवरी भी कम हुई थीं। सीजर भी मानक के मुताबिक नहीं हुए थे। यह सब जानकारियां मिलने के बाद एनएमसी ने मेडिकल कॉलेज पर जुर्माना लगाया है। इस संबंध में जब मेडिकल कॉलेज के प्रिसिपल डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कोई जुर्माना नहीं हुआ है।

**एक नजर**

### चोरी की 11 बाइकों के साथ दो शातिर गिरफ्तार

**रुपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार।** थाने की पुलिस ने जांच के दौरान एक बाइक चोर को पकड़ा। वह कानपुर से चोरी हुई बाइक को चला रहा था। पूछताछ के दौरान 10 अन्य चोरी की बाइक बरामद हुई, जिसे सीज कर दिया गया है। दोनों के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। रूपईडीहा थाने की पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। शुक्रवार को वरिष्ठ उप निरीक्षक अनिल कुमार यादव, चौकी इंचार्ज बाबागंज राम गोविंद वर्मा की टीम द्वारा नानपारा रूपईडीहा मार्ग पर केवलपुर नहर पुलिया के पास वाहनों की चेकिंग दौरान मोटरसाइकिल यूपी 78 जीजे 2633 अपाची आरटीआर 160 सीसी के नंबर प्लेट पर अंकित रजिस्टर नंबर को ई चालान एप से चेक किया गया तो गाड़ी चोरी की पाई गई।

## जांच की जाए, जो दोषी हो उस पर हो कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** आगजनी मामले में नजीर फातिमा की बेटी द्वारा विरोधी पक्ष की ओर से दबाव बनाने का आरोप लगाए जाने के बाद शनिवार को इरफान की पत्नी नसीम सोलंकी ने मोर्चा संभाला। नसीम ने कहा कि हम पिछले 18 महीनों से खुद परेशान हैं, हम उन्हें क्यो धमकाएंगे। उन्होंने कहा कि कोर्ट मामले की जांच करा ले, इसके बाद जो दोषी हो उस पर कार्रवाई करे।

जाजमऊ आगजनी मामले में नजीर फातिमा की बेटी कनीज जेहार ने सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश और प्रशासनिक न्यायमूर्ति, जिला जज को पत्र लिखा था। कनीज का कहना था कि छह महीने में मुकदमें का निस्तारण होना था, लेकिन डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी फैसला नहीं आया है। आरोप लगाया था कि विरोधी पक्ष लगातार परिवार पर दबाव बना रहे हैं। शनिवार को सपा विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी, मां और उनके वकील शिवाकांत दीक्षित ने वादिनी के आरोपों को गलत बताया है।

## कांग्रेस प्रत्याशी सहित 13 लोग हुए नामजद

**अमेठी, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव का मतदान सम्पन्न होने के बाद भी अमेठी में कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा का कार्यकर्ताओं से जनसम्पर्क जारी है। शनिवार को थाना बाजार शुक्ल अंतर्गत मंगरौली चौराहा पर कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा को चौराहे पर भीड़ इकट्ठा कर संवाद करना महंगा पड़ गया। जिले में आदर्श आचार संहिता क्रम में बाजार शुक्ल थाने में तैनात दरोगा की तहरीर पर कांग्रेस प्रत्याशी सहित 13 नामजद व 20 से 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा बाजार शुक्ल थाने में दर्ज किया गया है। पूरा मामला बाजार शुक्ल थाना क्षेत्र के मंगरौली चौराहा का है। आचार संहिता लागू होने के कारण कांग्रेस प्रत्याशी को महंगा पड़ गया। बाजार शुक्ल थाने में तैनात हल्का दरोगा वीरेंद्र कुमार पांडे की तहरीर पर थाना बाजार शुक्ला में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसमें नामजद आरोपी में कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के साथ मजहर अहमद, इकरार अहमद, बेचू खान, इराफ, सलमान अहमद पुत्र गुलाम नबी, रईस अहमद निवासी पूरे कुदावन, वासिफ निवासी मंगरौली, शाहिद, इसराइल हक उर्फ़ कलूट बाबू निवासी कासिमपुर, दानबाबू निवासी बलापुर, मेराज निवासी पुरे तालेबन, इब्राहिम गुर्जर निवासी मंगरौली समेत 20 से 25 लोगों पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

**गंगा हो रही मैली**


कानपुर में सीसामऊ नाले को टैप करने के बाद वहां सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था। तब 14 दिसंबर 2019 को खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बोट पर बैठकर इस नाले को देखा था और वहां बने सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी का भी अवलोकन किया था। लेकिन यह नाला अब फिर गंगा में हर दिन कचरा उड़ेल रहा है। यह सबकुछ जानने के बाद भी अधिकारी मौन हैं, क्योंकि इसके लिए वे खुद ही जिम्मेदार हैं। ● अमृत विचार

### बिजली विभाग का जेई घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**सरैंया (चित्रकूट), अमृत विचार।** एंटी करप्शन टीम ने विद्युत विभाग के अवर अभियंता को रिश्वत लेने के आरोप में रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। जेई पर आरोप है कि उसने एक ग्रामीण से नलकूप के लिए बिजली कनेक्शन के लिए अप्लाई किया था, जिसके एवज में जेई द्वारा घूस मांगी गई थी। झांसी और बांदा की दस सदस्यीय टीम ने यह कार्रवाई की। आरोपी जेई मिर्जापुर का बताया जा रहा है। बहिलपुरवा थानांतर्गत चंद्रामारा गांव के निवासी संदीप कुमार पुत्र स्व. कौशल किशोर ने कनेक्शन के लिए विभाग में प्रार्थनापत्र दिया था। आरोप है कि जेई द्वारा उसे लगातार परेशान किया जा रहा था और कनेक्शन नहीं दिया जा रहा था। कनेक्शन के एवज में बीस हजार रुपये की मांग भी की जा रही थी। परेशान संदीप ने इस संबंध में बांदा में भ्रष्टाचार निवारण संस्थान की इकाई से शिकायत की थी। इस पर झांसी से आई टीम ने मारा चंद्रा पावर हाउस सरैंया के जेई धर्मदास पटेल को ग्राहक सेवा केंद्र के बाहर शिकायतकर्ता से 20 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।

## अयोध्या में हादसा : तीन भक्तों की मौत, 11 घायल

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार:** कर्नाटक के श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या आ रही एक टेंपो ट्रैवलर प्रयागराज हाईवे पर हादसे का शिकार हो गई। हादसा शुक्रवार मध्यरात्रि के बाद बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के शेरपुर पारा स्थित एक एजेंसी के सामने हुआ। दुर्घटना में तीन श्रद्धालुओं की मौत हुई है, जबकि 11 घायल हुए हैं।

कर्नाटक के जिला गुलबर्गा स्थित नगर कोतवाली के ओम नगर मोहल्ला निवासी श्रद्धालुओं का एक समूह तीर्थाटन के लिए निकला था और शुक्रवार रात काशी विश्वनाथ से दर्शन-पूजन के बाद वाराणसी से एक टेंपो ट्रैवलर से अयोध्या दर्शन पूजन के लिए आ रहा था। शेरपुर पारा के पास टेंपो ट्रैवलर का हिस्सा ट्रक से रगड़ खा गया। अस्पताल में शिवपूजन और तनजप्पा को मृत घोषित कर दिया। जबकि हायर सेंटर में शिवराज की उपचार के दौरान मौत हो गयी।

## कस्टडी से फरार युवक का मिला शव

**सांडा/सीतापुर, अमृत विचार।** बिसवां कोतवाली इलाके में पुलिस अभिरक्षा से फरार एक युवक का शव शनिवार को उसी के घर के पीछे पेड़ से लटकता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। परिजनों का कहना है कि पुलिस ने दो दिन पूर्व प्रेमिका को भगा ले जाने के आरोप में प्रेमी युगल को बरामद किया था। जिसके बाद वह शुक्रवार की दोपहर थाने से फरार हो गया था। मृतक के परिजनों ने पुलिस पर प्रताड़ना और किशोरी के परिजनों पर युवक की हत्या कर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने किशोरी के परिजनों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

सांडा चौकी अंतर्गत के गांव की नाबालिग किशोरी अपने प्रेमी इमरान के साथ बीती 22 मई को घर से फरार हो गई थी। मृतक के परिजनों ने बताया कि किशोरी के फरार होने के बाद पिता ने थाने में तहरीर देकर युवक इमरान के खिलाफ किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में धारा 363, 366 के तहत केस दर्ज कराया था। बताया जाता है कि पुलिस ने 23 मई दोनों को बरामद कर किशोरी को परिजनों के सुपुर्द करते हुए युवक को थाने में ही अग्रिम कार्रवाई के लिए बंद कर दिया था। मृतक इमरान के परिजनों ने बताया कि बीती 24 मई को दोपहर अचानक इमरान थाने से फरार हो गया। उसके बाद थाने के एक दरोगा ने इमरान के दोनों भाई, बहनोई और मामा सहित कई रिश्तेदारों को थाने में बुलाया और रात भर थाने में बिठाकर युवक इमरान के बारे में पूछताछ की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला।

### शारदा नहर में बहे दो दोस्त एक का शव मिला

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** छह दोस्त एक साथ ऑटो पर सवार होकर रामपुर देहलिया के पास से निकली शारदा नहर में नहाने गए थे। नहाते समय ही अचानक आए पानी के तेज बहाव में सभी बह गए। उनमें से चार युवक किसी तरह तैरकर किनारे आ गए लेकिन दो डूब गए। इसका पता होते ही एसएचओ पिहानी धर्मदास सिद्धार्थ पुलिस टीम के साथ पहुंचे और बचाव अभियान शुरू कराया। काफी देर तक चले रेस्क्यू के बाद युवक अनिल का शव झाड़ियों में फंसा मिला। एसएचओ ने बताया कि एक युवक का शव बरामद कर लिया गया है, दूसरे युवक की तलाश जारी है। तलाश के लिए ज़रूरी बंदोबस्त किया गया है। गोताखोरों की मदद ली जा रही है।

## सपा प्रत्याशी लालजी वर्मा की पुलिस से झड़प

**संवाददाता, अंबेडकरनगर।** पूर्व ब्लॉक प्रमुख लवकुश के घर पुलिसकर्मियों के पहुंचने से सपा प्रत्याशी लालजी वर्मा की पुलिस से झड़प हो गई। लालजी के करीबी पूर्व ब्लॉक लवकुश वर्मा के घर पुलिस मतदान के दिन पहुंची थी। एक दिन पहले शुक्रवार आधी रात करीब लवकुश के पास से टांडा नगर में एक लाख रुपए नकद मिले थे।

पुलिस ने जांच के लिए रकम लेकर आदर्श आचार संहिता का मुकदमा दर्ज कर लिया था। जिसके बाद वह घर चले गए थे। इसी बीच शनिवार को दिन में पुलिस लवकुश के घर पहुंच गई। दरवाजा नहीं खुला तो आरोप है कि पुलिसकर्मी कूद कर अंदर गए और मुख्य गेट खोल दिया। जिसके बाद अन्य पुलिसकर्मी भी अन्दर आ गए। इसी बीच खबर मिलते ही लालजी वर्मा अपने करीबी लवकुश के घर पहुंच गए। वहां पर उन्होंने पुलिसकर्मियों को खूब सुनाया।

# काश ! तपोवन को मिल जाता पर्यटन स्थल का दर्जा


**▸▸ महंत के प्रयास व तत्कालीन डीएम के तबादले से अटक गई फाइल**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार।** आठ किलोमीटर क्षेत्रफल में फैले तपोवन सिद्ध आश्रम में पीपल, बरगद, खिरनी समेत अनेक दुर्लभ वृक्षों का बियाबान जंगल है। इस जंगल में पाए जाने वाले प्राकृतिक जल स्रोत महाभारत काल के जुड़ाव को दर्शाते हैं। इस आश्रम को बनाने वाले सिद्ध पुरुष तारेश्वरानंद के शिष्य महंत स्वामी नारायणानंद वर्तमान में आश्रम के विकास में जुटे हैं। उनके प्रयास से तत्कालीन डीएम पुलकित खरे ने न सिर्फ यहां सौंदर्यीकरण कराया, बल्कि इसे पर्यटन स्थल घोषित कराने के लिए भी काफी प्रयास किया, लेकिन उनके तबादले से फाइल आगे नहीं बढ़ पाई। आश्रम के महंत कहते हैं कि कुछ महीने उनका तबादला और न हुआ होता तो पर्यटन स्थल घोषित होने से इस आश्रम का कायाकल्प हो चुका होता। उन्होंने प्रदेश सरकार से एक बार फिर तपोवन सिद्धाश्रम को पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग की है।

**16 फुट के नर कंकाल के मिलने का भी है अद्भुत रहस्य :** महंत नारायणानंद के मुताबिक वह आश्रम में 1973 से सेवारत हैं। वर्ष 1982 में खुदाई के दौरान यहां 16 फुट का नरकंकाल मिला। ऐसी मान्यता है कि यह कंकाल धौम्य ऋषि का हो सकता है। इस मान्यता पर नर कंकाल को समाधिस्थ कर यहां पर स्थान बना दिया गया, जो सिद्ध बाबा के नाम से प्रसिद्ध हुआ। यहां दूरदराज से लोग आते हैं और तमाम धार्मिक आयोजन होते रहते हैं।


प्राकृतिक जल स्रोतों से मिलकर बना नाला।


धोबिया आश्रम
हरदोई जिला मुख्यालय से लगभग 41 किलोमीटर दूर स्थित, जंगलों में से आच्छादित पौराणिक महत्व का यह आश्रम महाभारत काल से जुड़ा हुआ बताया जाता है। किवदंती है अज्ञातवास के दौरान कुछ समय पांडवों ने यहाँ व्यतीत किया था कहते हैं प्यास लगने पर अर्जुन ने धरती में तीर के माध्यम से जल स्रोत उत्पन्न किए थे। यह स्रोत आज भी इस स्थल पर देखे जा सकते हैं।
कालांतर में ऋषि धौम्य ने यहाँ पर तपस्या की तब इस तपोवन का नाम धौम्य आश्रम पड़ा जो आगे चलकर बोलचाल की भाषा में बदलकर धोबिया आश्रम हो गया। इसके बाद तपोवन को सिद्ध बाबा स्वामी तारेश्वरानंद (नेपाली बाबा) का सानिध्य प्राप्त हुआ जिन्होंने इसे एक आश्रम के रूप में विकसित किया।

आश्रम परिसर में लगा शिलापट। अमृत विचार

### नहीं मिल सका पर्यटन स्थल का दर्जा

महंत नारायणानंद को इस बात की पीड़ा है कि महाभारत काल से इस स्थान को जुड़ाव होने के बाद भी आज तक इसे पर्यटन स्थल का दर्जा नहीं मिल पाया। हालांकि उन्होंने पर्यटन मंत्रालय को अनेक प्रस्ताव भी भिजवाए। वह बताते हैं कि धोबिया का नाम कभी धौम्या था, जो अपभ्रंश होकर धोबिया हो गया। पांडवों के कुल पुरोहित धौम्य ऋषि बनवास के दौरान वनवास के दौरान भी पांडवों के साथ थे। लोक मान्यता है कि वनवास के दौरान पांडव यहां विचरण करते हुए आए तो यहां के रमणीय जंगल को देखकर यहां रुक गए। धौम्य ऋषि ने यहां तपस्या की थी, इसलिए इस तपोवन का नाम धौम्य आश्रम पड़ा, जो आगे चलकर बोलचाल की भाषा में बदलकर धोबिया आश्रम हो गया। कहा जाता है कि प्यास लगने पर एक बार अर्जुन ने बाण चलाकर इस धरती से जलस्रोतों की उत्पत्ति की थी।


महंत नारायणानंद।



### ऐसे पहुंचें तपोवन

लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाइवे-24 पर स्थित मैगलगंज से 16 किलोमीटर दूर बरगांवा होते हुए तपोवन सिद्धाश्रम पहुंच सकते हैं। लखनऊ से दूरी 130 किलोमीटर है। वहीं हरदोई जिला मुख्यालय से वाया पिहानी 35 किलोमीटर, सीतापुर से वाया महोली होते हुए 42 किमी, शाहजहांपुर से वाया पिहानी होते हुए 52 किमी पर स्थित है।

# एंबुलेंस में गंभीर रोगी, नशे में धुत चालक को आ गयी नींद

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जान बचाने की गारंटी लेने वाली 108 एंबुलेस सेवा के चालक की बड़ी लापरवाही सामने आई है। नशे की हालत में गांव से बुजुर्ग हृदय रोगी को मवई सीएचसी पहुंचाकर सो गया। चिकित्सकों ने बुजुर्ग की हालत गंभीर देख राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मरीज को ले जाने के लिए चालक को जगाया तो वह बेसुध पड़ा था। एक घंटे तक सीएचसी पर हंगामे की स्थिति बनी रही। उसके बाद मौके तक पहुंचे दूसरे चालक ने रोगी को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। बुजुर्ग की हालत ठीक बताई जा रही है। इस पूरे मामले का वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है। पटरंगा के नबीपुर गांव निवासी अंशु गुप्ता ने बताया कि उनके बाबा बनवारी लाल गुप्ता (65) हृदय रोगी हैं। उनकी शुक्रवार रात तबीयत बिगड़ गई। 108 एंबुलेंस से बाबा को मवई सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर आदित्य वर्मा ने बाबा की हालत गंभीर देख उन्हें अयोध्या मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। बाबा को एंबुलेंस में बैठाने के बाद जब एंबुलेंस चालक को जगाने गए तो नशे में बड़बड़ाने लगा। इसके बाद 108 पर फोन कर मामले की शिकायत की गई। एंबुलेंस केंद्र की तरफ से एक नंबर 6306738356 भेज मामले की वीडियो मंगवाया। इसके बाद दूसरे चालक को भेजकर मरीज को मेडिकल कॉलेज भेजवाया गया।




एंबुलेंस में ऑक्सीजन मास्क लगाए बुजुर्ग व ड्राइवर सीट पर लेटे चालक का स्क्रीन शॉट।

> वायरल वीडियो और मामले की मुझे कोई जानकारी नहीं है। अगर किसी भी तरह की लिखित शिकायत आती है तो निश्चित ही कार्रवाई की जाएगी। -डॉ. **दीपक पांडेय, 108 एंबुलेंस के नोडल अफसर व डिप्टी सीएमओ**

## एक नजर

### गर्रा में डूबकर तीन भाइयों की मौत

शाहजहांपुर, अमृत विचार : गर्रा नदी में नहाने गए तीन भाइयों की डूबकर मौत हो गई। थाना कांट के गांव ताहरपुर निवासी राकेश का पुत्र शिवम (11), छोटे भाई आरेंद्र (9) अपने चचेरे भाइयों शेषपाल (11), पेशकार (13), विजय कुमार (8) पुत्रगण राजेश कुमार के साथ शनिवार सुबह करीब आठ बजे घर पर बिना बताए गांव से करीब दो किलोमीटर दूर थाना सेहरामऊ दक्षिणी के गांव परसनियपुर के पास से निकली गर्रा नदी में नहाने चले गए। विजय बाहर खड़ा रहा, बाकी बच्चे नदी में घुस गए। गहराई में पहुंचने पर सभी डूबने लगे। पेशकार नदी किनारे घास पकड़कर जैसे-तैसे बाहर निकल आया लेकिन शेषपाल, आरेंद्र और शिवम की नदी में डूबने से मौत हो गई।

### सारण में करंट लगने से सो रहे बच्चे की मौत

छपरा। बिहार में सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र में शनिवार को बिजली का करंट लगने से एक बच्चे की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि खजुरी गांव निवासी निरंजन कुमार सिंह का पुत्र बाबू कुमार (07) अपने घर में सो रहा था। इसी दौरान उसके पैर पर बिजली का तार गिरने से उसे करंट लग गया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन उसे इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### उत्तराखंड के 11 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी

हल्द्वानी, अमृत विचार : मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने उत्तराखंड के कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। तेज हवाएं भी चल सकती हैं। शनिवार को कुमाऊं के कई हिस्सों में बारिश हुई है। राज्य के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, नैनीताल और चंपावत जिलों में मध्यम बारिश हो सकती है। यहां बारिश का येलो अलर्ट है। साथ ही देहरादून, टिहरी और पौड़ी जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

# कांग्रेस-आप कर रहीं पंजाब के लोगों को धोखा देने की कोशिश : धामी

लुधियाना, एजेंसी

▸▸ लुधियाना लोकसभा प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार करने पहुंचे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री



पंजाब के लुधियाना में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिछले 10 वर्षों के अतुलनीय विकास और करतारपुर गलियारे के उद्घाटन का उल्लेख करते हुए शनिवार को राज्य के लोगों से लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार चुनने की अपील की।

धामी ने लुधियाना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है और यह सब प्रधानमंत्री मोदी के अथक प्रयासों से ही संभव हो पाया है। कांग्रेस पर हमला करते हुए धामी ने कहा कि उसने इतने सालों तक देश पर शासन किया लेकिन उसने पंजाब के लोगों के बारे में कभी नहीं सोचा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) दोनों दिल्ली और हरियाणा में एक साथ चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन पंजाब में वे अलग-अलग चुनाव लड़कर पंजाब के लोगों को धोखा देने की कोशिश कर रहे हैं। धामी ने कहा कि अब पंजाब और देश की जनता समझ चुकी है कि अगर देश का भविष्य उज्ज्वल बनाना है तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को दोबारा सत्ता में लाना होगा और मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना होगा। धामी ने रेखांकित किया कि मोदी सरकार ने करतारपुर गलियारा खोलने का वादा भी पूरा किया।



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और समाजवादी पार्टी की मैनपुरी से मौजूदा सांसद डिंपल यादव ने शनिवार को वाराणसी में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अजय राय के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने आमजन से गठबंधन प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील की। :एजेंसी

## छत्तीसगढ़ की बारूद फैक्ट्री में विस्फोट, एक की मौत

बेमेतरा, एजेंसी

● छह लोग घायल, कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में शनिवार को बारूद फैक्ट्री में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि छह घायल हुए हैं। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट बेरला विकासखंड के पिरदा गांव के पास स्पेशल ब्लास्ट्स लिमिटेड नामक फैक्ट्री में हुआ। रायपुर के डॉक्टर भीमराव आंबेडकर अस्पताल की जनसंपर्क अधिकारी शुभ्रा सिंह ने बताया कि छह लोगों को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया, जिनमें से दो घायलों को एम्स रायपुर ले जाया गया। विस्फोट स्थल का दौरा करने वाले राज्य के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं।

साव ने कहा कि मलबे में लोग फंसे हो सकते हैं, मलबा हटने के बाद मृतकों की संख्या स्पष्ट हो पाएगी। कहा कि मृतकों के परिजनों को पांच लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोट के समय फैक्ट्री में करीब 100 लोग काम कर रहे थे।

## निष्पक्ष चुनाव हुआ तो भाजपा सत्ता से बाहर हो जाएगी : मायावती

गोरखपुर, एजेंसी



▸▸ बसपा प्रमुख ने गोरखपुर में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शनिवार को दावा किया कि अगर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हुआ तो भाजपा और उनके सहयोगी सत्ता से बाहर हो जाएंगे।

बसपा प्रमुख मायावती ने गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र के बसपा उम्मीदवार जावेद सिमनानी के समर्थन में आयोजित चुनावी रैली में कहा कि जैसे लंबे समय तक सत्ता में रही कांग्रेस अपनी गलत नीतियों के कारण देश और राज्यों में सत्ता से बाहर हो गयी, उसी तरह भाजपा भी सत्ता से बाहर हो जाएगी बशर्ते निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव हो और वोटिंग मशीन में कोई गड़बड़ी न हो। मायावती ने समाजवादी पार्टी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उसने बसपा सरकार में बहुजन नेताओं के नाम पर रखे गए जिलों के नाम बदल दिए। उन्होंने कहा कि जब सपा सत्ता में थी तो उसने उन जिलों और संस्थानों के नाम बदल दिए जो हमने अपने संतों और गुरुओं के नाम पर बनाए थे। इससे इन संतों और गुरुओं के प्रति उनकी (सपा की) बुरी मंशा का पता चलता है। बसपा प्रमुख ने दावा किया कि हिंदुत्व की आड़ में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार चरम पर है। इसके साथ ही ऊंची जाति के गरीब लोगों की स्थिति भी बहुत अच्छी नहीं है। खासकर ब्राह्मण समुदाय को पूरे प्रदेश में बड़े पैमाने पर परेशान किया जा रहा है। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर मुस्लिम समाज का शोषण और उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने भरोसा दिया कि उनकी पार्टी सत्ता में आयी तो इनका शोषण व उत्पीड़न रोका जाएगा।

## गूगल मैप के सहारे चला रहे थे कार नदी में जा गिरे

कोट्टायम, एजेंसी

● कार में सवार थे चार मेडिकल छात्र, पुलिस ने निकाला

तेलंगाना से केरल जा रहा वाहन शनिवार तड़के गूगल मैप नेविगेशन एप के माध्यम से गलत दिशा में जाने के कारण कुरुप्पनथारा पियर पुल पार करते समय नदी में गिर गया। वाहन में एक छात्रा सहित मेडिकल के चार छात्र थे, जिनको बचा लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक घटना करीब तीन बजे उस समय हुई जब हैदराबाद से आए पर्यटक गूगल मैप नेविगेशन के निर्देशों का पालन करते हुए मुन्नार पर्यटन गंतव्य केंद्र से अलाप्पुझा की ओर बढ़ रहे थे। कुरुप्पनथारा पियर ब्रिज पार करते वक्त उनका वाहन नदी में जा गिरा। पुलिस ने बताया कि पुल से पहले दो सड़कें हैं, एक नदी के साथ जाती है और दूसरी कम्बम-चेरथला होते हुए अलाप्पुझा की ओर जाती है, लेकिन गूगल एप के बाईं ओर मुड़ने के निर्देश पर वाहन नदी में गिर गया। इस दौरान एक छात्र पीछे की खिड़की से निकलने में सफल रहा और उसने स्थानीय लोगों के साथ पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस, अग्निशमन कर्मियों और स्थानीय लोगों ने कार से तीन पर्यटकों को बचाया। बाद में रस्सी की मदद से कार को नाले से बाहर निकाला गया।

## छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों ने तीन नक्सली मार गिराए

रायपुर/बीजापुर। छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर में शनिवार को सुरक्षाकर्मियों और माओवादियों में हुई दो मुठभेड़ों में तीन नक्सली मारे गए। पुलिस ने बताया कि बीजापुर में दो नक्सली मारे गए जबकि सुकमा में एक मारा गया। बीजापुर में मिरतुर पुलिस थाना क्षेत्र के जप्पेमरका-कमकानार गांवों के पास जंगल में पुलिस और नक्सलियों में मुठभेड़ हुई, दोनों पक्षों में हुई गोलीबारी के बाद मौके से दो नक्सलियों के शव, हथियार आदि सामग्री मिलीं। वहीं, सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि बेलपोचा गांव के पास जंगली पहाड़ी पर एक नक्सली का शव मिला।



दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के नूरबाबाद इलाके में लोकसभा चुनाव के छठे चरण के दौरान एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के लिए कतार में लगे लोगों के बीच मुस्तैद सुरक्षाकर्मी। ● एजेंसी

## घरेलू हिंसा संबंधी शिकायतों में संशोधन की अनुमति स्वीकार्य

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के हवाले से हाई कोर्ट ने निकाला निष्कर्ष

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, 2005 के तहत एक आवेदन में संशोधन की अनुमति देते हुए कहा कि संबंधित न्यायालय उक्त अधिनियम के तहत शिकायतों में संशोधन स्वीकार कर सकती हैं। उक्त आदेश अधिनियम, 2005 (डीवी अधिनियम) की धारा 12 के तहत न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश और उसके बाद अपर सत्र न्यायाधीश, कानपुर देहात के आदेश के खिलाफ दाखिल याचिका को खारिज करते हुए पारित किया गया।

न्यायालय के समक्ष यह प्रश्न था कि क्या डीवी अधिनियम के तहत दाखिल आवेदन का निस्तारण करने वाली संबंधित अदालत को मूल रूप से दाखिल आवेदन में संशोधन की अनुमति देने की शक्ति है या नहीं।

इस प्रश्न पर विचार करते हुए कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से निष्कर्ष निकाला कि संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष दावा की गई राहतें उक्त अधिनियम के अध्याय 4 की धारा 12 से 29 के तहत अनिवार्य रूप से सिविल प्रकृति की मानी गई हैं। सलीम अहमद की याचिका पर विचार करते हुए न्यायमूर्ति डॉ. योगेंद्र कुमार श्रीवास्तव की एकलपीठ ने यह माना कि मूल आवेदन में संशोधन की अनुमति तब भी दी जा सकती है, जब वह किसी साधारण दोष से संबंधित हो, जिसका औपचारिक संशोधन के माध्यम से उपचार किया जा सकता हो और ऐसे संशोधन को अनुमति देने से दूसरे पक्ष का कोई नुकसान न होने की संभावना हो।

इसी प्रकार सीआरपीसी द्वारा शासित आपराधिक न्यायालय के समक्ष शिकायतों में भी संशोधन की मांग करने पर प्रतिबंध नहीं है। हालांकि ऐसे संशोधन की अनुमति देने की शक्ति का उचित परिस्थितियों में सावधानी और संयमपूर्वक प्रयोग किया जाना चाहिए। मौजूदा मामले में एक महिला द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 12 के तहत दाखिल एक पूर्व आवेदन के राहत खंड में संशोधन की मांग करते हुए एक आवेदन दाखिल किया गया। संशोधन आवेदन में राहत खंड के एक हिस्से को हटाने की मांग की गई, जिसमें अनजाने में टाइपोग्राफिकल त्रुटि के कारण 'नाबालिग बेटे के लिए भरण- पोषण की मांग' की गई थी जबकि उसका कोई 'नाबालिग बेटा' नहीं था।

इस पर आवेदक के ससुर ने आपत्ति जताते हुए तर्क दिया कि आपराधिक कार्यवाही में ऐसा कोई संशोधन स्वीकार्य नहीं है। हालांकि संबंधित मजिस्ट्रेट ने संशोधन आवेदन को स्वीकार करते हुए कहा कि उक्त आवेदन को मुख्य आवेदन के साथ पढ़ा जाना चाहिए। इसी आदेश से व्यथित होकर याची ने संशोधन आवेदन को खारिज करने की मांग करते हुए वर्तमान याचिका दाखिल की है।

# कैंची धाम में दर्शन करने को उमड़े श्रद्धालु, लगा जाम

संवाददाता, भवाली



कैंची धाम मार्ग में लगी वाहनों की कतार। :अमृत विचार

अमृत विचार : प्रसिद्ध कैंची धाम में शनिवार को बाबा नीम करोली के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही भीड़ बढ़ने लगी और दिन तक लम्बी कतार बन गई। जहां रोड पर दोनों तरफ वाहन रेंग रहे थे वहीं एक तरफ सड़क पर श्रद्धालुओं की लम्बी लाइन लग गई। अमूमन रोज ही भीड़ दिखने वाले कैंची धाम में अब मंगलवार व शनिवार को श्रद्धालु ज्यादा आने लगे हैं, क्योंकि लोग बाबा को हनुमान का अवतार मानने हैं तो इन दो दिनों में दर्शन करना ज्यादा भाग्यशाली मान रहे हैं।

वहीं नया वाहन खरीदकर अधिकतर श्रद्धालु सीधे बाबा के दर्शन को भी आ रहे हैं। सीतापुर के एक श्रद्धालु ने बताया कि वे नयी कार लेकर बाबा के दर्शन को आये हैं। बस बाबा का ऐसा आशीर्वाद मिला कि पता ही नहीं चला कि ये कार मैंने कैसे खरीद ली। जहां लोग भारी संख्या में बाबा के दर्शन कर रहे हैं तो पुलिस व वोलेंनटियर सीटी बजाकर भीड़ को कन्ट्रोल करते दिख रहे हैं।

शनिवार को सुबह से भवाली भीमताल कैंची धाम के पास सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही। पर्यटकों के वाहन रेंगकर चले। कैंची धाम जाने वाले पर्यटक सुबह से जाम में फंसे रहे। पुलिस लगातार जाम खुलवाती रही। कैंची धाम पार्किंग सुबह ही पूरी तरह से फुल हो गई। भवाली कोतवाल डीआर वर्मा टीम के साथ जाम वाले क्षेत्रों में जाकर जाम खुलवाते रहे। क्षेत्र में जाम लगने से व्यापारी परेशान रहे। व्यापारी दीपक, गणेश गयाल, मुसर्रफ अंसारी, गौरव पाठक ने कहा कि जाम लगने से व्यापारियों को मुसीबत उठानी पड़ रही है। आगामी 15 जून को कैंची धाम में स्थापना दिवस मेला होना है। प्रशासन को पर्यटन सीजन को लेकर तैयारियों को धरातल पर उतारकर काम करने की जरूरत है। वहीं बढ़ती भीड़ के मद्देनजर शटल सेवा से कैंची धाम तक श्रद्धालुओं को भेजा जाए।

# पीलीभीत : नर्स के हत्यारोपी शुभम का फंदे से लटकता मिला शव

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

▸▸ शाहजहांपुर के पिज्जा हब में नर्स की सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला

अमृत विचार : शाहजहांपुर के पिज्जा हब में स्टाफ नर्स की सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या करने के मामले में आरोपी शुभम शुक्ला का शव उसके गांव से कुछ दूर पेड़ पर रस्सी से लटका मिला। शुभम का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह नर्स की हत्या के बाद आत्महत्या करने की बात कह रहा है। पोस्टमार्टम में हैंगिंग से मौत आई है।

पीलीभीत के पूरनपुर की रहने वाली 25 वर्षीय नर्स का शव शाहजहांपुर के पिज्जा हब के बाथरूम में गुरुवार को मिला था। उसे पूरनपुर के गांव पड़रिया का शुभम शुक्ला (26) पुत्र राजेंद्र शुक्ला पिज्जा हब लाया था। पिता की तहरीर पर शुभम उसके दोस्त पर गैंगरेप के बाद हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। शुक्रवार को पुलिस ने शुभम के दो भाइयों और साले को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। शनिवार सुबह शुभम का शव पड़रिया गांव से करीब 400 मीटर दूर एक खेत में पेड़ पर प्लास्टिक की रस्सी से लटका मिला। पूरनपुर में डेरा डाले शाहजहांपुर और स्थानीय पुलिस ने परिवार वालों को बुलाकर शिनाख्त कराई। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

> शुभम ने एक वीडियो बनाकर अपने भाई को भेजा था, जो कि शाहजहांपुर पुलिस को प्राप्त हुआ है। इसमें वह युवती की हत्या कर खुदकुशी की बात कह रहा था। इसके बाद उसका शव लटका मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत आई है। खुदकुशी का मामला निकल रहा है। - संजीव कुमार शुक्ला, कोतवाल पूरनपुर

## देव डोली लेकर चले गायक जुबिन

● मनौती के लिए 60 किलोमीटर की पैदल यात्रा पर निकले

ब्यूरो, देहरादून



देव डोली यात्रा पर बॉलीवुड गायक जुबिन नौटियाल।

अमृत विचार: बॉलीवुड सिंगर जुबिन नौटियाल इन दिनों धार्मिक यात्रा पर हैं। जुबिन के परिवार ने देव डोली यात्रा निकाली है, जिसमें वह बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। देव डोली यात्रा शनिवार सुबह उनके पैतृक गांव क्यारी के लिए रवाना हुई है।

तीन देवताओं चूड़ेश्वर, शिलगुर और बिजट महाराज की डोलियां और श्रद्धालुओं ने बैराटखाई में शुक्रवार रात विश्राम किया। शनिवार सुबह पूजन-अर्चन के बाद जुबिन और उनके पिता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामशरण नौटियाल ने देवताओं की पिटारियों को पीठ पर रखकर यात्रा शुरू की। सिमोग मंदिर से क्यारी गांव तक 60 किमी की यह यात्रा है।

जुबिन ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि पहली बार तीन देवता हमारे घर आ रहे हैं। जुबिन के पिता ने कहा कि तीनों देव डोलियां आज हमारे गांव के लिए प्रस्थान कर रही हैं। हम ईष्टदेव से प्रार्थना करते हैं कि हमारा गांव, कुटुंब तमाम पूरा क्षेत्र सब की खुशहाल रहे, हमारी यह मन्नत भगवान पूरी करें, यही हमारी प्रार्थना है। 15 साल से हम लोगों ने मन्नत मानी थी कि हम देव डोलियों को लेकर जाएंगे, जो आज संभव हो पाया है।

# खुले हेमकुंड साहिब के कपाट, पहला जत्था पहुंचा

ब्यूरो, देहरादून

● गोबिंद धाम से पंज प्यारों की अगुवाई में कीर्तन करते हुए धाम पहुंचा पहला जत्था



हेमकुंड साहिब के कपाट खुलने के अवसर पर आयोजित गुरबाणी कीर्तन में शामिल संगत।

अमृत विचार: गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब के कपाट शनिवार को अरदास के साथ खोल दिए गए। पंजप्यारों की अगुवाई में श्रद्धालुओं का पहला जत्था धाम पहुंचा गया। कपाट खुलने के अवसर पर दो हजार संगत उपस्थित रहें।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने 22 मई को ऋषिकेश गुरुद्वारे से पहले जत्थे को रवाना किया था। गोबिंद धाम (घांघरिया) से शनिवार सुबह रवाना हुए पंज प्यारों की अगुवाई में जत्थे ने जो बोले सो निहाल के जयकारों व बैंड बाजों के साथ कीर्तन करते हुए यात्रा के अंतिम पड़ाव श्री हेमकुंड साहिब पहुंचकर गुरु महाराज के चरणों में हाजिरी लगाई। सुबह से ही देश-विदेश से आए श्रृद्धालु हेमकुंड साहिब पहुंचने लगे थे।

गुरुद्वारा प्रबंधक सरदार गुरनाम सिंह व मुख्य ग्रंथी भाई मिलाप सिंह ने संगत के साथ मिलकर सुबह 9.30 बजे गुरु ग्रंथ साहिब को सुखासन से दरबार साहिब लाया गया। मुख्य ग्रंथी की ओर से सुबह 10.15 बजे सुखमनी साहिब जी का पाठ किया गया। इसके पश्चात सुबह 11.30 बजे से रागी जत्थों द्वारा गुरबाणी कीर्तन किया गया, जिससे दरबार साहिब में उपस्थित संगत निहाल हो गईं। साथ ही निशान साहिब के चोले की सेवा भी चलती रही। गुरुद्वारा परिसर व दरबार हाल को फूलों व अन्य साजो सामान से सजाया गया। भारतीय सेना के 418 इंडिपेंडेंट कोर के कर्नल विरेन्द्र ओला एवं ब्रिगेडियर एमएस ढिल्लो भी हेमकुंड साहिब में उपस्थित रहे। कपाट खुलने के अवसर पर गुरुद्वारा ट्रस्ट के अध्यक्ष सरदार नरेन्द्रजीत सिंह बिंद्रा व गुरुद्वारा गोबिंद घाट के प्रबंधक सरदार सेवा सिंह भी मौजूद रहे।

गोरखपुर लोकसभा सीट पर भाजपा और सपा के बीच हो रहा है दिलचस्प सीधा मुकाबला

# योगी के अभेद्य किले में जातीय दांव लगा पाएगा सेंध

मनोज त्रिपाठी

गोरखपुर लोकसभा सीट पर गोरक्ष पीठ का दबदबा माना जाता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह गृह जनपद भाजपा का मजबूत गढ़ भी है। 2018 का उपचुनाव छोड़ दें, तो 1989 से इस सीट पर गोरक्ष पीठ के सहारे कमल खिल रहा है। योगी आदित्यनाथ स्वयं 1998 से 2014 तक लगातार पांच बार गोरखपुर लोकसभा सीट से सांसद रहे हैं। इससे पहले 1989 से 1996 तक तीन चुनावों में गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ ने यहां का प्रतिनिधित्व किया था। इस बार गोरखपुर लोकसभा सीट पर भाजपा सांसद रवि किशन का मुकाबला सपा प्रत्याशी काजल निषाद और बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार जावेद सिमनानी से है। गोरखपुर में सातवें और अंतिम चरण में पहली जून को वोट पड़ने हैं, लिहाजा चुनाव प्रचार अब अंतिम दौर में प्रवेश कर गया है।



**मत प्रतिशत 2019 चुनाव**

| भाजपा | सपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| 60.54% | 35.70% | 1.94 % |

**2018 उपचुनाव**

| सपा | भाजपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| 48.86% | 46.53% | 2.02 % |

**2014 चुनाव**

| भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|
| 51.83% | 21.76% | 16.96 % | 4.40 % |

- सपा ने 2018 उपचुनाव का परिणाम दोहराने की मंशा से निषाद वोट बैंक पर खेला है दांव
- भाजपा सांसद रवि किशन को गोरक्ष पीठ के साथ मोदी- योगी के नाम और काम का सहारा

## 2019

- 2019 के लोकसभा चुनाव में गोरखपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी अभिनेता रवि किशन (रवीन्द्र शुक्ला) ने जीत दर्ज की थी। उन्हें 7,17,122 वोट मिले थे। सपा के राम भुआल निषाद को 4,15,458 और कांग्रेस के मधुसूदन त्रिपाठी को 22,972 वोट ही मिले थे। इससे पहले 2014 के चुनाव में यहां से योगी आदित्यनाथ ने बड़े अंतर से जीत हासिल करके भाजपा का कमल खिलाया था। उन्हें 5,39,127 वोट मिले थे। सपा के राजमती निषाद को 2,26,344 और बसपा प्रत्याशी राम भुवाल निषाद 1,76,412 ही हासिल कर पाए थे। कांग्रेस के अष्टभुजा प्रसाद त्रिपाठी 45,719 वोट पाकर चौथे स्थान पर रहे थे। लेकिन 2014 से 2019 के बीच की कहानी में एक ट्विस्ट भी है। 2017 में विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद भाजपा ने प्रदेश में सरकार बनाई और गोरखपुर से सांसद योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री बनने पर लोकसभा सीट से इस्तीफा दे दिया। इस पर 2018 में यहां उपचुनाव हुआ। भाजपा ने उपेंद्र दत्त शुक्ल को मैदान में उतारा। सपा ने निषाद पार्टी अध्यक्ष संजय निषाद के पुत्र प्रवीण निषाद को प्रत्याशी बनाया। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को हरा दिया। प्रवीण निषाद ने इस बार संत कबीर नगर से भाजपा सांसद के रूप में चुनाव लड़ा है। सपा को काजल निषाद से कुछ उसी तरह के करिश्मे की उम्मीद है। हालांकि पिछली बार पार्टी का निषाद वोट बैंक पर लगाया गया दांव बेकार साबित हुआ था। 2019 में रविकिशन ने सपा के राम भुआल निषाद को तीन लाख से ज्यादा मतों से हराया था।
- एक अनुमान के मुताबिक गोरखपुर लोकसभा में निषाद वोटरों की संख्या कम से कम साढ़े तीन लाख है। हालांकि निषाद समाज के नेता चार लाख से ज्यादा मतदाता बताते हैं। सपा को उम्मीद निषाद मतदाता अगर उसके साथ आते हैं, तो लोकसभा क्षेत्र के दो लाख से अधिक यादव और करीब डेढ़ लाख मुस्लिम मतदाता मिलकर चुनावी परिणाम बदल देंगे। लेकिन यह रणनीति परवान चढ़ने में सबसे बड़ी अड़चन निषाद पार्टी है, जो अब भाजपा के साथ हैं। इसके बावजूद जातीय समीकरण ध्वस्त करने के लिए भाजपा सांसद रवि किशन लगातार कह रहे हैं कि यह मंदिर की सीट और उसके पास ही रहेगी। वैसे यहां भाजपा के पास भी तीन लाख से ज्यादा ब्राह्मण और राजपूत मतदाता और एक लाख के करीब भूमिहार और वैश्य मतदाताओं का मजबूत समीकरण है।

### प्रत्याशी प्रोफाइल



- भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता और अब राजनेता भाजपा सांसद रवि किशन का असली नाम रवींद्र शुक्ला है। उन्होंने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत कांग्रेस से की थी। 2014 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस से जौनपुर सीट से लड़ा था, लेकिन हार गए थे। इसके बाद 2017 में भाजपा में शामिल हो गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरपरस्ती में भाजपा से 2019 का चुनाव गोरखपुर से 60 .52 फीसदी मत पाकर जीता था।



- सपा प्रत्याशी काजल निषाद लापतागंज टीवी सीरियल से प्रसिद्ध हुई थीं। उन्होंने भोजपुरी फिल्मों में भी काम किया है। वह पिछले काफी समय से राजनीति में भी सक्रिय हैं। 2012 में गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा सीट से कांग्रेस से चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गई थीं। 2017 में कैंपियरगंज सीट से भी हार का सामना करना पड़ा था। वह पिछले साल गोरखपुर मेयर का चुनाव भी सपा से हार गई थीं।



- बसपा के गोरखपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी जावेद सिमनानी छात्र जीवन से ही पार्टी से जुड़े हैं। उनके पिता और भाई सभी बसपा के लिए काम करते रहे हैं। सिमनानी ने अपना करियर बूथ अध्यक्ष के रूप में शुरू किया था, बाद में सेक्टर अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी, बसपा के मुख्य जोन समन्वयक और कई अन्य पदों पर काम किया है। वह निकाय चुनाव में पार्षद चुनाव लड़े थे, पर हार गए थे।

# तीन बार के रनर को पहली और भाजपा को चौथी जीत की तलाश

बांसगांव लोकसभा सीट



कमलेश पासवान।



सदल प्रसाद।

**अमृत विचार।** गोरखपुर जिले में दो लोकसभा सीटें गोरखपुर और बांसगांव आती हैं। बांसगांव सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। बांसगांव में बसपा को छोड़कर भाजपा, कांग्रेस व सपा तीनों प्रमुख दल जीत हासिल कर चुके हैं। यह सीट ओम प्रकाश पासवान के लिए जानी जाती है, जिनकी हत्या के बाद उनकी पत्नी सुभावती पासवान साल 1996 में यहां से सांसद चुनी गई थीं। उनके ही पुत्र कमलेश पासवान यहां पिछली बार जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं और इस बार चौथी जीत दर्ज करने के लिए तत्पर नजर आ रहे हैं। कमलेश 2009, 2014 व 2019 के तीन चुनाव लगातार जीत चुके हैं। इस बार उन्हें जीत मिली तो कांग्रेस नेता महावीर प्रसाद के रिकार्ड की बराबरी करने के साथ ही लगातार चार जीत दर्ज करने का नया रिकार्ड भी बना देंगे। उनसे पहले इस सीट पर कांग्रेस नेता महावीर प्रसाद ने भी चार बार जीत हासिल की थी, जिसमें तीन लगातार जीत दर्ज करके हैट्रिक लगाई थी। महावीर प्रसाद 1980, 1984 व 1989 के लोकसभा चुनाव में लगातार जीते थे। साल 2004 में वह चौथी बार जीते थे। इस तरह वह लगातार चार जीत नहीं दर्ज कर पाए थे।

बांसगांव लोकसभा सीट की कहानी सदल प्रसाद के बिना अधूरी है। वह यहां से तीन बार 2004, 2014 और 2019 में लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं। तीनों बार बसपा से किस्मत आजमाई लेकिन हर बार उपविजेता ही रहे। यह पहला मौका है, जब वह सपा-कांग्रेस गठबंधन के तहत कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं।

सदल प्रसाद बांसगांव सुरक्षित विधानसभा सीट पर साल 2002 से 2012 के बीच दो बार विधायक रहे हैं। इस बार उनके सामने अपने परंपरागत दलित मतदाताओं के साथ सपा के यादव और मुसलमान वोट बैंक को जोड़ना बड़ी चुनौती है। चुनाव प्रचार के दौरान वह इसी मिशन में जुटे दिखाई देते हैं, ताकि तीन बार रनर रहने के बाद इस बार पहली बार जीत दर्ज कर सकें।

लेकिन उनकी इस राह में रोड़ा बसपा प्रत्याशी डा. रामसमुझ नजर आ रहे हैं, जो गोरखपुर व बस्ती मंडल की एकमात्र सुरक्षित सीट पर बसपा का खाता खोलने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं।

- इस लोकसभा सीट पर भाजपा, कांग्रेस और बसपा में कोई भी जीते, बनेगा नया रिकार्ड
- भाजपा सांसद कमलेश पासवान जीत की हैट्रिक के बाद इस बार चौका लगाने की कोशिश में
- कांग्रेस प्रत्याशी सदल प्रसाद बसपा से पिछले तीन चुनाव लड़कर हर बार रहे हैं यहां उप विजेता
- सुरक्षित सीट पर बसपा लगी है पहली जीत के लिए नए सिरे से सियासी बिसात बिछाने में

### सांसद के प्रति नाराजगी को मुद्दा बनाने का प्रयास

बांसगांव में बसपा पिछले चार चुनावों में दूसरे स्थान पर आ रही है। ऐसे में बसपा को त्रिकोणात्मक संघर्ष में आने से रोक कर कांग्रेस व सपा ने सदल प्रसाद को जिताने के लिए बांसगांव में सवर्ण मतदाताओं की भाजपा सांसद से नाराजगी को मुद्दा बनाकर भुनाने की रणनीति बनाई है। हालांकि बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर भाजपा प्रत्याशी कमलेश के प्रति लोगों की नाराजगी दिखाई तो देती हैं, लेकिन इनमें से अधिकतर लोग मोदी और योगी के नाम पर ईवीएम में बटन कमल निशान का ही दबाने की बात भी करते नजर आते हैं।

### जातीय समीकरण का लेखा-जोखा

बांसगाव में पासी समुदाय सहित अन्य दलितों की संख्या चार लाख से ज्यादा है। ब्राह्मण और राजपूत मिलकर करीब तीन लाख तो यादव मतदाताओं की संख्या ढाई लाख तक बताई जाती है। मुस्लिम वोटर डेढ़ लाख गिनाए जाते हैं।

### पिछले दो चुनावों का परिणाम

साल 2019 के चुनाव में भाजपा के कमलेश पासवान एक लाख से अधिक मतों से जीते थे। उन्हें 5,46,673 वोट मिले थे। बसपा के सदल प्रसाद ने 3,93,205 वोट पाए थे। 2014 के चुनाव में भी भाजपा के कमलेश पासवान ने बसपा प्रत्याशी सदल प्रसाद को हराया था। कमलेश 4,17,959 वोट मिले थे, जबकि सदल प्रसाद ने 2,28,443 वोट पाए थे।

### सभी पांचों सीटों पर भाजपा का कब्जा

बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें दो सीटें देवरिया जिले की रूद्रपुर और बरहज हैं, जबकि तीन सीटें चौरी-चौरा, बांसगांव और चिल्लूपार गोरखपुर जिले की हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सभी पांचों सीटों पर कब्जा जमाया था।

# मतदान ने आधा दर्जन सीटों पर समीकरण और उलझाया

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों पर शनिवार को मतदान समाप्त होने के बाद आए 54 फीसदी से कुछ अधिक वोट पड़ने के प्रारंभिक आंकड़े ने आधा दर्जन से अधिक सीटों पर सियासी समीकरण और उलझा दिए हैं। इसके चलते वोटों के हिसाब-किताब में चार जून तक तमाम प्रत्याशियों की धड़कनें तेज ही रहने वाली हैं। पूर्वांचल के रण में वैसे भी इस बार कई सीटों पर ओबीसी तथा दलित वोट बैंक में बंटवारे से भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन के बीच पांच से सात सीटों पर कड़ा मुकाबला माना जा रहा था।

फूलपुर, इलाहाबाद, प्रयागराज, डुमरियागंज में औसतन 54.05 फीसदी के मुकाबले लगभग चार प्रतिशत तक कम वोट पड़ने की सूचना है। इसके मुकाबले अंबेडकर नगर में करीब 62 फीसदी, आजमगढ़ और बस्ती में 57 फीसदी के आसपास वोट डाले गए हैं, बाकी जगह मतदान के आंकड़े औसत मतदान से एक-डेढ़ प्रतिशत ही कम या ज्यादा हैं। ऐसे में बड़ा सवाल है कि अंबेडकर नगर में सात फीसदी से ज्यादा वोट आखिर किसके पक्ष में या किस कारण से पड़ा है। अंबेडकर नगर से बसपा के सांसद रितेश पांडेय इस बार भाजपा से चुनाव लड़े हैं। उनका मुकाबला सपा-कांग्रेस प्रत्याशी लालजी वर्मा से हुआ है। लालजी वर्मा छह बार के विधायक हैं। मायावती सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे थे।

यहां बसपा से कमर हयात भी हैं, लेकिन भाजपा-सपा के बीच नजदीकी संघर्ष नजर आया है। आजमगढ़ और बस्ती में लगभग तीन प्रतिशत तक ज्यादा पड़े वोटों को सपा अपने तो भाजपा अपने पक्ष में बता रही है। जानकारों का मानना है कि आजमगढ़ में सपा के धर्मेंद्र यादव को भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ की चुनौती से जूझना पड़ा है।

**मांगा आशीर्वाद**



मंडी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह ने जनसंपर्क किया। उन्होंने केंद्र सरकार को युवा, किसान विरोधी बताया और वोट मांगा। कहा कि इंडिया गठबंधन ही इस देश में विकास करेगा।



**साधा समीकरण** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बारासात लोकसभा क्षेत्र में टीएमसी उम्मीदवार काकुली घोष के लिए प्रचार किया। मतदाताओं को लुभाने के लिए उन्होंने डांडिया नृत्य में हिस्सा लिया।

# अंतिम चरण की 13 सीटों पर भाजपा के पास मजबूत जमीन

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण में पूर्वांचल की 13 सीटों पर पहली जून को वोट पड़ेंगे। इनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र वाराणसी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गोरखपुर सीट भी शामिल हैं। इस चरण में भी भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन में जंग देखने को मिल रही है। बसपा कई सीटों पर त्रिकोणात्मक तस्वीर बनाती नजर आ रही है।

सातवें चरण में जिन 13 सीटों पर वोट पड़ने हैं, उनमें से 11 सीटों पर पिछली बार एनडीए ने जीत दर्ज की थी जबकि दो सीटों पर सपा-बसपा गठबंधन की जीत हुई थी। इस भाजपा जहां सभी 13 सीटों को जीतने के इरादे से अपनी ताकत लगाए है, वहीं विपक्षी गठबंधन में अपनी सीटें बढ़ाने के लिए जातीय गणित सेट करने में जुटा है। 2019 के लोकसभा चुनाव के आंकड़ों पर नजर डालें तो 13 सीटों पर इंडिया गठबंधन की लड़ाई आसान नहीं है। अगर सपा-कांग्रेस के साथ बसपा को अपनी सीटें बढ़ानी है तो उन्हें कम से कम 15 फीसद वोट अपने पक्ष में लाना होगा। पिछले चुनाव में भाजपा को औसतन 52.11 फीसद वोट मिले और सपा-बसपा के खाते में 37.43 वोट ही आए थे। 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन था जो भाजपा के सामने बेहद मजबूत था, बावजूद इसके गठबंधन को तब दो ही सीटें मिल पाई थी। इस बार सपा के साथ बसपा नहीं है, कांग्रेस जिसका साथ है, उसकी संगठन जमीन पर कहीं भी मजबूत नहीं है। इसके मुकाबले एनडीए का जातीय समीकरण बेहद मजबूत है। पूर्वांचल में भाजपा के साथ राजभर, चौहान, निषाद और गैर यादव ओबीसी समाज दिखाई देता है। ओम प्रकाश राजभर, अपना दल सोनेलाल और निषाद तथा जनवादी पार्टी समर्थन में एकजुट है।

# निशिकांत चौका तो विजय हांसदा हैट्रिक लगाने को आतुर

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में मतदान के छह चरण पूरे हो चुके हैं। इसी के साथ ही सातवें चरण की सीटों पर जीत के लिए सभी दलों ने ताकत झोक दी है। हर दल ने अपने- अपने हिसाब से चक्रव्यूह की रचना की है। झारखंड में जहां इंडिया गठबंधन पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को मुद्दा बनाकर सहानुभूति के सहारे जीत दर्ज करने की कवायद में जुटा है तो भाजपा हेमंत सोरेन के भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाकर झामुमो, कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के रचे हुए चक्रव्यूह को भेदना चाहती है। अंतिम चरण में तीन सीटों पर चुनाव होना है। इनमें से गोड्डा सीट पर भाजपा के कद्दावर नेता निशिकांत दुबे तीन बार से लगातार जीत रहे हैं तो दुमका सीट पर भाजपा का कब्जा 2019 में हुआ था। रही बात राजमहल सीट की तो यह झामुमो का मजबूत गढ़ है। पार्टी यहां जीत बरकरार रखने के साथ ही अन्य सीटों पर जीत दर्ज करने को आतुर दिख रही है।

### राजमहल में मोदी लहर भी काम नहीं आई



- राजमहल सीट पर कांग्रेस ने 8, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) 5, भाजपा दो और बीएलडी व जनता पार्टी ने एक-एक बार जीत दर्ज कर चुकी है। 2009 में इस सीट पर भाजपा जीती थी लेकिन 2014 और 2019 में जब प्रचंड मोदी लहर थी तो यहां के मतदाताओं ने भाजपा को नकार दिया था। झामुमो के विजय कुमार हांसदा लगातार दो बार से जीत रहे हैं। इस बार वे हैट्रिक लगाने की तैयारी कर रही हैं। भाजपा ने उनके सामने पूर्व विधायक ताला मारांडी को टिकट दिया है। वे पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि सीपीआईएम ने गोपेन सोरेन को मैदान में उतारा है। गोपेन पिछला चुनाव हार चुके हैं। झामुमो यहां महंगाई, बेरोजगारी को मुद्दा बना रही है और हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को आदिवासी अस्मिता को ठेस पहुंचाने वाला बता रही है। अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित इस सीट पर भाजपा को जीत के लिए मोदी की गारंटी का ही सराहा है। पार्टी यहां भ्रष्टाचार के मुद्दे को आगे रखकर वोट मांग रही है। वैसे यहां की छह विधानसभा सीटों में से चार पर झामुमो और एक- एक पर कांग्रेस व भाजपा का कब्जा है।

### राजमहल की बरेहट सीट से हेमंत सोरेन विधायक

- पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राजमहल लोकसभा की बरेहट विधानसभा सीट से ही विधायक हैं। ऐसे में झामुमो ने यहां पर ताकत झोक दी है। पार्टी के बड़े नेता यहां डेरा डाले हुए हैं।पार्टी को लगता है कि इस सीट पर हार का मतलब है कि आगामी विधानसभा चुनाव में इसका गलत संदेश जाएगा।

### गोड्डा में भाजपा का किला ढहाने को मजबूत किलेबंदी



गोड्डा संसदीय सीट पर भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे लगातार तीन बार से जीत रहे हैं। इस बार वे चौका लगाने के लिए एड़ी- चोटी का जोर लगा रहे हैं। निशिकांत दुबे उस वक्त चर्चा में आए थे जब उन्होंने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के विरुद्ध शिकायत की थी और आरोप लगाया था कि उन्होंने सुविधाएं लेकर संसद में सवाल पूछे। यहां टीएमसी के नेताओं को भी उनके विरुद्ध चुनाव प्रचार में उतारने की कोशिश कांग्रेस और झामुमो की ओर से की जा रही है। यहां से कांग्रेस के प्रदीप यादव उनके विरुद्ध मैदान में हैं। पूरा विपक्ष एकजुट होकर उन्हें हराने की कोशिश कर रहा है। जातीय समीकरण के हिसाब से निशिकांत यहां पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। प्रदीप यादव भी मंझे राजनीतिज्ञ हैं वे एक बार सांसद रहे हैं और वर्तमान में विधायक हैं। विधानसभा चुनाव के परिणाम पर नजर डालें तो इंडिया गठबंधन यहां भारी दिखता है।

### शिबू सोरेन की हार का बदला ले पाएंगे नलिन



दुमका संसदीय सीट झामुमो की परंपरागत सीट रही है। इस सीट पर पार्टी प्रमुख शिबू सोरेन आठ बार जीते। 2019 में उन्हें भाजपा के सुनील सोरेन ने हराया था। इस बार भाजपा ने यहां शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन को मैदान में उतारा है। मुख्यमंत्री न बनाए जाने से खफा सीता सोरेन ने बगावत कर भाजपा का दामन थामा है। वह इसी संसदीय क्षेत्र की जामा सीट से विधायक हैं। उनके मुकाबले झामुमो ने दुमका से विधायक नलिन सोरेन का चेहरा बनाया है। नलिन और सीता में इस बात की जंग है कि कौन खुद को इस सीट पर शिबू सोरेन का असली उत्तराधिकारी कौन होगा। इस सीट पर भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबू लाल मरांडी 1998 और 1999 में इस सीट से सांसद रह चुके हैं। यहां विधानसभा की छह सीटें हैं। एक सीट भाजपा, एक पर कांग्रेस का कब्जा है जबकि चार सीटों पर झामुमो जीती थी लेकिन झामुमो विधायक सीता सोरेन बाद में भाजपा में आईं और उम्मीदवार बन गईं। वह मतदाताओं को बताने में जुटी हैं कि उनके साथ परिवार में अन्याय हुआ है। इसलिए उन्हें सांसद बनाकर मतदाता ही न्याय दिला सकते हैं। नलिन जहां सीता सोरेन को हराकर खुद को इस सीट पर शिबू सोरेन का राजनीतिक वारिस साबित करने के लिए रात दिन एक किए हुए हैं तो सीता सोरेन यह बताने में जुटी हैं कि यदि वह हार गईं तो उन्हें परिवार से भी कुछ नहीं मिलेगा। भाजपा ने भी इस सीट पर पूरी ताकत झोक दी है। पार्टी की कोशिश है कि सीता की जीत से वह यह बताने में कामयाब होगी कि यहां की जनता ने भ्रष्टाचार को हराया है।

# पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर हमारा है और हम उसे लेकर रहेंगे : अमित शाह

## गृह मंत्री ने भाजपा को डराने की कोशिश करने के लिए कांग्रेस पर साधा निशाना

शिमला, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत का हिस्सा है और हम उसे लेकर रहेंगे। उन्होंने पड़ोसी देश के पास परमाणु बम होने का हवाला देकर भाजपा को डराने की कोशिश करने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा। शाह ने ऊना जिले के अम्ब में एक रैली को संबोधित करते हुए मतदाताओं से राज्य की छह विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने की अपील भी की, ताकि इस पर्वतीय राज्य में भाजपा की सरकर बन सके।



हिमाचल प्रदेश में फिलहाल कांग्रेस की सरकार है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली मजबूत सरकार ही आतंकवाद से लड़ सकती है, आर्थिक विकास सुनिश्चित कर सकती है और गरीबों का ध्यान रख सकती है। गृहमंत्री ने हमीरपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर के समर्थन में रैली में कहा-कांग्रेस हमें डराने की कोशिश कर रही है कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है।

### चीन ने हमारी जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी चुप हैं : खरगे



**शिमला।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को आरोप लगाया कि चीन ने भारत की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है और घर तथा सड़कें बना रहा है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुप हैं। खरगे ने हिमाचल प्रदेश के रोहड़ू में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री पर कटाक्ष किया और पूछा कि 56 इंच का सीना कहां है। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी देश के लोगों और संविधान को बचाने के लिए लड़ रही है और अगर वह लोकसभा चुनाव में सत्ता में आती है तो 30 लाख सरकारी रिक्तियां भरी जाएंगी। खरगे ने कहा-हमने पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई लड़ी और बांग्लादेश को आजादी दिलाई। चीन ने हमारी जमीन पर अतिक्रमण कर लिया और घर तथा सड़कें बना रहा है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी चुप हैं। 56 इंच का सीना कहां है?

### मोदी अगर जीते तो हर गांव में अपना मंदिर बनवाएंगे: तंगादागी

**कोप्पल (कर्नाटक)।** कर्नाटक के मंत्री शिवराज तंगादागी ने शनिवार को कहा कि अगर भाजपा लोकसभा चुनाव जीत जाती है तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर गांव में अपना मंदिर बनवाएंगे। पिछड़ा वर्ग विकास और कन्नड़ एवं संस्कृति विभाग संभालने वाले तंगादागी ने कहा कि प्रधानमंत्री के बयानों से लगता है कि वह देश के हर गांव में अपना मंदिर बनवाएंगे। मंत्री की यह टिप्पणी एक राष्ट्रीय टीवी चैनल को दिए गए प्रधानमंत्री मोदी के साक्षात्कार की पृष्ठभूमि में आई है, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था, जब तक मेरी मां जीवित थीं, मैं सोचता था कि मैं जैविक रूप से पैदा हुआ हूं। उनके निधन के बाद, जब मैं अपने अनुभवों को देखता हूं, तो मुझे यकीन हो जाता है कि मुझे परमात्मा ने भेजा है। यह ऊर्जा मेरे शरीर से नहीं आती। परमात्मा ने मुझे यह दी है।

# इंडिया गठबंधन वोट बैंक के लिए मुजरा कर रहा

- बिहार में प्रधानमंत्री मोदी ने की घोषणा-गठबंधन की योजनाओं को कर दूंगा विफल

पटना/डेहरी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर शनिवार को तीखा हमला किया और उस पर मुस्लिम वोट बैंक के लिए गुलामी और मुजरा करने का आरोप लगाया। पाटलिपुत्र और काराकाट संसदीय क्षेत्र में अलग-अलग रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने विपक्ष पर तीखा हमला किया और अल्पसंख्यक संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पछड़ा वर्ग को आरक्षण से वंचित करने के लिए राजद और कांग्रेस जैसे दलों को जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने कहा-बिहार वह भूमि है जिसने सामाजिक न्याय की लड़ाई को एक नई दिशा दी है। मैं इस प्रदेश की भूमि पर यह घोषणा करना चाहता हूं कि मैं एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकारों को लूटने और



उन्हें मुसलमानों को देने की इंडिया गठबंधन की योजनाओं को विफल कर दूंगा। वे गुलाम बने रह सकते हैं और अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए 'मुजरा' कर सकते हैं। मोदी ने यह भी आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन उन लोगों के समर्थन पर भरोसा कर रहा है जो वोट जिहाद में लिप्त हैं। साथ ही उन्होंने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश का हवाला दिया, जिसमें कई मुस्लिम समूहों को ओबीसी की सूची में शामिल करने के पश्चिम बंगाल सरकार के फैसले को रद कर दिया गया है।

### नरेंद्र मोदी और भाजपा संविधान बदल देंगे: राहुल



**अमृतसर।** भाजपा पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि पार्टी अगर 2024 का लोकसभा चुनाव जीतती है तो वह व नरेंद्र मोदी संविधान बदल देंगे। गुरु नानक देव का जिक्र करते हुए कांग्रेस के पूर्व प्रमुख ने कहा कि पहले सिख गुरु का संदेश था कि सभी का सम्मान किया जाना चाहिए और संविधान भी यही बात कहता है। पंजाब की अमृतसर लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार गुरजीत सिंह औजला के समर्थन में पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यह चुनाव सामान्य नहीं हैं।

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर: सड़क हादसे में पंजाब के चार लोगों की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में कार के सड़क से फिसल जाने से पंजाब के चार पर्यटकों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि यह घटना दक्षिण कश्मीर जिले के निपोरा इलाके में हुई। उन्होंने बताया कि सभी सात पर्यटक स्पोर्ट्स यूटेलिटी वाहन (एसयूवी) में सवार थे और काजीगुंड से लौट रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि चार पर्यटकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन घायलों को इलाज के लिए अनंतनाग के जीएमसी अस्पताल ले जाया गया है।

### अमृतसर में ड्रोन द्वारा गिराई हेरोइन बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के जिला अमृतसर के सीमावर्ती गांव रतनखुर्द से 430 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि जिला अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में हेरोइन की खेप की मौजूदगी के बारे में बीएसएफ खुफिया इकाई द्वारा सूचना के आधार पर क्षेत्र में एक व्यापक तलाशी अभियान के दौरान दोपहर आंशिक रूप से जली हुई अवस्था में संदिग्ध हेरोइन का एक पैकेट बरामद हुआ है।

## राजस्थान सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल मुस्लिम जातियों के आरक्षण की करेगी समीक्षा

**जयपुर।** राजस्थान के मंत्री अविनाश गहलोत का कहना है कि राज्य सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में शामिल मुस्लिम जातियों के आरक्षण की समीक्षा करेगी। राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि कांग्रेस ने तुष्टीकरण की राजनीति के तहत 1997 से 2013 तक मुस्लिम जातियों को ओबीसी आरक्षण दिया और अब इसकी समीक्षा की जाएगी। मंत्री ने कहा-बाबा साहेब आंबेडकर ने संविधान में लिखा था कि धर्म के आधार पर किसी भी जाति या वर्ग को आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा सकता है।

## फैक्ट्री मालिक को 29 तक पुलिस हिरासत में भेजा गया

ठाणे, एजेंसी

**डोंबिवली कारखाना विस्फोट मामला**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने शनिवार को डोंबिवली स्थित रासायनिक कारखाने के मालिक को 29 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया, जहां हुए विस्फोट में 10 लोगों की मौत हो गई थी और 60 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

ठाणे पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी एवं अमुदन केमिकल्स के मालिक मलय मेहता (38) को कल्याण में मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मेहता की 14 दिन की हिरासत का अनुरोध किया और अदालत को बताया कि उन्हें कारखाना स्थल का दौरा करना है और पता लगाना है कि अपराध में और लोग शामिल थे या नहीं।

अधिकारी ने बताया कि विस्फोट के कारण बहुत अधिक नुकसान हुआ और पुलिस इस घटना में कई लोगों की भूमिका की जांच करना चाहती है।

## परमेश्वर ने रेवन्ना का पासपोर्ट रद करने को लेकर केंद्र पर साधा निशाना

- बोले-मुख्यमंत्री द्वारा मोदी को भेजे गए पत्र का क्या हुआ

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने शनिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और पूछा कि जनता दल (सेक्युलर) के निलंबित नेता प्रज्ज्वल हासन के पासपोर्ट को रद करने के लिए अप्रैल में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजे गए पत्र का क्या हुआ।

विदेश मंत्रालय द्वारा एक दिन पहले दिए गए बयान कि हासन के फरार सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद करने का राज्य सरकार का अनुरोध उसे 21 मई को ही प्राप्त हुआ था, के बाद परमेश्वर की यह टिप्पणी सामने आई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर के एक साक्षात्कार में दिए गए बयान कि उनके मंत्रालय को प्रज्ज्वल का पासपोर्ट रद्द करने का अनुरोध 21 मई को ही मिला है, पर टिप्पणी करते हुए परमेश्वर ने यहां संवाददाताओं से कहा-मैंने भी मीडिया रिपोर्ट देखी है। अगर उन्होंने (एस जयशंकर) ऐसा कहा है तो इसका मतलब यह है कि प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने विदेश मंत्रालय को इस बारे में जानकारी नहीं दी। परमेश्वर ने पूछा-मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अप्रैल में ही पत्र लिखा था और विदेश मंत्री का कहना है कि उन्हें यह 21 मई को मिला। प्रधानमंत्री कार्यालय में



पत्र का क्या हुआ? क्या इसे उचित तरजीह नहीं मिली या क्या पीएमओ ने विदेश मंत्रालय को इस बारे में सूचित नहीं किया? उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा-हम देख सकते हैं कि केंद्र सरकार कैसे काम कर रही है। कर्नाटक के गृह मंत्री ने कहा कि एक बार राजनयिक पासपोर्ट रद हो जाने पर, प्रज्ज्वल को भारत लौटना होगा क्योंकि वह विदेश में रहने की छूट खो देगा।

पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा के पोते प्रज्ज्वल पर यौन शोषण का आरोप है और हासन के सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होने के एक दिन बाद 27 अप्रैल को भारत से बाहर चले गये थे। सीबीआई के माध्यम से एसआईटी के अनुरोध के बाद इंटरपोल द्वारा प्रज्ज्वल के ठिकाने के बारे में जानकारी मांगने वाला 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' पहले ही जारी किया जा चुका है।

## केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार ने दायर की जमानत याचिका

**स्वाति मालीवाल मारपीट मामला**

**नई दिल्ली।** आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट करने के मामले में आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार ने एक अदालत में जमानत याचिका दायर की है। अदालत ने इस संबंध में दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। अदालत के सूत्रों ने बताया कि कुमार को शुक्रवार को चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद उनके वकीलों ने याचिका दायर की और कहा कि याचिका सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। राज्यसभा सदस्य मालीवाल ने आरोप लगाया है कि 13 मई को जब वह मुख्यमंत्री से मिलने उनके आवास पर गई थीं तो केजरीवाल के निजी सहायक कुमार ने उनके साथ मारपीट की थी। कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था और तब से वह पुलिस हिरासत में हैं। पिछले शनिवार को दायर की गई उनकी अग्रिम जमानत याचिका को अदालत ने ''निरर्थक'' माना था। दिल्ली पुलिस ने दावा किया है कि कुमार जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं, अपने जवाब देने में टाल-मटोल कर रहे हैं और उन्होंने अपने मोबाइल फोन का पासवर्ड भी नहीं बताया है।

## आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजकों का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं : केजरीवाल

- दिल्ली के मुख्यमंत्री ने पाकिस्तान के पूर्व मंत्री को लगाई फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को पाकिस्तान के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन को उनके उस बयान को लेकर फटकार लगाई जिसमें चौधरी ने लोकसभा चुनाव में नफरत फैलाने वाली और चरमपंथी ताकतों के हार की अपील की है।

केजरीवाल ने कहा कि चुनाव भारत का आंतरिक मामला है और यह आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजकों के हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं करेगा। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में दिल्ली के सात निर्वाचन क्षेत्रों समेत कुल 58 संसदीय क्षेत्रों में शनिवार को मतदान किया गया। मतदान करने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने अपने परिवार की एक तस्वीर सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा की जिसमें सभी सदस्य स्याही लगी उंगलियां



दिखा रहे हैं। इसके साथ ही केजरीवाल ने अपने पोस्ट में कहा कि उन्होंने तानाशाही, महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ वोट दिया।

वहीं केजरीवाल की पोस्ट को एक्स पर साझा करते हुए मोर पावर और इंडिया इलेक्शन 2024 हैशटैग के साथ हुसैन ने कहा-शांति और सौहार्द नफरत फैलाने वाली और चरमपंथी ताकतें परास्त हों।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 33 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में शनिवार को 33 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें से तीन नक्सलियों पर कुल पांच लाख रुपये का नकद इनाम है। बीजापुर जिले के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने बताया कि नक्सलियों ने जिले के वरिष्ठ सीआरपीएफ के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि नक्सली आदिवासियों पर माओवादियों द्वारा किए गए अत्याचारों और "खोखली" माओवादी विचारधारा से निराश हैं तथा वे पुलिस की पुनर्वास नीति से भी प्रभावित हैं। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले 33 कैडर में दो महिलाएं भी शामिल हैं, जो माओवादियों की गंगालूर क्षेत्र समिति के तहत विभिन्न शाखाओं और संगठनों में सक्रिय थीं।

# कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 985 फ्लैग 1000 डीएमओ 870 बोल्ड 1160, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 880।

### लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-1300 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12500 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# भारत में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र देश की अर्थव्यवस्था मजबूत करने को तैयार: राघवन

## द. एशिया में एडब्ल्यूएस के स्टार्टअप प्रमुख बोले-तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) के वरिष्ठ अधिकारी कुमार राघवन ने कहा है कि भारत में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र परिपक्व है और इसमें कई अनुकूल परिस्थितियां भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। राघवन भारत और दक्षिण एशिया में एडब्ल्यूएस के स्टार्टअप प्रमुख हैं।

राघवन ने जीवंत भारतीय स्टार्टअप परिदृश्य पर चर्चा की और इसकी ताकत तथा नवाचार क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा-हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं



और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं... इसमें योगदान देंने वाले कारक श्रम वृद्धि, बुनियादी ढांचे की वृद्धि और दक्षता में सुधार हैं, जहां रचनात्मक कृत्रिम मेधा (जेनएआई) जैसी प्रौद्योगिकियां अपनी भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि इनके अलावा एक बड़े डेवलपर पारिस्थितिकी तंत्र की मौजूदगी, देश में उत्पाद बनाने और दुनिया भर में सेवा देने की क्षमता और नियामक अनुकूल परिस्थितियां भी हैं। राघवन ने भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र की परिपक्वता की सराहना की। उन्होंने कहा कि इसमें ऐसे अनुभवी संस्थापकों के महत्वपूर्ण योगदान को ध्यान में रखा गया, जिन्होंने कई उद्यम शुरू किए हैं।

### अलग वातावरण होने से भारत के लिए विकास का रास्ता चीन जैसा नहीं होगा: आदिल जैनुलभाई

**नई दिल्ली।** भारत के विकास मिशन पर आगे बढ़ने के साथ यह साफ है कि उसका रास्ता चीन जैसा नहीं होगा, क्योंकि वहां अलग वातावरण और क्षमताएं हैं। क्षमता निर्माण आयोग के चेयरमैन आदिल जैनुलभाई ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को एक विकसित देश बनाने का सपना सामने रखा है, और इस बारे में कई दृष्टिकोण हैं और हम मानते हैं कि यह अलग तरह से होगा। उन्होंने कहा-भारत के लिए विकास का रास्ता चीन के विकास पथ के समान नहीं होगा। अगले 25 वर्षों के लिए भारत की वृद्धि का मॉडल चीन जैसा नहीं होगा। यह एक अलग वातावरण है और भारत की क्षमताएं अलग हैं। जैनुलभाई ने कहा कि विश्व बैंक के अनुसार चीन की मजबूत वृद्धि निवेश और निर्यात उन्मुख विनिर्माण पर आधारित रही है।

### रिलायंस ने वायाकॉम-18 स्टार इंडिया विलय के लिए सीसीआई से मांगी मंजूरी

**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने वायाकॉम-18 और स्टार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसआईपीएल) के विलय के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से मंजूरी मांगी है। सीसीआई ने शुक्रवार को कहा कि प्रस्तावित लेनदेन का मकसद वायाकॉम18 और एसआईपीएल के मनोरंजन व्यवसायों (कुछ अन्य चिन्हित व्यवसायों के साथ) को जोड़ना है। वायाकॉम-18, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) समूह का हिस्सा है, जबकि द वॉल्ट डिज्नी कंपनी (टीडब्ल्यूडीसी) के पास एसआईपीएल का स्वामित्व है। नियामक ने कहा कि लेनदेन के बाद एसआईपीएल एक संयुक्त उद्यम बन जाएगी, जिसे आरआईएल, वायाकॉम-18 और टीडब्ल्यूडीसी की सहायक कंपनियों द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया जाएगा।

## आयकर विभाग ने लागत मुद्रास्फीति सूचकांक को किया अधिसूचित

- पूंजीगत संपत्तियों की बिक्री से होने वाले लाभ की हो सकेगी गणना
- वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सीआईआई 363 है

नई दिल्ली, एजेंसी

आयकर विभाग ने अचल संपत्ति, प्रतिभूतियों और आभूषण की बिक्री से होने वाले दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ की गणना के लिए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए लागत मुद्रास्फीति सूचकांक को अधिसूचित किया है।




लागत मुद्रास्फीति सूचकांक (सीआईआई) का उपयोग करदाताओं द्वारा मुद्रास्फीति को समायोजित करने के बाद पूंजीगत संपत्तियों की बिक्री से होने वाले लाभ की गणना करने के लिए किया जाता है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की एक अधिसूचना के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 (आकलन वर्ष 2025-26) के लिए सीआईआई 363 है। पिछले वित्त वर्ष के लिए सीआईआई 348 था और 2022-23 के लिए यह 331 था।

मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि सीआईआई अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति को दर्शाता है, जिससे समय के साथ वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बढ़ती हैं। उन्होंने कहा कि करदाता आमतौर पर उच्च सीआईआई को पसंद करते हैं, क्योंकि इससे उन्हें बड़ी कर छूट का दावा करने में मदद मिलती है।

### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 92,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,000-55,200 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 73,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 72,500 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,500 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,700 |
| चांदी आभूषण | 88,800। |

## बिजी बी एयरवेज ने गो फर्स्ट के लिए बोली प्रक्रिया से नाम लिया वापस

नई दिल्ली, एजेंसी

एयरलाइन गो फर्स्ट के लिए बोली में शामिल होने के तीन से ज्यादा महीने के बाद यात्रा पोर्टल ईजमाईट्रिप के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निशांत पिट्टी ने शनिवार को कहा कि वे एयरलाइन की बोली प्रक्रिया से अपना नाम वापस ले रहे हैं।

पिट्टी की अधिकांश हिस्सेदारी वाली बिजी बी एयरवेज ने फरवरी में स्पाइसजेट के प्रमुख अजय सिंह के साथ मिलकर गो फर्स्ट के लिए बोली लगाई थी। गो फर्स्ट दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। पिट्टी ने कहा कि विचार करने के बाद उन्होंने अपनी व्यक्तिगत क्षमता में गो फर्स्ट के लिए बोली वापस लेने का फैसला किया। उन्होंने बयान में कहा-यह निर्णय मुझे अन्य रणनीतिक प्राथमिकताओं और पहलों पर बेहतर ध्यान केंद्रित करने में मदद करेगा, जो हमारी दीर्घकालिक दृष्टि और वृद्धि उद्देश्यों के साथ जुड़ी हुई हैं। इससे पहले हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय ने गो फर्स्ट को पट्टे पर दिए गए 54 विमानों को वापस लेने की अनुमति दी थी। पिट्टी ने 26 अप्रैल को कहा था कि वह पेशकश में किसी भी आवश्यक बदलाव पर विचार करेंगे।

### आईसीआईसीआई बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष पीके सिन्हा नियुक्त

**मुंबई।** आरबीआई ने 1 जुलाई, 2024 से तीन साल की अवधि के लिए आईसीआईसीआई बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में श्री पीके सिन्हा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

आईसीआईसीआई बैंक ने शेयर बाजार को सूचित किया है कि आरबीआई ने 24 मई, 2024 के अपने पत्र के जरिए 1 जुलाई, 2024 से तीन साल की अवधि के लिए बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में प्रदीप कुमार सिन्हा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। पीके सिन्हा, जी सी चतुर्वेदी का स्थान लेंगे, जो 30 जून, 2024 को सेवानिवृत्त होंगे।

## यूरोपीय संघ ने भारत से डब्ल्यूटीओ में चीनी सब्सिडी की अधिसूचना समय पर देने को कहा

- डब्ल्यूटीओ की कृषि समिति की बैठक के दौरान चर्चा में आया मुद्दा

नई दिल्ली, एजेंसी

ब्राजील, कनाडा और यूरोपीय संघ सहित डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों के एक समूह ने भारत से आग्रह किया है कि वह चीनी सब्सिडी की अधिसूचना समय से दे। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

यह मुद्दा 23-24 मई को जिनेवा में डब्ल्यूटीओ की कृषि समिति की बैठक के दौरान चर्चा में आया। ये देश भी भारत की तरह प्रमुख चीनी निर्यातक हैं और उनका आरोप है कि भारत के समर्थन उपाय वैश्विक



चीनी व्यापार को विकृत करते हैं। जिनेवा स्थित अधिकारी ने कहा कि ब्राजील, कनाडा, कोस्टा रिका, पैराग्वे, न्यूजीलैंड, यूरोपीय संघ और ग्वाटेमाला ने भारत से सब्सिडी की अधिसूचना समय से देने का आग्रह किया है। भारत ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकारों ने न तो किसानों को गन्ने का भुगतान किया और न ही उनसे गन्ना खरीदा। सभी खरीद निजी चीनी मिलों ने की थी। इसलिए, यह जानकारी घरेलू समर्थन की अधिसूचना में शामिल नहीं की गई थी। यह चर्चा इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि 2022 में भारत ने डब्ल्यूटीओ के व्यापार विवाद निपटान पैनल के एक फैसले के खिलाफ अपील की थी। इस फैसले में कहा गया था कि चीनी और गन्ने के लिए देश के घरेलू समर्थन उपाय वैश्विक व्यापार मानदंडों के साथ असंगत हैं।

**आज का मुकाबला**
कोलकाता नाइट राइडर्स
बनाम
सनराइजर्स हैदराबाद
शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 14 | 24 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण (कोलकाता) | 14 | 20 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 15 | 741 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 14 | 583 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 15 | 573 |

## सर्फिंग खिलाड़ी 31 से करेंगे प्रतिस्पर्धा

**मंगलुरु।** रमेश बुद्धिलाल और हरीश एम जैसे देश के शीर्ष सर्फिंग खिलाड़ी 31 मई से दो जून तक यहां इंडियन ओपन के पांचवें सत्र में प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारतीय सर्फिंग महासंघ ने शनिवार को यह घोषणा की।

# कौन उठाएगा आईपीएल की ट्रॉफी, फैसला आज

चेन्नई, एजेंसी



एक तरफ क्रिकेट के कुशल रणनीतिकार गौतम गंभीर के कोलकाता नाइट राइडर्स और दूसरी तरफ आक्रामक बल्लेबाजी की नयी परिभाषा गढ़ने वाले पैट कमिंस के सनराइजर्स हैदराबाद। केकेआर दो बार की चैंपियन है जबकि हैदराबाद अपने दूसरे खिताब की तलाश में होगी। दोनों बेहतरीन टीमों के बीच रविवार को खिताबी मुकाबले में दर्शकों के लिए रोमांचक क्रिकेट की गारंटी रहेगी। दोनों टीमों की टक्कर पहले क्वालीफायर में हुई थी जिसमें केकेआर ने सनराजइर्स को उम्दा गेंदबाजी के दम पर हराया था।

आम तौर पर खेल में मुकाबले कप्तानों और उनकी टीमों के बीच होते हैं लेकिन यह आईपीएल फाइनल दीगर है। इसमें एक तरफ कोरबो, लोड़बो, जीतबो की सोच रखने वाले गंभीर का दिमाग है तो दूसरी तरफ एक ऐसा ऑस्ट्रेलियाई कप्तान है जिसने टीम को विजेताओं वाले तेवर दिए हैं। केकेआर के कप्तान के रूप में दूसरा आईपीएल फाइनल खेलने जा रहे श्रेयस अय्यर इस महामुकाबले में सहायक भूमिका में नजर आ रहे हैं। एक दशक पहले किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि कमिंस छह महीने के भीतर वनडे विश्व कप, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और एशेज जीतने वाले कप्तान बनेंगे। केकेआर ने पिछली बार चेन्नई में 2012 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल फाइनल खेला था जिसमें बतौर कप्तान गंभीर ने खिताबी जीत दर्ज की थी।

गंभीर की कप्तानी में केकेआर ने फिर 2014 में खिताब जीता और अब वह बतौर मेंटॉर भी इसी टीम को खिताब दिलाने की दहलीज पर हैं। वह भारतीय टीम के मुख्य कोच बनने के सबसे प्रबल दावेदार भी है और आईपीएल खिताब से उनका दावा और पुख्ता होगा। टीमों की तुलना करें तो केकेआर के पास सुनील नारायण, आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह, श्रेयस और वेंकटेश अय्यर जैसे मैच विनर के साथ नीतिश और हर्षित राणा और वरूण चक्रवर्ती जैसा स्पिनर है। दूसरी तरफ सनराइजर्स के लिए घरेलू क्रिकेटर अभिषेक शर्मा और नीतिश रेड्डी के अलावा भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन और जयदेव उनादकट ने अच्छा प्रदर्शन किया है। सनराइजर्स के स्पिनरों अभिषेक और शाहबाज अहमद ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया। बल्लेबाजी में ट्रेविस हेड और हेनरिच क्लासेन के अलावा अभिषेक, राहुल त्रिपाठी और रेड्डी को रन बनाने होंगे।

### हमारे तरीके में बदलाव नहीं होगा : हेलमोट

**चेन्नई।** सनराइजर्स हैदराबाद के सहायक कोच सिमोन हेलमोट ने कहा कि पैट कमिंस की कुशल कप्तानी के दम पर उनकी टीम आईपीएल फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को तैयार है। दूसरे क्वालीफायर में राजस्थान रॉयल्स को 36 रन से हराने के बाद हेलमोट ने कहा कि टीम की शैली में केकेआर के खिलाफ कोई बदलाव नहीं होगा। उन्होंने कहा हम अपनी शैली पर अडिग रहेंगे। हमने पूरे सत्र में ऐसे ही खेला है और इसी के दम पर फाइनल में हैं। फाइनल में भी हम ऐसे ही खेलेंगे। मुझे गर्व है कि दबाव के हालात में भी टीम ने अपना स्वाभाविक खेल नहीं छोड़ा। उन्होंने पैट कमिंस की निर्णय लेने की क्षमता और मुख्य कोच डेनियल विटोरी के साथ संबंधों की तारीफ की। उन्होंने सही समय पर सही फैसले लिए। वह भांप गए थे कि स्पिनर कब उपयोगी साबित होंगे।

## खिताबी भिड़ंत में कोलकाता नाइट राइडर्स प्रबल दावेदार

चेन्नई, एजेंसी





क्रिकेट विशेषज्ञ मैथ्यू हेडन और केविन पीटरसन का मानना है कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) रविवार को होने वाली आईपीएल की खिताबी भिड़ंत में अपने बेहतरीन स्पिन आक्रमण और अपने प्रतिद्वंद्वी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अच्छे रिकॉर्ड की बदौलत खिताब जीतने के लिए बेहतर स्थिति में है।

हेडन ने कहा मुझे पूरा भरोसा है कि केकेआर यहां जीतेगी क्योंकि उसे कुछ दिन का आराम मिल गया है। सनराइजर्स हैदराबाद की मजबूती और कमजोरी को जानने से उसे मदद मिलेगी। केकेआर ने सनराइजर्स हैदराबाद को हराया है और टीम अच्छी लय में है। मुझे यह भी लगता है कि सुनील नारायण और वरूण चक्रवर्ती की स्पिन जोड़ी लाल मिट्टी पर अंतर पैदा करेगी।

इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन का भी मानना है कि केकेआर इस दफा आईपीएल खिताब जीतने की प्रबल दावेदार है। मुझे अहमदाबाद में हुए मैच में सनराइजर्स की हार का तरीका पसंद नहीं आया और मुझे लगता है कि रविवार को मैच के दौरान वे बैकफुट में होंगे। टॉस अहम भूमिका अदा करेगा लेकिन केकेआर काफी सकारात्मक मानसिकता से खेल रही है जिससे वह निश्चित रूप से सनराइजर्स हैदराबाद पर भारी रहेगी। आपको ओस की संभावना पर भी विचार करना होगा और अगर यह नहीं गिरती है तो इसके लिए भी तैयार रहना होगा।

# खिताब से एक कदम दूर सिंधू

## बुसानन को हराकर पहुंची मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में, वांग झांग यी से होगा मुकाबला

कुआलालंपुर, एजेंसी

- चोट से वापसी करने के बाद से आक्रामक खेल रही हैं पीवी सिंधू
- बुसानन के खिलाफ अब तक 19 मैचों में से यह 18वीं जीत




दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू ने शनिवार को थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान के खिलाफ पिछड़ने के बाद शानदार जीत दर्ज करते हुए 4,20,000 डॉलर (लगभग 3.49 करोड़ रुपये) पुरस्कार राशि वाले मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन के फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

पिछले दो साल से एक भी खिताब जीतने में नाकाम रही पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधू ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में 88 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में दुनिया की 20वें नंबर की बुसानन के खिलाफ 13-21, 21-16, 21-12 से जीत हासिल की। सिंधू ने इससे पहले 2022 सिंगापुर ओपन को अपने नाम करने में सफल रही थी और पिछले साल मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में उपविजेता रही थी। यह बुसानन पर 19 मैचों में उनकी 18वीं जीत थी। बुसानन ने सिंधू को सिर्फ एक बार 2019 हांगकांग ओपन में शिकस्त दी है। विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सिंधू के सामने फाइनल में चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झांग यी की चुनौती होगी। विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज झांग के खिलाफ तीन मैचों में सिंधू ने दो जीत दर्ज की है। पिछले दो ओलंपिक में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू का पेरिस ओलंपिक से पहले लय में वापसी करना भारतीय खेलों के लिए अच्छी खबर है। इस सत्र की शुरुआत में घुटने की चोट से वापसी करने के बाद से उन्होंने पिछले कुछ टूर्नामेंटों में आक्रामक खेल दिखाया है। पेरिस ओलंपिक में उन्हें इन खिलाड़ियों के कड़ी चुनौती मिल सकती है। वह अगर रविवार को खिताब जीतने में सफल रही तो ओलंपिक से पहले उनका हौसला काफी बढ़ेगा।

बुसानन के खिलाफ अपने एकतरफा रिकॉर्ड के बावजूद सिंधू के लिए यह एक कठिन मुकाबला साबित हुआ। वह पहले गेम में थाईलैंड की खिलाड़ी के दबदबे को कम नहीं कर सकी। दोनों खिलाड़ियों के बीच शुरुआती गेम में कई लंबी रेलियां देखने को मिली जिसमें बुसानन ने सिंधू के शॉट पर अच्छा बचाव करने के साथ कुछ शानदार स्मैश लगा कर 8-6 की बढ़त बना ली। सिंधू ने इस दौरान बैकलाइन के आकलन में गलती कर दो अंक गंवाए जिससे ब्रेक के समय थाईलैंड की खिलाड़ी ने अपनी बढ़त को पहले 15-9 और फिर 17-10 के साथ मजबूत करने में सफल रही।

बुसानन ने दूसरे गेम में भी 6-4 की बढ़त के साथ अच्छी शुरुआत की। सिंधू ने इसके बाद शानदार स्मैश से 8-7 की बढ़त बनाई। इसके बाद सिंधू 18-14 की बढ़त बनाने के बाद पांच गेम प्वाइंट हासिल कर इसे आसानी से भुनाने में सफल रही। दूसरे गेम में पिछड़ने के बाद बुसानन पर दबाव हावी हो गया और निर्णायक गेम में वह लगातार गलतियां करती रही। सिंधू ने आसानी 4-1 की बढ़त बनाने के बाद 17-10 किया और शानदार जीत दर्ज की।



## बारिश की भेंट चढ़ा कोलकाता नाइट राइडर्स का आखिरी अभ्यास सत्र


**चेन्नई।** तेज बारिश के कारण रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग फाइनल मुकाबले से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के अंतिम अभ्यास सत्र में बाधा उत्पन्न हुई। सनराइजर्स ने शुक्रवार को दूसरे क्वालीफायर मैच में राजस्थान रॉयल्स को हराया था। टीम ने शनिवार को अभ्यास सत्र आयोजित नहीं करने का फैसला किया था। केकेआर की टीम को शाम में अभ्यास करना था लेकिन फुटबॉल के साथ वार्मअप कर रहे थे तभी बारिश होने लगी। इस दौरान मैदानकर्मियों ने फाइनल में इस्तेमाल होने वाले जल्दी से चौथी पिच को ढक दिया।

## बेहतर महसूस कर रहा हूं, शायद यह अंतिम फ्रेंच ओपन न हो : नडाल

**पेरिस।** स्पेनिश टेनिस स्टार राफेल नडाल अभ्यास में अच्छा महसूस कर रहे हैं, फ्रेंच ओपन में खेलने को तैयार हैं और उनका कहना है कि यह शायद उनका रोलां गैरो में अंतिम सत्र नहीं होगा। तीन जून को 38 साल के होने वाले नडाल ने बयान दिया था कि 2024 फ्रेंच ओपन उनका अंतिम ग्रैंडस्लैम हो सकता है जिससे दर्शकों से लेकर मीडिया तक सभी को यही लग रहा है कि रोलां गैरों उनका विदाई टूर्नामेंट रहेगा। नडाल ने कहा ऐसा मत मानिए। यह मेरा अंतिम रोलां गैरो होगा, लेकिन अगर मैं शत प्रतिशत बता दूंगा कि यह मेरा अंतिम फ्रेंच ओपन होगा, तो माफ कीजिए, मैं ऐसा नहीं करूंगा क्योंकि आगे क्या होने वाला है, मैं उसकी भविष्यवाणी नहीं कर सकता।

## खेल डायरी

### निकोलोव को हराकर दूसरे दौर में पहुंचे अभिमन्यु



**बैंकॉक।** राष्ट्रीय चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता अभिमन्यु लौरा ने शानदार जज्बा दिखाते हुए शनिवार को पेरिस ओलंपिक के लिए मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर के 80 किग्रा वर्ग के पहले दौर में बुल्गारिया के क्रिस्टियन निकोलोव पर जीत दर्ज की। अभिमन्यु ने धीमी शुरुआत की जिससे बुल्गारिया के 10 बार के राष्ट्रीय चैंपियन निकोलोव ने पहले राउंड में दबदबा बना लिया, लेकिन भारतीय मुक्केबाज ने तेजी से रणनीति बदली और दूसरे राउंड में आक्रामक हो गए जिससे पांच में से चार जजों ने उनके हक में अंक दिए। इस भारतीय ने तीसरे और अंतिम राउंड में तेजी से मुक्के जड़ना जारी रखते हुए 3-0 से मुकाबला जीत लिया। इससे भारतीय दल के दो मुकाबलों में यह दूसरी जीत रही।

### सेंथिल कुमार, अभय क्यूएसएफ 3 स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में हारे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियन वेलावान सेंथिल कुमार ने दोहा में पीएसए विश्व टूर ब्रांज टूर्नामेंट क्यूएसएफ 3 में शीर्ष वरीयता प्राप्त दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी मिस्र के तारिक मोमिन के खिलाफ काफी संघर्ष किया लेकिन जीत नहीं सके। दुनिया के 55वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिल कुमार को मोमिन ने 11-9, 8-11, 11-4, 11-8 से हराया। एशियाई खेलों के पदक विजेता भारत के अभय सिंह को मलेशिया के इयेन योउ एंग ने 11-6, 11-9, 11-4 से हराया।

### पीजीए गोल्फ : कट में प्रवेश करेंगे अर्जुन अटवाल, जीव चूके

**बेंटन हार्बर (मिशिगन)।** भारत के अर्जुन अटवाल ने किचन एड सीनियर पीजीए गोल्फ चैंपियनशिप में दूसरे दौर में डबल बोगी के बावजूद चार ओवर 75 के स्कोर के साथ कट में प्रवेश लगभग सुनिश्चित कर लिया। वहीं जीव मिल्खा सिंह पहले दौर में 69 के बाद 79 स्कोर ही कर सके। वह कट में प्रवेश से चूक जाएंगे। इंग्लैंड के रिचर्ड ब्लांड ने पांच अंडर 66 के स्कोर के साथ एक शॉट की बढ़त बना ली है। चैंपियंस टूर विजेता स्कॉट डनलप दूसरे स्थान पर हैं।

### बेदब्रत भराली ने विश्व युवा भारोत्तोलन में जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली।** असम के युवा भारोत्तोलक बेदब्रत भराली ने पेरू के लीमा में चल रही आईडब्ल्यूएफ विश्व युवा चैंपियनशिप में पुरूषों के 73 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। सत्रह बरस के भराली ने 296 किलो (स्नैच में 136 और क्लीन एंड जर्क में 160 किलो) वजन उठाया। अमेरिका के रियान मैकडोनाल्ड 284 किलो वजन उठाकर दूसरे और यूक्रेन के सेरही कोतेलेवस्की 283 किलो वजन उठाकर तीसरे स्थान पर रहे। भराली ने पिछले साल 67 किलोवर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया था। साइराज परदेशी ने पुरूषों के 81 किलो वर्ग में स्नैच में 135 किलो वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। वह समग्र श्रेणी में एक किलो से पदक से चूककर चौथे स्थान पर रहे।

### मैनचेस्टर यूनाइटेड ने सिटी को 2-1 से हराकर जीता एफए कप

**लंदन।** मैनचेस्टर यूनाइटेड ने शनिवार को वेम्बली स्टेडियम में खेले गए एफए कप के फाइनल में गत चैंपियन मैनचेस्टर सिटी को 2-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। मैनचेस्टर यूनाइटेड इसके साथ ही सिटी की टीम से पिछले साल इसी अंतर से फाइनल में मिली हार का बदला चुकता किया। इसके साथ ही यूनाइटेड ने अगले सत्र के यूरोपा लीग में जगह बना ली। सिटी के डिफेंडर जोस्को ग्वार्डिओल और गोलकीपर स्टीफन ओर्टेगा की गलतियों का फायदा उठा कर एलेजांद्रो गार्नाचो ने यूनाइटेड का खाता खोला। कोबी मैनू ने 39वें मिनट में टीम के लिए दूसरा गोल किया। स्थानापन्न जेरेमी डोकू का 87वें में गोलकर सिटी की टीम वापसी कराई लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

### एक ही दिन दो मैच जीतकर कैस्पर रूड बने जिनेवा ओपन चैंपियन

**जिनेवा।** कैस्पर रूड ने शनिवार को लगातार दो मैच जीतकर चार साल में तीसरी बार जिनेवा ओपन का खिताब अपने नाम किया। रूड ने फाइनल में टॉमस मचाक को शिकस्त दी। मचाक ने शुक्रवार को पूरे हुए एकमात्र सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच को बाहर का रास्ता दिखाया था। बारिश के कारण रूड का सेमीफाइनल मुकाबला शुक्रवार को पूरा नहीं हो पाया था। वह अंतिम चार में फ्लेवियो कोबोली को हराने के तीन घंटे से भी कम समय बाद फाइनल के लिए कोर्ट पर लौटे थे। उन्होंने सुबह 10 .30 बजे कोबोली को हराया। नॉर्वे के खिलाड़ी रूड के करियर का यह 12वां खिताब है जिसमें से उन्होंने 11 क्ले कोर्ट पर जीते है।

### टी-20 विश्वकप के लिए पाकिस्तान की टीम घोषित

**कराची।** पाकिस्तान ने टी-20 पुरुष विश्वकप के लिए बाबर आजम की अगुवाई में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा यह बेहद प्रतिभाशाली और संतुलित टीम है जिसमें युवा और अनुभव का मिश्रण है। ये खिलाड़ी पिछले कुछ समय से एक साथ खेल रहे हैं और अगले महीने के आयोजन के लिए अच्छी तरह से तैयार और व्यवस्थित दिख रहे हैं। हैरिस रऊफ पूरी तरह से फिट हैं और नेट्स पर अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। पाकिस्तान की टीम इस समय विश्वकप की तैयारी के मद्देनजर इंग्लैंड के साथ द्विपक्षीय श्रृंखला खेल रहा है, द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए टीम के अधिकांश खिलाड़ी टी-20 विश्वकप के लिए कैरेबियाई और अमेरिका जाने वाले हैं। पाकिस्तान को ग्रुप ए में भारत, आयरलैंड, कनाडा और सह-मेजबान अमेरिका के साथ रखा है। पाकिस्तान अपना पहला मुकाबला छह जून को डलास में अमेरिका के खिलाफ खेलेंगे। टीम में बाबर आजम (कप्तान), अबरार अहमद, आजम खान, फखर जमान, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद रिजवान, नसीम शाह, सईम अयूब, शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान को रखा गया है।

## भारतीय जूनियर महिला टीम ने शूटआउट में बेल्जियम को हराया

एंटवर्प, एजेंसी

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोपीय दौरे पर शनिवार को खेले गए मुकाबले में बेल्जियम को शूटआउट में 4-2 से हराया। निर्धारित समय में स्कोर 2-2 से बराबर होने के बाद हुए शूटआउट में भारतीय जूनियर महिला टीम ने 4-2 से जीत दर्ज की। भारत की ओर कनिका सिवाच ने दो गोल दागे।

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने पहले क्वार्टर में तेजी से अपनी फॉर्म हासिल करते हुए खुद को मजबूत किया। भारत को शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे कनिका सिवाच गोल में तब्दील कर बढ़त बनाई। इसके तुरंत बाद कनिका ने उसी क्वार्टर में अपना दूसरा गोल करके स्कोर 2-0 कर दिया। दूसरे क्वार्टर और हाफटाइम तक भारत ने अपनी मजबूत स्थिति को बनाये रखा। बेल्जियम को तीसरे क्वार्टर में मौके मिले लेकिन भारतीय रक्षात्मक पंक्ति ने विफल कर दिया। अंतिम क्वार्टर में बेल्जियम ने लगातार दो गोल करते हुए स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद हुए शूटआउट में भारत ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 4-2 से मुकाबला जीत लिया। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम का अगला मैच 26 मई को होगा।

# भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने जीता स्वर्ण

येचियोन (दक्षिण कोरिया), एजेंसी



स्वर्ण पदक के साथ ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी।

ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी की भारतीय तिकड़ी ने तीरंदाजी विश्व कप में महिला कंपाउंड वर्ग में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता जबकि मिश्रित टीम को रजत पदक मिला। दुनिया की नंबर एक भारतीय टीम ने तुर्की की हेजल बुरून, एइसे बेरा सुजेर और बेगम की टीम को 232-226 से हराकर एक भी सेट गंवाए बिना पहला स्थान हासिल किया।

एशियाई खेल चैंपियन ज्योति हालांकि दूसरा स्वर्ण नहीं जीत सकी और प्रियांश के साथ कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में अमेरिका की ओलिविया डीन और सायेर सुलिवान की जोड़ी से 155-153 से हार गई। ज्योति, परनीत और विश्व चैंपियन अदिति ने विश्व कप स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई। कंपाउंड महिला टीम फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने पहले दौर में सेंटर के पास तीन एक्स के साथ आगाज किया। दुनिया की शीर्ष दो टीमों के बीच मुकाबले में अमेरिका ने कंपाउंड मिश्रित टीम वर्ग में शानदार वापसी करके स्वर्ण जीता। ज्योति और प्रियांश ने परफेक्ट 40 स्कोर करके मुकाबले को शूटआफ में खींचा लेकिन उसमें उनके 38 अंक के मुकाबले अमेरिकी टीम ने 39 स्कोर किया। कंपाउंड वर्ग में प्रथमेश फुगे कांस्य पदक के प्लेआफ में नीदरलैंड के माइक शोलेसर से शूटआफ में हार गए।

## बॉलीवुड हलचल



### खुद एक्शन करेंगे सलमान

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान अपनी आने वाली फिल्म सिकंदर के एक्शन सीक्वेंस खुद करेंगे। सलमन खान ने इस साल ईद के अवसर पर अपनी नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर अनाउंस की थी। इस फिल्म में सलमान के साथ रश्मिका मंदाना नजर आयेंगी। सलमान खान फिल्म सिकंदर की तैयारी में जुट गए हैं। एक बार फिर एक्शन दिखाने के लिए उन्होंने कड़ी तैयारी की है। इसकी शूटिंग की तैयारी शुरू हो गई है। प्री-प्रोडक्शन का काम पिछले हफ्ते शुरू हो गया है। पहले शेड्यूल की शूटिंग मुंबई में शुरू होने जा रही है। सलमान खान एक्शन सीक्वेंस करने के लिए जमकर एक्सरसाइज कर रहे हैं। वह खुद से ही एक्शन करना चाहते हैं और इसी चीज को ध्यान में रखते हुए उन्होंने अपना वर्किंग रूटीन भी बदल दिया है।

### दे दे प्यार दे के सीक्वल में दिखेंगे अजय-माधवन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और आर माधवन की जोड़ी फिल्म दे दे प्यार दे के सीक्वल में नजर आ सकती है। इस वर्ष प्रदर्शित फिल्म शैतान में अजय देवगन लीड रोल में थे, वहीं आर माधवन ने शैतान का रोल प्ले किया था। दोनों के बीच हुई जंग को फैन्स ने बहुत पसंद किया। अजय देवगन और आर माधवन अब फिर साथ आ रहे हैं। अजय देवगन की फिल्म दे दे प्यार दे का सीक्वल आ रहा है। इस फिल्म में वह रकुल प्रीत संग एक बार फिर से अपनी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री को आगे बढ़ाते नजर आएंगे। इस फिल्म में जहां एक तरफ अजय देवगन का लीड रोल होगा वहीं अब फिल्म में आर माधवन की भी एंट्री हो रही है। उनका किरदार अहम होने वाला है। 2018 में प्रदर्शित फिल्म दे दे प्यार दे में अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह के अलावा तब्बू भी लीड रोल में थीं। यह फिल्म सुपरहिट रही थी। अब छह साल बाद इसका सीक्वल बन रहा है।

## पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सिमरन ने दिलाया छठा स्वर्ण

कोबे (जापान), एजेंसी



सिमरन शर्मा ने महिलाओं की 200 मीटर टी12 स्पर्धा में 24 . 95 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर भारत को विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शनिवार को छठा स्वर्ण पदक दिलाया। सिमरन का इससे पहले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 25.16 सेकंड था। डोमिनिका की डारलेनिस डि ला सेवेरिनो को रजत और लोरेन गोम्स डि एगुइयार को कांस्य पदक मिला।

टी12 वर्ग में दृष्टिबाधित खिलाड़ी भाग लेते हैं। भारत के अब छह स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य समेत 15 पदक हो गए हैं। यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले पेरिस में 2023 में भारत ने तीन स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदक जीते थे। वहीं, भारत को पुरूषों की एफ46 भालाफेंक स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहे श्रीलंका के दिनेश प्रियंथा हेराथ के खिलाफ शिकायत सही साबित होने पर रजत और कांस्य पदक दिया गया है। पुरूषों के एफ46 भालाफेंक में भारत के रिंकू हुड्डा और अजीत सिंह तीसरे और चौथे स्थान पर रहे थे लेकिन भारत ने विरोध दर्ज किया था कि हेराथ इस वर्ग में भागीदारी के योग्य नहीं हैं। पैरा खेलों में समान शारीरिक अक्षमता वाले खिलाड़ियों को एक समूह में रखा जाता है ताकि प्रतिस्पर्धा बराबरी की हो। एफ46 वर्ग भुजा में कमी, कमजोर मांसपेशियों वाले या बाहों में गति की निष्क्रिय सीमा वाले एथलीटों के लिए है, जिसमें एथलीट खड़े होकर प्रतिस्पर्धा करते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## मनमोहक



बीजिंग में भारतीय दूतावास के एम्फीथिएटर में भारतीय और बांग्लादेश दूतावासों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर और प्रसिद्ध बांग्लादेशी कवि नजरूल इस्लाम की धुनों पर कलाकारों ने नृत्य किया। • एजेंसी

## सांसद हत्या की जांच के लिए भारत आएगी बंगलादेश की टीम

**कोलकाता/ढाका।** बंगलादेश पुलिस के जासूसों की तीन सदस्यीय टीम अवामी लीग के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या की जांच के लिए रविवार को भारत के कोलकाता के लिए रवाना होगी। पुलिस ने बताया कि जांचकर्ताओं का यह मानना है कि कि अनार की हत्या में कई प्रभावशाली व्यवसायी शामिल है।

इस बीच ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूसी शाखा के प्रमुख हारुन या रशीद ने कहा कि पश्चिम बंगाल सीआईडी की चार सदस्यीय टीम सांसद की हत्या की जांच के लिए ढाका में है। अभी तक हत्या के किसी खास मकसद की पहचान नहीं हो पाई है। जांचकर्ताओं के अनुसार कई प्रभावशाली लोगों ने अनवारुल अजीम अनार की हत्या में भूमिका निभाई होगी, क्योंकि उन्होंने 2014 में सांसद बनने के बाद जेनैदाह में सोने की तस्करी पर नियंत्रण करना शुरू कर दिया था।

# ग्लूकोमा है खतरनाक : सूख जाती हैं आंखों की नसें, जा सकती है रोशनी



ये आंखें ही हैं, जो दुनिया से हमें रूबरू कराती हैं। आंखें हमें दुनिया को देखने और परखने में हमारी मदद करती हैं। कई बार किन्ही वजह से हमारी आंखों की रोशनी दिन-ब-दिन कम होने लगती है। जिससे देखने में परेशानी होने लगती है। उम्र के साथ आंखों की रोशनी कम होना तो एक आम वजह है। लेकिन कुछ ऐसी भी बीमारियां हैं, जिनकी वजह से हमारी आंखों पर बुरा असर होता है। ग्लूकोमा, इन्ही में से एक है। ग्लूकोमा के बारे में आज भी लोग जागरूक नहीं है। ग्लूकोमा रिसर्च फाउंडेशन के मुताबिक भारत में 1 करोड़ से ज्यादा लोग और दुनियाभर में 8 करोड़ से ज्यादा लोग ग्लूकोमा के शिकार हैं। ग्लूकोमा आंखों की रोशनी जाने का सबसे बड़ा कारण है। आज हम बताएंगे ग्लूकोमा क्या होता है और क्यों होता है, इसके क्या लक्षण होते हैं, कैसे पहचाना जाए, किस उम्र के लोगों को इस बीमारी का ज्यादा खतरा रहता है, ग्लूकोमा से आंखों को बचाने के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

### इसलिए होता है ग्लूकोमा

आंखों पर प्रेशर बढ़ने से ग्लूकोमा होता है। इसे इंट्राऑकुलर प्रेशर भी कहा जाता है। स्वस्थ आंखें फ्लूड से भरी होती हैं। ये लिक्विड आंखों को प्रेशर से बचाने में मदद करता है। इसलिए लिक्विड हमेशा बनता रहता है और फिर बाहर निकलता रहता है। ये नेचुरल साइकिल ऐसे ही चलती रहती है। जहां इस साइकिल का बैलेंस बिगड़ता है, वैसे ही आंखों पर प्रेशर पड़ने लगता है।

### इन बातों का ध्यान रखना चाहिए

आंख में किसी तरह की दिक्कत होने पर उसे नजरअंदाज बिल्कुल न करें। रेगुलर जांच जरूर कराएं। डॉक्टर से रेगुलर चेकअप, आंखों में अंदरूनी दबाव की माप करना और दृष्टि क्षेत्र का टेस्ट करवाने से ग्लूकोमा के प्रारंभिक चरणों को पहचानने में मदद कर सकते हैं।

### ग्लूकोमा क्या होता है

ग्लूकोमा को काला मोतिया या आंखों का चोर भी कहा जाता है। ये आंखों की ऐसी बीमारी है जो धीरे-धीरे रोशनी छीन लेती है। इसमें हमारी ऑप्टिक नर्व क्षतिग्रस्त हो जाती है। ऑप्टिक नर्व्स ही हमारे रेटिना को दिमाग से जोड़ती हैं। इनके डैमेज हो जाने से दिमाग को संकेत मिलना बंद हो जाते हैं। जिससे दिखना बंद हो जाता है। इस बीमारी के गंभीर हो जाने पर दृष्टि को वापस लाना असंभव हो जाता है।

### आंखों में ग्लूकोमा होने के लिए क्या कारण जिम्मेदार हैं?

ग्लूकोमा होने के पीछे कई वजह जिम्मेदार हैं- बढ़ती उम्र। काले मोतियाबिंद के ज्यादातर मरीज बूढ़े ही होते हैं। 60 साल से ज्यादा के लोगों में यह बीमारी काफी आम है। ग्लूकोमा होने पर बुजुर्गों की आंखों की रोशनी भी जा सकती है। कुछ लोगों में ये बीमारी आनुवंशिक भी हो सकती है। यानी, अगर आपके परिवार में किसी को ग्लूकोमा हुआ है, तो आपको भी इसके होने की आशंका बढ़ जाती है। डायबिटीज भी इसका कारण बन सकती है। इसलिए हमेशा ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रखना चाहिए।

## एक नजर

### सलाहकारों के साथ समय बिता रहे ऋषि सुनक

**लंदन।** ब्रिटेन में 4 जुलाई को आम चुनाव की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपना पहला शनिवार करीबी सलाहकारों के साथ बिताया। कंजर्वेटिव पार्टी में उत्पन्न संकट के बीच भारतीय मूल के नेता सुनक (44) अपने प्रचार अभियान में जुट गए हैं। कैबिनेट मंत्री माइकल गोव और एंड्रिया लीडसम पार्टी के उन नेताओं की सूची में शामिल हो गए हैं जिन्होंने इस चुनावी मुकाबले में नहीं उतरने के अपने निर्णय की घोषणा कर दी है।

### बेअदबी को लेकर पाकिस्तान में ईसाइयों पर हमला

**लाहौर।** कुरान के अपमान के आरोप में कट्टरपंथी इस्लामवादियों के नेतृत्व में भीड़ ने शनिवार को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में ईसाइयों पर हमला कर दिया। जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के कम से कम दो सदस्य घायल हो गए। यह घटना लाहौर से करीब 200 किलोमीटर दूर पंजाब के सरगोधा जिले के मुजाहिद कॉलोनी में हुई। पुलिस का दावा है कि मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है। ईसाई समुदाय की संपत्तियों पर भीड़ के हमले के कई वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे हैं।

### इमरान के खिलाफ और मामले दर्ज करने को मंजूरी

**लाहौर।** पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने सरकारी संस्थानों, विशेषकर पाकिस्तानी सेना के खिलाफ नफरत भड़काने के आरोप में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी के लोगों के खिलाफ और मामले दर्ज करने की मंजूरी दे दी है। खान (71) अप्रैल 2022 में प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ किये जाने के बाद से उनके खिलाफ दर्ज किये गए लगभग 200 मामलों में से कुछ में दोषी ठहराए जाने के बाद पिछले साल अगस्त से जेल में हैं।

### पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन में 300 लोग दबे

**पोर्ट मोरेस्बी।** उत्तरी पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के एक दूरदराज के इलाके में शुक्रवार को हुए भारी भूस्खलन के कारण 300 से अधिक लोग दब गए। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। एंगा प्रांत में लगाइप खुले निर्वाचन क्षेत्र के सांसद ऐमोस अकेम ने पीएनजी पोस्ट-कूरियर को बताया कि भूस्खलन में माईप मुरीताका ग्रामीण एलएलजी में 300 से अधिक लोग और 1,182 घर दब गए।

### खार्किव के इलाकों पर नियंत्रण वापस लिया : जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि यूक्रेनी बलों ने पूर्वोत्तर खार्किव क्षेत्र के उन इलाकों में नियंत्रण हासिल कर लिया है जहां रूसी सैनिकों ने इस महीने की शुरुआत में प्रवेश किया था। जेलेंस्की ने शुक्रवार शाम को अपने संबोधन में कहा हमारे सैनिक अब उस सीमा क्षेत्र में नियंत्रण लेने में सफल हो गए हैं जहां रूसी सैनिक घुस आए थे। जेलेंस्की का बयान रूसी अधिकारियों द्वारा की गई टिप्पणियों से भिन्न नजर आता है।

### 30 साल बाद पाम डिओर की दौड़ में भारतीय फिल्म

**कान।** पायल कपाड़िया की फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट ने 77वें कॉन्स फिल्म महोत्सव में पाम डिओर पुरस्कार की दौड़ में शामिल होकर इतिहास रच दिया है। महोत्सव में दिए जाने वाले इस शीर्ष पुरस्कार को पाने की दौड़ में आज तक किसी भारतीय महिला निर्देशक की फिल्म शामिल नहीं हुई थी और न ही देश के किसी फिल्मकार को यह पुरस्कार मिला। इस फिल्म में अपनी मंजिल तलाश रहीं तीन महिलाओं की कहानी बयां की गई है। चार प्रमुख अभिनेता-अभिनेत्रियों कानी कुश्रुति, दिव्या प्रभा, हृदयु हारून और छाया कदम समेत फिल्म निर्माण दल के सदस्यों के साथ कपाड़िया ने महोत्सव के संवाददाता सम्मेलन भवन में समीक्षकों को संबोधित किया।

# देश में भीषण गर्मी का कहर

## राजस्थान के फलौदी में 50 डिग्री सेल्सियस पहुंचा तापमान, रात में भी चलेगी हीटवेव

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में भीषण गर्मी के कारण पारा बढ़ता ही जा रहा है। राजस्थान के फलौदी में रविवार को तापमान 50 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 25 मई से नौतपा शुरू हो गया है जो दो 2 जून तक रहेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार एक जून, 2019 के बाद से 50 डिग्री सेल्सियस देश में सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया है। राजस्थान के चुरू में 2019 में 50.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था।

अत्यधिक गर्मी ने न केवल देश के उत्तरी मैदानी इलाकों और मध्य क्षेत्रों को बल्कि हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियों तथा पूर्वोत्तर में असम और अरुणाचल प्रदेश को भी प्रभावित किया। उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राष्ट्रीय राजधानी सहित आठ राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की 58 लोकसभा सीटों पर हो रहे चुनाव में मतदान करने के लिए घरों से बाहर निकलते समय लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। दिल्ली में भीषण गर्मी और लू के कारण कुछ मतदाता बेहोश भी हो गए। राष्ट्रीय राजधानी के कुछ स्थानों पर तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। पश्चिम बंगाल के कूच बिहार 40.5 डिग्री, असम के सिलचर 40, और लामडिंग 43 और अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर 40.5 और पासीघाट 39.6 सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

असम के तेजपुर 39.5, मजबत में 38.6, धुबरी 38.2, उत्तरी लखीमपुर 39.2, और मोहनबाड़ी 38.8 में सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।



गर्मी से बचने के लिए मुंह ढंककर जातीं युवतियां।

### 11 साल बाद कश्मीर घाटी में पहुंचा 32.2 डिग्री तापमान

कश्मीर घाटी में भी तापमान शनिवार को 32 .2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। यह 11 साल में सबसे ज्यादा रहा। जम्मू-कश्मीर समेत उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। राजस्थान में सफाई कर्मचारियों से सुबह 5 से 10 बजे तक ही काम करने को कहा गया है। मध्य प्रदेश, पंजाब और दिल्ली में डॉक्टरों ने मरीजों और बुजुर्गों से दिन में यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। हिमाचल के कांगड़ा के स्कूलों में 25 मई को छुट्टी कर दी गई है। इंदौर के चौराहों पर रेड लाइट का ड्यूरेशन कम कर दिया, ताकि लोगों को कम रुकना पड़े।

### कई राज्यों में 29 तक गर्मी का प्रकोप

देश के कई राज्यों में 29 मई तक भीषण गर्मी जारी रहेगी। भीषण गर्मी का असर हिमाचल प्रदेश, असम और मेघालय की पहाड़ियों पर भी पड़ेगा। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश और गुजरात के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है, जो सभी आयु समूहों के लिए गर्मी की बीमारी और हीटस्ट्रोक की बहुत अधिक आशंका का संकेत देती है।

### हीट स्ट्रोक से 500 चमगादड़ मरे, सैंपल भेजा

**उदयपुर।** राजस्थान में उदयपुर जिले के मेनार गांव में हीट स्ट्रोक से 500 चमगादड़ों की मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद पशुपालन विभाग के डॉ. नवीन शर्मा एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी कैलाश मेनारिया घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि चमगादड़ों की मौत की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्ट्या मृत्यु का कारण हीट स्ट्रोक (लू) होना पाया गया। चार चमगादड़ों का सैंपल राष्ट्रीय उच्च पशुरोग संस्थान भोपाल को भिजवा दिया गया है।

## अंतरिक्ष यात्रियों को आधुनिक प्रशिक्षण मुहैया कराएगा नासा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के शीर्ष राजनयिक एरिक गार्सेटी ने कहा कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र के लिए संयुक्त प्रयासों को बढ़ाने के उद्देश्य से भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को जल्द ही आधुनिक प्रशिक्षण मुहैया कराएगी। भारत में अमेरिका के राजदूत गार्सेटी ने अमेरिका-भारत वाणिज्यिक अंतरिक्ष सम्मेलन, अमेरिका व भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप के लिए अवसरों की शुरुआत कार्यक्रम में ये टिप्पणियां की।



एरिक गार्सेटी।

इस कार्यक्रम का आयोजन बेंगलुरु में यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल और यूएस कमर्शियल सर्विस ने किया है। यूएसआईबीसी ने यहां जारी एक बयान में गार्सेटी के हवाले से कहा कि नासा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र के लिए संयुक्त प्रयास बढ़ाने के उद्देश्य से जल्द ही भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को आधुनिक प्रशिक्षण मुहैया कराएगी।

उम्मीद है कि यह इस साल या उसके बाद शुरू होगी। जल्द ही हम पारिस्थितिकी तंत्र, प्राकृतिक खतरों, समुद्र के बढ़ते स्तर और क्रायोस्फेयर समेत सभी संसाधनों पर नजर रखने के लिए इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से निसार उपग्रह प्रक्षेपित करेंगे।

## पुणे कार हादसा : नाबालिग का दादा 28 तक हिरासत में

# हादसे की जिम्मेदारी लेने के लिए ड्राइवर को दी थी धमकी

पुणे, एजेंसी

• ड्राइवर को नकदी और उपहार की पेशकश की : पुलिस आयुक्त



महाराष्ट्र में पुणे की अदालत ने पोर्श कार दुर्घटना मामले में शामिल किशोर के दादा को शनिवार को 28 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। अभियोजन पक्ष ने एक अदालत को बताया कि पोर्श कार दुर्घटना मामले में शामिल किशोर के दादा के घर से एक सीसीटीवी का डीवीआर बरामद किया गया है।

प्रारंभिक जांच से फुटेज के साथ छेड़छाड़ का भी पता चला है। दादा को 19 मई की दुर्घटना के बाद पारिवारिक ड्राइवर को गलत तरीके से बंधक बनाने के लिए दिन में ही गिरफ्तार कर लिया गया था और दोपहर में एक अवकाशकालीन अदालत के समक्ष पेश किया गया था। अभियोजन पक्ष ने कहा कि फुटेज को साइबर विश्लेषण के लिए भेजे जाने की जरूरत है।

इस बीच पुणे के पुलिस आयुक्त ने बताया कि किशोर के पिता और दादा ने अपने परिवार के ड्राइवर को नकदी और उपहार की पेशकश की और बाद में उसे दुर्घटना का दोष कबूल करने को कहा था।अभियोजन पक्ष ने आरोपी की सात दिन की हिरासत की मांग की, क्योंकि वह (अभियोजन) ड्राइवर का फोन बरामद करना चाहता था जिसे आरोपी ने गलत तरीके से बंधक बनाकर ले लिया था।

### पब में वेबकास्टिंग की तैयारी

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे जिला प्रशासन नियमों का बेहतर अनुपालन सुनिश्चित करने के मद्देनजर शहर में पब और बार के प्रवेश व निकास द्वार की वेबकास्टिंग की तैयारी कर रहा है। जिलाधिकारी सुहास दिवासे ने कहा कि किसी भी नाबालिग को बार या पब में प्रवेश नहीं देना चाहिए और इन प्रतिष्ठानों को संचालन के लिए निर्धारित समय सीमा का पालन करना चाहिए। नागरिकों द्वारा यह भी आरोप लगाया गया है कि बार और रेस्तरां अपने बंद होने के निर्धारित समय के बाद भी खुले रहते हैं। दिवासे ने कहा, मौजूदा व्यवस्था में भौतिक रूप से निगरानी करना मुश्किल है कि वास्तव में वहां क्या हो रहा है।

## रजनीकांत को यूएई ने दिया गोल्डन वीजा

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत को यूएई के संस्कृति और पर्यटन विभाग ने गोल्डन वीजा दिया है। रजनीकांत हाल ही में अबू धाबी गए थे, जहां उन्हें गोल्डन बीजा मिला। रजनीकांत ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर फैंस को दी है।



इसके साथ ही रजनीकांत ने अबू धाबी सरकार और लुलु ग्रुप के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर एमए यूसुफ अली को इसके लिए शुक्रिया भी कहा है।

# विमान में यात्रियों ने 62 सेकेंड तक झेली थी एयर टर्बुलेंस

सिंगापुर, एजेंसी

• म्यांमार के इर्रावड्डी डेल्टा क्षेत्र के ऊपर था टर्बुलेंस

सिंगापुर एयरलाइंस का विमान 21 मई को 62 सेकेंड तक एयर टर्बुलेंस में फंसा रहा था। विमान सिंगापुर से लंदन जा रहा था। इसी बीच जब विमान म्यांमार के इर्रावड्डी डेल्टा क्षेत्र के ऊपर था, इस दौरान वह टर्बुलेंस में फंस गया।

फ्लाइट रडार 24 के अनुसार, बोइंग 777-300ईआर 62 सेकेंड में दो बार ऊपर नीचे हुआ। सिंगापुर के समय के अनुसार, दोपहर 3.49 बजे विमान टर्बुलेंस में फंसा। विमान 37 हजार फीट पर उड़ रहा था और टर्बुलेंस में फंसते ही पहले 37400 फीट की ऊंचाई पर पहुंचा। इसके बाद तेजी से नीचे गिरा और 36,975 फीट की ऊंचाई पर पहुंच गया। पहले विमान 1664 फीट प्रति मिनट की दर या 507 मीटर प्रति मिनट की दर से ऊपर की तरफ गया। इसके छह सेकेंड बाद ही विमान 1536 फीट प्रति मिनट की दर से नीचे की तरफ आया। इसके तीन सेकेंड बाद ही विमान 900 फीट प्रति मिनट की दर से फिर से ऊपर की तरफ गया और फिर 1536 फीट प्रति मिनट की दर से नीचे आया था। इस दौरान अफरा-तफरी मच गई।

## लंदन में ईरान सरकार समर्थकों व विरोधियों के बीच झड़प

**लंदन।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत के खिलाफ ब्रिटेन की राजधानी लंदन में आयोजित एक कार्यक्रम में ईरान सरकार के समर्थकों और सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में चार व्यक्ति घायल हो गए, जबकि एक को गिरफ्तार कर लिया गया। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा कि शुक्रवार शाम को पश्चिमी लंदन के वेम्बली क्षेत्र में एक कार्यक्रम स्थल पर अव्यवस्था की सूचना पर बुलाया गया था। हेलीकॉप्टर दुर्घटना में रईसी की मौत को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था।

## कॉन्स महोत्सव



### पायल कपाड़िया की फिल्म को ग्रांड प्रिक्स पुरस्कार

**कान।** फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया की फिल्म ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट ने शनिवार को कॉन्स फिल्म महोत्सव में ग्रैंड प्रिक्स पुरस्कार जीता। महोत्सव के 77वें संस्करण के समापन समारोह के दौरान फिल्म को यह पुरस्कार मिला। यह पाल्मे डी ओर के बाद महोत्सव का दूसरा सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है। कपाड़िया की फिल्म बृहस्पतिवार रात को प्रदर्शित हुई और इसे अंतरराष्ट्रीय मीडिया में शानदार समीक्षा मिली है। यह 30 वर्षों में किसी भारतीय महिला निर्देशक द्वारा मुख्य प्रतियोगिता में प्रदर्शित होने वाली पहली भारतीय फिल्म है।

## खगोल विज्ञान


### आने वाले दिनों में सौर तूफानी खतरों के आसार बने हुए हैं

# इन खूबसूरत नजारों के पीछे छिपे हैं बड़े खतरे

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** भले ही सौर तूफान हमें मनमोहक सतरंगी नजारे दिखते हो, लेकिन इसके पीछे छिपे भयानक खतरों को कतई नजर अंदाज नही किया जा सकता है। आने वाले दिनों में सौर तूफानी खतरों के आसार बने हुए हैं।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाब उद्दीन के अनुसार इन दिनों सूर्य बेहद सक्रिय है और आये दिन भीषण विस्फोट इसकी सतह पर हो रहे हैं। जिस कारण भू चुम्बकीय तूफान निरंतर पृथ्वी के ध्रूवों से टकरा रहे हैं और इनसे रंग बिरंगे औरोरा का नजारा देखने को मिल रहा है। जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में सैलानी स्वीडन, नॉर्वे, अलास्का समेत अन्य ध्रुवीय क्षेत्रों में दुनिया भर से पहुच रहे हैं। मगर इनके पीछे छिपे खतरे बड़ा नुकसान पहुचा सकते हैं। जिनसे किसी भी बड़े हिस्से में बिजली ग्रिड नष्ट हो सकते हैं और हमारे उपग्रहों को नष्ट कर सकते हैं। अंतरिक्ष यात्रियों को यह विकिरण का खतरा पहुचा सकते हैं। हवाई सेवा में व्यवधान पहुचा सकते हैं। इतिहास में सौर तूफान का सबसे बड़ा नुकसान 1859 में दर्ज किया गया था। जिसे कैरिंगटन इवेंट के नाम से जाना जाता है। जिससे कनाडा के शहरों के विद्युत ग्रिड फेल हो गए थे और एक विशाल क्षेत्र कई दिन अंधकार में डूबा रहा। इसी तरह 2003 में स्वीडन में भारी क्षति पहुची थी। इसे हैलोवीन स्टॉर्म के नाम से जाना जाता है। इसने स्वीडन में ब्लैकआउट कर दिया और दक्षिण अफ्रीका में बिजली के बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचाया था। इधर लगातार उठ रहे सौर तूफानों को लेकर यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के अंतरिक्ष सुरक्षा जागरूक कार्यक्रम बनाया है, जबकि यूएस स्पेस वेदर प्रेडिक्शन सेंटर के माइक बेटवी का कहना है कि हम सौर तूफानों के अधिक भयावह संभावित प्रभावों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। ताकि भविष्य मे बिजली ग्रिड और उपग्रहों को नष्ट होने से रोकना और अंतरिक्ष यात्रियों को विकिरण से बचाना है। साथ ही लोगों को भूचुम्बकीय तूफानों के प्रति जागरूक करना है।



पृथ्वी से कई गुना बड़ा सन स्पॉट। • अमृत विचार

### फिर लौट आया है भयानक सन स्पॉट

डा वहाब ने बताया कि भयानक सन स्पॉट एनओएए 3663 फिर से लौट आया है। यह पृथ्वी से कई गुना बड़ा है और आने वाले दिनों में बड़े विस्फोट कर सकता है। सौर वैज्ञानिक इस पर नजर रखे हुए हैं। इसके साथ कई अन्य जटिल सनस्पॉट समूह भी हैं, उनमें से एक दक्षिण-पश्चिमी छोर पर है जो एम श्रेणी की चमक दे रहा है। मई की शुरुआत में इस सन स्पॉट से कई एक्स-क्लास की सौर ज्वालाएँ निकली थी।

## 16 की मौत के जिम्मेदार भारतीय चालक को निर्वासन का आदेश

**ओटावा।** कनाडा में 2018 की एक भीषण दुर्घटना में शामिल चालक को भारत निर्वासित किया जाएगा। इस दुर्घटना में जूनियर हॉकी टीम के 16 सदस्यों की मौत हो गयी थी। वर्ष 2014 में भारत से कनाडा पहुंचे जसकीरत सिंह सिद्धू अल्बर्टा प्रांत के कैलगरी शहर में रहते थे। सस्केचेवान प्रांत में टिस्डेल के पास एक ग्रामीण चौराहे पर सिद्धू रुकने के एक संकेतक को पार करके हम्बोल्ट ब्रोंकोस जूनियर हॉकी टीम की बस के रास्ते में आ गया।

सिद्धू को निर्वासित करने का फैसला शुक्रवार को कैलगरी में आव्रजन और शरणार्थी बोर्ड की सुनवाई के दौरान आया। उसने खतरनाक तरीके से ट्रक चलाने से संबंधित 16 बिंदुओं पर 2019 में अपनी गलती कबूल कर ली थी। उसे पिछले साल पूर्ण पैरोल दी गई थी। बोर्ड के आव्रजन विभाग की ओर से ट्रेंट कुक ने 15 मिनट की सुनवाई के दौरान सिद्धू से कहा कि वह मानवीय संबंधी पक्षों पर विचार नहीं कर सकते।

# चीन की ताइवान को धमकी मिलिट्री एक्शन जारी रहेगा

बीजिंग, एजेंसी

• कहा- जब तक ताइवान हमारा हिस्सा नहीं बनता, मिलिट्री एक्शन जारी रहेगा



ताइवान में नए राष्ट्रपति के शपथ लेने के 4 दिन बाद चीन ने ताइवान को जंग की धमकी दी है। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वू कियान ने कहा है कि जब तक ताइवान चीन का हिस्सा नहीं बन जाता, इलाके में मिलिट्री एक्शन जारी रहेगा।

दरअसल, चीन ने शुक्रवार को ही ताइवान के घेरकर चल रही अपनी 2 दिवसीय मिलिट्री ड्रिल पूरी की। इस युद्धाभ्यास में चीन की तीनों सेनाएं (थलसेना, वायुसेना, नौसेना) शामिल हुई थी। युद्धाभ्यास को ताइवान के लिए सजा के तौर पर शुरू किया गया था। ताइवान में इसी साल राष्ट्रपति पद के चुनाव हुए। इसमें चीन विरोधी नेता विलियम लाई चिंग ते को जीत हासिल हुई। चुनाव से पहले चीन ने चेतावनी दी थी कि अगर जनता ने सही विकल्प नहीं चुना तो उन्हें इसकी सजा दी जाएगी।

### दर्जनों जहाजों ने ताइवान पर कब्जे की प्रैक्टिस की

चीन की मिलिट्री ड्रिल को जॉइंट स्वॉर्ड-2024ए नाम दिया गया। इसके तहत चीन के करीब 111 एयरक्राफ्ट और नौसेना के दर्जनों जहाजों ने ताइवान पर कब्जे की प्रैक्टिस की थी। उन्होंने ताइवान के उन हिस्सों पर हमले की भी तैयारी की थी, जहां से ताइवान चीन को रोकने की कोशिश कर सकता है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने भी कहा था कि ताइवान में जो लोग आजादी चाहते हैं, उनके सिर कट जाएंगे।